डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते






आषाढ़ शुक्ल पक्ष 04, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 09 जुलाई 2024, वर्ष-30, अंक-261, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

**संसेक्स**
79,960.38 ↑ -36.22

**डॉलर**
83.477 ↑ 0.000

**पलामू सर्राफा**
10 ग्राम 72,900
01 किलो 93,550

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

# हेमंत सोरेन सरकार ने जीता विश्वास मत

## 76 में से 45 मत मिले, विपक्ष ने किया बहिष्कार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने सोमवार को विधानसभा के एकदिवसीय विशेष सत्र में हंगामे के बीच विश्वास मत हासिल कर लिया। मौजूदा विधानसभा में मौजूद 76 सदस्यों में से 45 ने सरकार के पक्ष में मतदान किया। विधानसभा के मौजूदा स्ट्रेंथ के हिसाब से बहुमत के लिए न्यूनतम 39 मतों की जरूरत थी। भाजपा और आजसू के विधायकों ने वोटिंग के दौरान सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए सदन का बहिष्कार किया। सीएम हेमंत सोरेन ने सुबह 11 बजकर 10 मिनट पर विश्वास प्रस्ताव पेश किया। इस पर वाद-विवाद के बाद अपराह्न 12 बजकर 20 मिनट पर वोटिंग कराई गई। हेमंत सोरेन ने विश्वास मत पर बहस का जवाब देते हुए कहा कि मेरे सदन में फिर से सीएम के रूप में आने से विपक्ष के पेट में दर्द हो रहा है। ये लोग जिस तरह का आचरण सदन में कर रहे हैं, उससे उनकी हताशा सामने आई है। चुनाव के बाद इनके आधे से ज्यादा विधायक दुबारा सदन में नहीं आएंगे। प्रस्ताव पर बहस के दौरान नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने सीएम हेमंत सोरेन और उनकी सरकार पर तीखे हमले किए। उन्होंने कहा कि यह दो महीने की सरकार घोटालों के साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से बनी है। नेता प्रतिपक्ष ने इसे ठगबंधन सरकार करार देते हुए कहा कि इसने राज्य की जनता, युवाओं, किसानों, छात्रों, आदिवासियों, दलितों को धोखा दिया है। अमर कुमार बाउरी ने कहा कि 2019 में हेमंत सोरेन ने सरकार बनाने के पहले युवाओं को प्रतिवर्ष पांच लाख नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन कुछ हजार नौकरियां भी नहीं दे पाईं।

**चौथा मौका, जब हेमंत ने बतौर सीएम विश्वास मत हासिल किया :** सबसे पहली बार 2013 में सीएम बनने के बाद वह फ्लोर टेस्ट में सफल हुए थे। दूसरी बार वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन की जीत के बाद सीएम बने थे और विधानसभा में विश्वास मत जीता था। तीसरी बार उन्होंने पत्थर खदान लीज विवाद में सरकार को राज्यपाल द्वारा बर्खास्त किए जाने की आशंका को देखते हुए 5 सितंबर, 2022 को एक दिन का विशेष सत्र बुलाकर विश्वास मत साबित किया था। ईडी ने हेमंत सोरेन को जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में इसी साल 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उन्होंने सीएम पद से इस्तीफा दे ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



## वे भूल जाते हैं कि हम झारखंडी हैं : सीएम हेमंत

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बहुमत साबित करने और मंत्रिमंडल के विस्तार के बाद सोमवार को लगातार दो ट्वीट किए। दोनों ट्वीट के जरिए उन्होंने भाजपा पर तंज कसा है। उन्होंने कहा है कि पिछले ढाई साल में जितनी शक्ति भाजपा ने चुनी हुई झारखंडी सरकार गिराने में लगायी है, अगर उतनी शक्ति इन्होंने झारखंड की भलाई में लगायी होती तो लोकसभा में इनकी संख्या में गिरावट नहीं आती।



भाजपा को लगता है कि वे एजेंसियों का दुरुपयोग कर, अपने धन बल एवं शातिराना चालों से जनता को जनमत को अन्य राज्यों की तरह खरीद ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**मुख्यमंत्री ने ये भी लिखा**

- अन्याय के विरुद्ध खड़े रहेंगे।
- लोकतंत्र की रक्षा करेंगे।
- भय और दमन से नहीं डरेंगे।
- न्याय और समानता के लिए लड़ेंगे।

## हेमंत ने 11 मंत्रियों के विभागों का किया बंटवारा

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने 11 मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया है। इसकी अधिसूचना भी सोमवार को जारी कर दी गई है। इस बंटवारे में मंत्री हफीजुल हसन का कद बढ़ा है। इन्हें चार-चार विभाग का दायित्व दिया गया है। वहीं स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को स्वास्थ्य के अतिरिक्त खाद्य आपूर्ति का भी जिम्मा दिया गया है। आलमगीर आलम के सारे विभाग इरफान अंसारी को दे दिया गया है।

**हेमंत सोरेन :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने पास कार्मिक, गृह (कारा सहित), पथ निर्माण, भवन निर्माण और मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (संसदीय कार्य सहित) अपने पास रखे हैं। उनके पास वे सभी विभाग रहेंगे, जो अन्य मंत्रियों को आवंटित नहीं किए गए हैं।

**चंपाई सोरेन :** जल संसाधन विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग

**डॉ. रामेश्वर उरांव :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. रामेश्वर उरांव को एक बार फिर वित्त मंत्री बनाया गया है। वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्य कर विभाग, संसदीय कार्य विभाग

**सत्यानंद भोक्ता :** राष्ट्रीय जनता दल के नेता सत्यानंद भोक्ता को एक बार फिर श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग का मंत्री बनाया गया है। उनको उद्योग विभाग का भी मंत्री बनाया गया है।

**बैद्यनाथ राम :** हेमंत सोरेन की सरकार में पहली बार मंत्री बने झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक बैद्यनाथ राम को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग का मंत्री बनाया गया। वह उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग भी देखेंगे।

**दीपक बिरुवा :** दीपक बिरुवा को अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण (अल्पसंख्यक कल्याण को छोड़कर) विभाग का मंत्री बनाया गया है। वह परिवहन विभाग के भी मंत्री बनाए गए हैं।

**बन्ना गुप्ता :** बन्ना गुप्ता को पहले की तरह स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग का मंत्री बनाया गया है। उनको खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले के विभाग की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**इरफान अंसारी :** झारखंड सरकार में पहली बार मंत्री बनने वाले कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी को ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग और पंचायती राज विभाग का मंत्री बनाया गया है।

**मिथिलेश ठाकुर :** गढ़वा के विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर को हेमंत सोरेन की सरकार में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का मंत्री बनाया गया है।

**हफीजुल हसन :** हफीजुल हसन को अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, निबंधन विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। वह नगर विकास एवं आवास विभाग के भी मंत्री होंगे।

**बेबी देवी :** झारखंड के दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी को हेमंत सोरेन की कैबिनेट में इस बार महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग का मंत्री बनाया गया है। पहले उन्हें उत्पाद विभाग का मंत्री बनाया गया था।

**दीपिका पांडेय :** पहली बार मंत्री बनी दीपिका पांडेय सिंह को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग दिया गया है।

## झारखंड में हेमंत कैबिनेट में चंपाई सोरेन सहित 11 मंत्रियों ने ली शपथ

**■ हेमंत के भाई बसंत और कांग्रेस के बादल ड्रॉप**

**रांची।** झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार ने विधानसभा में विश्वास मत हासिल करने के बाद कैबिनेट का विस्तार किया है। राजभवन में आयोजित एक समारोह में अपराह्न चार बजे राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने 11 मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। हेमंत सोरेन के लिए सीएम की कुर्सी छोड़ने वाले चंपाई सोरेन भी मंत्री बनाए गए हैं। वह पूर्व की हेमंत सोरेन कैबिनेट में भी शामिल थे। चंपाई सोरेन के अलावा जिन मंत्रियों को शपथ दिलाई गई है, उनमें कांग्रेस के डॉ. रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, इरफान अंसारी, दीपिका पांडेय सिंह, झामुमो के मिथिलेश ठाकुर, दीपक बिरुआ, वैद्यनाथ राम, हफीजुल हसन एवं बेबी देवी और राजद के सत्यानंद ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



## एक नजर

### गुमला में सर्पदंश से एक ही परिवार के तीन की मौत



**मृतकों में राजेश किसान, उसकी पत्नी सुनीता और भाई मनोज शामिल हैं।**

**गुमला।** झारखंड के गुमला जिला अंतर्गत पालकोट प्रखंड में सर्पदंश से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। रविवार रात सांप के डसने के बाद तीनों को हॉस्पिटल ले जाने के बदले गांव में झाड़-फूंक कराया जाता रहा। सुबह जब उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया तो तीनों की मौत हो गई थी। बताया गया कि लोटवा डुगडुगी गांव में रहने वाले परिवार के सभी लोग रविवार को रथयात्रा मेला में गए थे। वहां से लौटकर भोजन करने के बाद सभी लोग फर्श पर सो रहे थे। इसी दौरान जहरीले करैत सांप ने उन्हें डस लिया। मृतकों में राजेश किसान, उसकी पत्नी सुनीता और भाई मनोज शामिल हैं। परिवार के सदस्य भुवनेश्वर ने बताया कि रात का समय होने और अस्पताल तक पहुंचने के लिए साधन नहीं होने के कारण गांव में ही झाड़फूंक की गई। सुबह भी कोई वाहन गांव तक नहीं पहुंचा। ग्रामीणों ने तीनों को कंधे पर उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन तब तक तीनों की मौत हो चुकी थी।

## आज कल




## झारखंड एक राजनीतिक प्रयोगशाला बन कर रहा गया : चंपाई सोरेन

**रांची।** झारखंड विधानसबा के विशेष सत्र में सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड के बनने के बाद ऐसी-ऐसी राजनीतिक स्थिति उत्पन्न हुई कि राज्य एक राजनीतिक प्रयोगशाला बन कर रहा गया। इससे भी हमें आगे निकलना होगा। तभी इस राज्य की नयी दिशा और दशा बदलेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों सत्ता में रहे। लेकिन झारखंड के अलग राज्य बनने के बाद हालात क्यों खराब रहे। 2019 में पूर्ण बहुमत के साथ हमने सरकार बनाया। मगर इस सरकार पर एक के बाद एक संकट आते रहे। कभी



कोरोना तो कभी सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की गयी। उन्होंने कहा कि मैं भी पांच महीने के लिए मुख्यमंत्री बना। लोकसभा चुनाव के तीन महीने बीत गये हैं। चुनाव के बाद राजनीतिक स्थिति बदली। फिर हेमंत सोरेन आ रहे हैं। हम सब मिलकर फिर से काम करेंगे।

### महिला डॉक्टर ने की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस

**रांची।** रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र के बंधु नगर स्थित आवास पर एक महिला डॉक्टर ने खुदकुशी कर ली है। मृतक डॉक्टरका नाम इंदु भारती (35) है। बताया जा रहा है कि इंदु भारती ने रस्सी के सहारे अपने कमरे में खुदकुशी कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। थाना प्रभारी आनंद किशोर प्रसाद ने बताया कि खुदकुशी के कारणों का पता नहीं चल पाया है। फिलहाल पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## लातेहार में हथियार के साथ दो नक्सली गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए जेजेएमपी के दो नक्सलियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार नक्सलियों के पास से पुलिस ने चार देसी बंदूक और एक जिंदा गोली भी बरामद की है। गिरफ्तार नक्सलियों में लातेहार जिले के गारू थाना क्षेत्र अंतर्गत पतरातू गांव निवासी अब्दुल कादरी और बालूमाथ थाना क्षेत्र निवासी राहुल यादव शामिल है। सोमवार को प्रेस वार्ता करते हुए लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ नक्सली गारू थाना क्षेत्र के पतरातू जंगल में किसी घटना को अंजाम देने के लिए इकट्ठा हो रहे हैं। इस सूचना के बाद महुआडांड़ डीएसपी हिमांशु चंद्र मांझी के निर्देशन में थाना प्रभारी सोनू कुमार ने एक टीम बनाकर छापामारी की। पुलिस को देखकर नक्सली घटनास्थल से भागने लगे। इनमें दो नक्सलियों को पुलिस ने पकड़ लिया ।जबकि अन्य नक्सली जंगल का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। गिरफ्तार नक्सलियों कि निशानदेही पर पुलिस ने छापामारी कर चार बंदूक और एक जिंदा गोली भी बरामद किया। एसपी ने बताया कि पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार नक्सलियों से जो सूचना मिली उसके अनुसार जेजेएमपी नक्सली संगठन में ये लोग नए-नए शामिल हुए थे। गिरफ्तार नक्सलियों ने पुलिस को कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी है। जिसके आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई की योजना भी बना रही है।



## इंडिया

# शहरों के आसपास अनियंत्रित विकास है खतरनाक



सुनील बादल

झारखंड भी तेज शहरीकरण का शिकार है जिसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। सुनने में ये अच्छा लगता है कि शहर का विकास हो रहा है पर वस्तुतः शहरी सीमा से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में बिना किसी मापदंड के संकरी गलियों वाली बेतरतीब कॉलोनियां भविष्य के लिए बहुत बड़ी समस्या खड़ी कर सकते हैं क्योंकि न आग बुझाने वाली गाड़ी के लिए जगह छोड़ी जा रही है और न नालियों के लिए जिससे कुछ वर्षों बाद वहां रहने वाले लोग आपस में ही उलझ जाएंगे। कुछ समय पूर्व स्विट्जरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच का सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें यह बात उभर कर सामने आई कि शहरों के विकास को ही भारत के विकास की धुरी माना जा रहा है। यह सही भी है क्योंकि किसी भी आधुनिक और विकासशील अर्थव्यवस्था में शहरों को विकास का सबसे बड़ा वाहक माना जाता है। भारत में नवीन भारत की पहल के विचार को आगे बढ़ाने की कड़ी में शहरी बुनियादी ढाँचों में सुधार के समग्र दृष्टिकोण को अपनाये जाने की अपेक्षा है। वैश्वीकरण के उपरांत शहरी विकास की अवधारणा समावेशी विकास की एक अनिवार्य शर्त बन गई है। शहरी विकास की इस प्रक्रिया ने गाँवों के सामने अस्तित्व का संकट उत्पन्न कर दिया है। शहरों का अनियोजित विकास, महानगरों का असुरक्षित परिवेश, पर्यावरण की समस्या, बढ़ता प्रदूषण, जल का अभाव एवं शहरी संस्कृति में बढ़ते जा रहे संबंधमूलक तनाव हमें यह सोचने पर विवश करते हैं कि शहरी विकास की अवधारणा पर एक बार फिर से विचार किया जाना चाहिये। विभिन्न प्रकार के प्रदूषण उत्पन्न करने में गाँवों की तुलना में शहरों की भूमिका अधिक है, तो क्या यह कहा जा सकता है कि विकास और प्रदूषण का एक-दूसरे के साथ सकारात्मक संबंध है? बेहतर रोजगार, आधुनिक जनसुविधाएं और उज्ज्वल भविष्य की लालसा में अपने पुश्तैनी घर-बार छोड़कर शहर की चकाचौंध की ओर पलायन करने की बढ़ती प्रवृत्ति का परिणाम



है कि देश में एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की संख्या लगभग 350 हो गई है जबकि 1971 में ऐसे शहर मात्र 151 थे। यही हाल दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों का है।भारत में बढ़ता शहरीकरण भले ही विकास का आधार हो, लेकिन इसने अनेक समस्याओं को भी जन्म दिया है। बढ़ता शहरीकरण केवल भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के लिये एक बड़ी चुनौती बन रहा है। वर्तमान में दुनिया की कुल आबादी में से 56 फीसदी आबादी शहरों में रहने लगी है। गांवों से शहरों की ओर पलायन हो रहा है। यह प्रवृत्ति जारी रही तो 2050 तक शहरी आबादी अपने वर्तमान आकार से दोगुनी से भी अधिक हो जाएगी। भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनाने एवं नया भारत-विकसित भारत बनाने के लिये शहरीकरण पर बल दिया जा रहा है। एक विडंबनापूर्ण सोच देश के विकास के साथ जुड़ गयी है कि जैसे-जैसे देश विकसित होता जायेगा वैसे-वैसे गांव की संरचना टूटती जायेगी। निश्चित ही जब भी शहरों में कोई नई कॉलोनी विकसित होती है तो हमें यह स्वीकारना ही होगा कि किसी न किसी गांव की कुबार्नी हुई है। एक और विडम्बना एवं त्रासदी है कि जिन्हें शहर कहा जा रहा है वहां अपने संसाधना से वंचित लोगों की बेतरतीब, बेचैन और विस्थापित भीड़ ही होगी। शहरीकरण को विकास का पैमाना माना जाता है। शहरों में गांवों की तुलना में अधिक साधन, सुविधाएं, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा दूसरे शब्दों में आधारभूत सुविधाएं अधिक होती हैं। यह भी सच है कि ये सुविधाएं सभी को नसीब भी नहीं होतीं। रोजगार के लिए गांवों से शहरों में आने वाले बहुत सारे लोगों को कच्ची बस्तियों, चालों या एक से दो कमरें के मकानों में किराए पर रहने को बाध्य होना पड़ता है। शहरों में बुनियादी सुविधाओं के बावजूद सामाजिक और पर्यावरणीय क्षेत्र पर खासा नकारात्मक प्रभाव देखा जा सकता है। शहरों में रहना दूभर ही होता जा रहा है। अगर हमें पूरी समस्या से लड़ना है, तो राजधानी क्षेत्र सहित गांव के स्तर पर और साथ ही पूरे देश के स्तर पर अपनी कई आदतों को बदलना होगा, विकास के तथाकथित मॉडल पर गंभीर चिन्तन करना होगा। दल शहर में रहने वाले समृद्ध लोग अपनी शक्ति और संपन्नता के प्रदर्शन के लिये यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं और इससे बड़ी संख्या में सड़क हादसे होते हैं।शहर के लिए सड़क चाहिए, बिजली चाहिए, जल चाहिए, मकान चाहिए और दफ्तर चाहिए। इन सबके लिए या तो खेत होम हो रहे हैं या फिर जंगल। जंगल को हजम करने की चाल में पेड़, जंगली जानवर, पारंपरिक जल स्रोत सभी कुछ नष्ट हो रहा है। यह वह नुकसान है जिसका हजार्ना संभव नहीं है और यही वायु प्रदूषण का बड़ा कारण है।

## मॉस्को पहुंचे पीएम मोदी, भारत-रूस शिखर सम्मेलन में लेंगे हिस्सा

**मॉस्को।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार दोपहर मॉस्को पहुंच गए। अभी से वो रूस की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। 2019 के बाद से यह उनकी पहली रूस यात्रा है और 2015 के बाद से यह उनकी पहली मॉस्को यात्रा है। नई दिल्ली से रवाना होने से पहले अपने बयान में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैं अपने मित्र राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा करने और विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर दृष्टिकोण साझा करने के लिए तैयार हूं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत और रूस के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी पिछले 10 वर्षों में आगे बढ़ी है, जिसमें ऊर्जा, सुरक्षा, व्यापार, निवेश, स्वास्थ्य, शिक्षा, संस्कृति, पर्यटन और लोगों के बीच आदान-प्रदान शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछली बार सितंबर 2019 में व्लादिवोस्तोक में 5वें पूर्वी आर्थिक शिखर सम्मेलन के इतर आयोजित 20वें भारत-रूस द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन के लिए रूस का दौरा किया था। उस समय वो मुख्य अतिथि थे। मॉस्को की यात्रा समाप्त करने के बाद पीएम मोदी मंगलवार को ऑस्ट्रिया की यात्रा करेंगे जो 41 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की इस देश की पहली यात्रा होगी। साल 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



# एसडीएम ने दंगवार राजकीयकृत माध्यमिक विद्यालय का किया औचक निरीक्षण, बच्चों की ली क्लास



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद एसडीओ पियूष सिन्हा ने लगातार विद्यालयों का निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने सोमवार को राजकीयकृत माध्यमिक विद्यालय दंगवार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीओ ने सर्वप्रथम शिक्षकों का हाजिरी रजिस्टर का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय में बनें मध्यहन भोजन की गुणवत्ता देखा। भोजन बनाने में साफ-सफाई व गुणवत्ता का पूरा याल रखने का निर्देश प्रधानाध्यापक प्रवेश राम को दिया। एसडीओ ने क्लास रूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों की क्लास ली व उनसे सवाल भी पूछे। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा। साथ ही उन्होंने कहा कि ईमानदारी के साथ पढ़ाई कर एक अच्छा इंसान बनोगे तो क्षेत्र व राज्य का नाम रौशन होगा। उन्होंने प्रधानाध्यापक व शिक्षकों को ईमानदारी के साथ अपना काम करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि उनके विद्यालय के बच्चे राज्य व देश में बेहतर करेंगे तो उनका भी नाम होगा। उन्होंने प्रधानाध्यापक व शिक्षकों को अनुशासन व ईमानदारी के साथ अपना काम करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि उनके विद्यालय के बच्चे राज्य व देश में बेहतर करेंगे तो उनका भी नाम होगा। आगे उन्होंने हुसैनाबाद सीओ और थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि विद्यालय के आसपास में लगे पान, गुटखा मसाला के गुमटियों को हटाया जाए।

# कार व बाइक की टक्कर में दो बाइक सवार गंभीर



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** जपला मोहम्मदगंज मुख्य पथ पर सोनबरसा पेट्रोल पंप के पास रविवार की रात 8.30 बजे तेज गति से चल रही ब्रेजा कार ने दो बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया। कार बाइक की टक्कर में दोनों बाइक सवार गंभीर रुप से घायल हो गये। घायलों की पहचान गजरही गांव निवासी 32 वर्षीय रोहित कुमार, झरी गांव निवासी 30 वर्षीय कृष्णा विश्वकर्मा के रुप में हुई है। ग्रामीणों ने तुरंत 108 एंबुलेंस बुलाकर दोनों घायलों को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भर्ती कराया। दुर्घटना में कार के दाई तरफ हेड लाइट सहित बॉडी भी क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके बाद ग्रामीणों की जुटती भीड़ को देख कार छोड़ भाग रहा कार के चालक को स्थानीय ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है। ग्रामीणों के अनुसार कार में कुल पांच लोग सवार थे। चालक को छोड़ अन्य सवार घटनास्थल से भागने में सफल रहे।

## न्यूज बॉक्स

### प्लस टू हाई स्कूल में बाल संसद का गठन




**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड के वरदाग अवस्थित प्रोजेक्ट धनमानी प्लस टू उच्च विद्यालय में सोमवार को विद्यालय के बच्चों के बीच वोटिंग द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बाल संसद का गठन किया गया। इस बाबत जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक रवि कुमार यादव ने कहा कि बाल संसद विद्यालय के बच्चों का एक मंच है। जहां वे अपने विद्यालय, समाज, परिवार, स्वास्थ्य शिक्षा और अपने अधिकारों की बात खुलकर करते है। वहीं अंग्रेजी विषय के पीजीटी शिक्षक सत्येंद्र शर्मा ने कहा कि बाल संसद के पुनर्गठन से बच्चों में नेतृत्व क्षमता का विकास होगा। इससे पहले इको क्लब का पहले ही गठन कर लिया गया है। इस मौके पर प्रधानाध्यापक रवि यादव, शिक्षक सत्येंद्र शर्मा, अजय कुमार, कुंदन कुमार, अजीत कुमार, राकेश कुमार, रंजन, यश आर्या, ज्योति रानी, ललन राम सहित बड़ी संख्या में छात्र व छात्राएं शामिल थे।

### भाजपा नेता को पत्नी शोक, दाह संस्कार में सांसद सहित कई लोग हुए शामिल

**विश्रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरीय नेता सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे की धर्मपत्नी भानुमती देवी (77) का निधन रविवार देर शाम को हो गया। वे पिछले कुछ माह से बीमार चल रही थी। अंतिम सांस उन्होंने केतात गांव स्थित अपने आवास पर ली। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। सोमवार को उनका दाह संस्कार गांव के ही शमशान घाट पर किया गया। मुखाग्नि टिकैत चौबे ने दी। दाह संस्कार में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी, वरीय समाजसेवी सह राजनेता अभिमन्यु सिंह, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, सोनू दुबे, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, राहुल दुबे, अखिलेश गुप्ता, रंजित ठाकुर सहित काफी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। इधर उनके निधन पर पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, वरीय भाजपा नेता अरविंद सिंह, अलखनाथ पांडेय, अजय दुबे, धर्मदेव सिंह यादव, विभकर नारायण पांडेय, सी एस दुबे, सतिश्वर प्रसाद सिंह, कुश कुमार ओझा, सुनील पांडेय, आलोक शुक्ला, जिला पार्षद विजय रविदास सहित कई लोगों ने दुःख व्यक्त किया है।

### शैक्षणिक संस्थानों के नजदीक शराब बिक्री बंद हो



**हैदरनगर।** क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थानों के आसपास शराब की बिक्री व शराबियों का जमावड़ा समूल समाप्त करने की मांग अदनान खान, शाहनवाज खान सहित अन्य समाजसेवियों ने की है। उन्होंने छात्र-छात्राओं के बीच शांतिपूर्ण माहौल में पठन-पाठन कार्य सुचारू रखने के लिए इस पर पहल करने का आग्रह एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो को ज्ञापन सौंप कर किया है। उन्होंने कहा है कि हैदरनगर बालिका उच्च विद्यालय और इससे सटे ही अन्य शैक्षणिक संस्थानों के आसपास मुख्य पथ पर भी शराब की अवैध रूप से बिक्री व शराबियों का प्रतिदिन जमावड़ा लगा रहता है। इस पर छात्रहित में प्रतिबंध लगाने के साथ शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में किसी भी शराब के क्रय विक्रय पर सख्त रोक लगना चाहिए। उम्मीद करते हैं जल्द इस पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। ताकि शैक्षणिक संस्थानों के आसपास शांति और सुरक्षित वातावरण स्थापित हो सके। साथ ही छात्र-छात्राएं निर्भय होकर पढ़ाई कर सके। एसडीपीओ ने इनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# जल जमाव की सूचना पर कार्यपालक पदाधिकारी ने किया वार्डों का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत के वार्ड दो व तीन से जल जमाव की सूचना मिलने के बाद नगर पंचायत हुसैनाबाद के कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने वार्ड दो व तीन का निरीक्षण किया। उसका शीघ्र समाधान करने के लिए जेई को निर्देश दिया है। मालूम हो कि रविवार को हुई मुसलाधार बारिश से शहर के बाजार समेत अन्य मोहल्लों में नाली का पानी सड़कों पर बह रहा था। लोगों के घरों व दुकानों में भी पानी घुस गया। कई सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया था। वहीं समाचार पत्रों में छपी खबर के बाद उन्होंने वस्तु स्थिति से अवगत हुए उक्त सड़कों पर जल जमाव पर नाराजगी जताई है। उन्होंने जल निकासी की व्यवस्था व गड्ढे को तत्काल भरने का निर्देश दिया है। जिससे लोगों को आवागमन में कोई परेशानी न हो। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि वे सभी समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। मौके पर उमेन्द्र ठाकुर, विकास कुमार के अलावा कई कर्मी मौजूद थे।

**विधायक ने प्रखंड परिसर में पुस्तकालय भवन का किया ऑनलाइन शिलान्यास**

# प्रखंड कार्यालय आने वाले लोगों को भी मिलेगा लाइब्रेरी का लाभ : कमलेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हुसैनाबाद प्रखंड परिसर में सोमवार को पुस्तकालय भवन का ऑनलाइन शिलान्यास किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने विधायक कमलेश कुमार सिंह से उपस्थित लोगों का ऑनलाइन परिचय भी कराया। ऑनलाइन संबोधन में विधायक ने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज को हर क्षेत्र में प्रगति के पथ पर अग्रसर करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रखंड कार्यालय आने वाले लोग को इधर-उधर भटकना पड़ता है। उन्हें बैठने का स्थान भी मिल जायेगा और किताबों के पढ़ने का मौका भी मिल जायेगा। विधायक ने कहा कि हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। आने वाले वर्ष में हुसैनाबाद का तेजी से विकास होगा। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि भवन निर्माण विभाग से बनने वाले पुस्तकालय में सारी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। साथ ही सभी धर्मो के अलावा अच्छे लेखकों की पुस्तकें मुहैया कराई जाएगी। समाचार पत्रों की भी व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रयास है कि प्रत्येक प्रखंड ने पुस्तकालय का निर्माण हो। इसके लिए सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है। इस मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, उर्फ गुड्डु सिंह, उपाध्यक्ष जिशान हसन, हंसराज सिंह, रविंद्र कांस्यकर, अभिषेक सिंह हरी, पंकज सिंह, विजय राजवंशी, रविन्द्र यादव, वीरेंद्र राजवंशी, बीटू बाबा, नवल सिंह, मनीष सिंह के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### जैक मैट्रिक व इंटर की संपूरक परीक्षा आज से, तैयारी पूरी

**मैट्रिक व इंटर की संपूरक परीक्षा में 2759 परीक्षार्थी होंगे शामिल**

**मेदिनीनगर।** झारखंड अधिविद्य परिषद् की मैट्रिक और इंटर की संपूरक परीक्षा -नौ जुलाई से पांच केंद्रों पर प्रारंभ होगी। शिक्षा विभाग की ओर से परीक्षा कदचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण कराने की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा ने सभी केंद्राधीक्षकों को केंद्रों पर बिजली, पानी आदि की समुचित व्यवस्था कर लेने का निर्देश दिया, ताकि परीक्षार्थियों को किसी तरह की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। डीईओ ने सभी केंद्राधीक्षकों को कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन कराने का भी निर्देश दिया है। मैट्रिक व इंटर की संपूरक परीक्षा में 2759 परीक्षार्थी शामिल होंगे। मैट्रिक संपूरक परीक्षा के दो परीक्षा केंद्र बनाये गए हैं, जबकि इंटर के लिए तीन परीक्षा केंद्र निर्धारित किया गया है। मैट्रिक की संपूरक परीक्षा में जिले में सात सौ परीक्षार्थी शामिल होंगे। जबकि इंटर में 1566 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इंटर कला में 472 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जबकि कॉमर्स में 21 और साइंस में सर्वाधिक 1566 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा दोनों पालियों में आयोजित होगी। नौ जुलाई से परीक्षा प्रारंभ होगी,जो 16 जुलाई तक चलेगी। डीइओ ने परीक्षार्थियों को परीक्षा हॉल के अंदर नकल करने की कोई भी सामग्री नहीं ले जाने का हिदायत दिया है। उन्होंने कहा कि जो परीक्षार्थी नकल करते पकड़े जाएगें, उन्हें परीक्षा से निष्कासित कर दिया जाएगा।

# विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने की बैठक, तैयारी में लगने का निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जपला छठपोखरा स्थित तिवारी कॉप्लेक्स के कांग्रेस कार्यालय में विधान सभा चुनाव को लेकर प्रखंड पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्ष सहित कांग्रेस कोर कमेटी की बैठक हुई। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष ललू सिंह ने की। संचालन शंभू सिंह ने किया। बैठक में कांग्रेसी नेताओं द्वारा झारखंड सरकार द्वारा जनता के लोक कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा की गई। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सभी कांग्रेसियों को चुनावी रणनीति में बढ़चढ़ कर भागने लेने का निर्देश दिया गया। आपस में एकता का परिचय देते हुए गोल बंद होकर आगे बढ़ने की जरूरत पर बल दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सत्यनारायण सिंह, प्रदेश के सचिव धनंजय कुमार तिवारी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के मेहताब सिद्दीकी, पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अवधबिहारी सिंह, नवल किशोर पाठक, मसरूर अहमद, मोहम्मद रिजवान, शैलेश सिंह, रघुराई यादव, हुसैनाबाद, हैदरनगर और मोहम्मदगंज के प्रखंड अध्यक्ष क्रमशः लल्लू सिंह, गुप्तेश्वर पांडेय, नदीम खान के अलावा विजय सिंह, अंबिका सिंह, रामसुंदर राम, याशिर अराफात रामजी सिंह, अखिलेश प्रसाद द्विवेदी, प्रवीण तिवारी, प्रेम शंकर ओझा,आशुतोष तिवारी, धर्मेंद्र तिवारी, यासीन अंसारी, बंसी विश्वकर्मा, यदुनंदन पासवान के अलावा प्रदेश एवं जिला के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के पथरा ओपी पुलिस ने जगदीशपुर गांव के समीप सोमवार को दो अवैध रूप से बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया है। हरिहरगंज पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि सूचना मिली की दो ट्रैक्टर पर बटाने नदी से अवैध बालू निकाल कर ले जाया जा रहा है। सूचना के सत्यापन पर तत्काल कार्रवाई का निर्देश पथरा ओपी प्रभारी को दी गयी। पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार ने कार्रवाई करते हुए जगदीशपुर गांव समीप से महिंद्रा ट्रैक्टर व मैसी फर्ग्यूसन ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है। मौके पर ट्रैक्टर चालक पुलिस को देखकर फरार हो गया। पुलिस बालू लदा वाहन को पथरा ओपी ले आई है। जब्त ट्रैक्टर पर कार्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी को प्रतिवेदन भेजा गया है। इस अभियान में पुलिस के कई जवान शामिल थे।

**समारोह** | **जीसीपीए कॉलेज के संस्थापक सचिव के जन्मदिवस पर प्रतिमा का अनावरण**

# शिक्षकों के बहुमूल्य आलेखों ने इस पुस्तक को और भी समृद्ध बनाया है : प्रो. अखिलेश

**नवीन मेल संवाददाता**



**छतरपुर।** जिले के छतरपुर अनुमंडल के सड़मा में संचालित गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में सोमवार को एक विशेष समारोह का आयोजन कॉलेज के सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल, मुख्य अतिथि इन्दर सिंह नामधारी, प्रभारी प्राचार्य प्रो. राजकिशोर लाल ने संयुक्त रूप से दीप जला कर किया। कॉलेज के संस्थापक सचिव स्मृति शेष सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल के जन्मदिवस के अवसर पर उनकी प्रतिमा का अनावरण इन्दर सिंह नामधारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल के प्रतिमा का अनावरण कर संस्थापक सचिव अग्रवाल के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा संस्थापक सचिव सत्यदेव प्रसाद ने शिक्षा के क्षेत्र में जो योगदान दिया है, वह अतुलनीय है। उनकी दूरदर्शिता, समर्पण ने इस कॉलेज को उन्नति के पथ पर अग्रसर किया है। प्रेम प्रकाश भसीन, सौमित्रो भट्टाचार्य, संतोष कुमार, उनकी बड़ी बेटी रितु अग्रवाल ने अग्रवाल की जीवनी पर चर्चा की। विद्यार्थियों ने भी इस अवसर पर स्वागत गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के संस्थापक सचिव सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल के संरक्षण में व नवीन कुमार सहाय के संपादकीय सहयोग से समाजशास्त्र विभाग के राजमोहन के योगदान व अन्य प्रबुद्ध शिक्षकों के आलेखों के संग्रहण से तैयार की गई पुस्तक 'कोरोना महामारी और सामाजिक संबंध स्वरूप एवं समीक्षा' का लोकार्पण किया गया। संचालन कर रहे प्रो. अखिलेश कुमार सिंह ने इस पुस्तक में विभिन्न शिक्षाविदों के आलेख पर संक्षिप्त परिचय दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के बहुमूल्य आलेखों ने इस पुस्तक को और भी समृद्ध बनाया है। पुस्तक के माध्यम से यह समझ सकते हैं कि महामारी ने किस प्रकार हमारे सामाजिक ताने-बाने को प्रभावित किया है। इन परिस्थितियों में सामाजिक संबंधों का पुनर्मूल्यांकन किस प्रकार किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर स्व अग्रवाल की स्मृतियों को ताजा किया। अंत में प्रभारी प्राचार्य प्रो. राजकिशोर लाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक प्रतिनिधि सह अर्थशास्त्र के प्रो. अखिलेश कुमार सिंह ने किया। इस दौरान कॉलेज के सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी, विद्यार्थी, अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी भाग लिया।

### रोस्टर में सुधार कर चौकीदारों की नियुक्ति करने की मांग

**पलामू में 155 चौकीदार की नियुक्ति के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया गया है**

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष उदय राम ने उपायुक्त को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में रोस्टर में सुधार कर चौकीदारों की नियुक्ति कराने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि पलामू में 155 चौकीदार की नियुक्ति के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। इसमें अनुसूचित जाति की रिक्तियां शून्य कर दिया गया है। आरक्षण रोस्टर बनाने में भरी गड़बड़ी की गई है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति के रिक्तियां शून्य कर देने से बेरोजगारों में काफी आक्रोश है। यह जिला अनुसूचित जाति बाहुल है। यहां 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। अनुसूचित जाति का हक अधिकार हनन करने का किसी को अधिकार नहीं है। सांसद को भी इसमें संज्ञान लेना चाहिए कि आरक्षण रोस्टर का किसी भी परिस्थिति में हनन नहीं होना चाहिए। नहीं तो बेरोजगार आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# दो बच्चों के साथ कुआं में कूदी महिला व एक बच्चा की मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** थाना क्षेत्र छतरपुर अंतर्गत के खोढ़ी पंचायत निवासी करीमन भुइया की पत्नी सजंती देवी (28) ने अपने दो बच्चों के साथ कुआं में कूद कर जान दे दी। जिसमे मृतिका के एक डेढ़ साल का बच्चा की भी मौत हो गई। इस दौरान करीमन का तीन वर्षीय पुत्री पूनम को ग्रामीणों ने किसी तरह बचाने में सफल रहे। इस संबंध में करीमन भुइया ने बताया कि वे अपनी पत्नी के साथ नावा बाजार के लिए कुछ खरीदारी करने निकले थे। साथ में पत्नी व उनके दोनों बच्चे भी थे। रास्ते मे दोनों के बीच करियाही पहाड़ी के पास कुछ नोंक-झोंक हुआ। इसी बीच करीमन आगे बढ़ गया। जिससे नाराज पत्नी ने दोनों बच्चों के साथ कुएं में कूद गई। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने जब उसे कूदते देखा तो किसी तरह बचाने की कोशिश की। तबतक उसकी पत्नी व एक बच्चे की मौत हो गई। वहीं ग्रामीणों के सहयोग से एक बच्ची को बचा लिया गया। वहीं ग्रामीणों की माने तो दोनों पति-पत्नी के बीच करीमन के शराब पीने को लेकर हमेशा झगड़ा हुआ करता था। जिससे घर में कलह का माहौल रहता था। मामले की सूचना के बाद छतरपुर पुलिस घटनास्थल पहुंचकर घटना की छान बिन में जुट गई। तथा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर भेज दिया।




## एक नजर

### छत से गिरकर युवक घायल

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना अंतर्गत बेड़मा गांव निवासी 35 वर्षीय अवधेश भुइयां रविवार को अपने नवनिर्मित मकान में छत पर पानी पटाने के क्रम में छत से नीचे गिर गए। गिरने के दौरान छड़ उनके माथा के आर पार हो गया। अवधेश के परिजन पहले चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एमएमसीएच रेफर कर दिया गया।

### राजद की बैठक में लिए गए निर्णय

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला राजद अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में सोमवार को आयोजित बैठक कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव में बूथ कमेटी में सक्रिय कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष ने कहा कि अभी से सभी प्रखंड अध्यक्ष बूथ कमेटी मजबूत करने के लिए लग जायें।

### जिला स्तरीय संपूर्णता अभियान का शुभारंभ

# 30 सितंबर तक चलेगा अभियान



◀◀ भारत सरकार ने 2018 में आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत पलामू समेत देश के 112 जिलों को शामिल किया था

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय संपूर्णता अभियान का शुभारंभ सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति हॉल में नीति आयोग के अध्यक्ष हिमांशु जोशी, उपायुक्त शशि रंजन, उपविकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का उदघाटन किया। बता दें कि भारत सरकार ने 2018 में आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत देश के 112 जिलों को शामिल किया था। इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम का उद्घाटन जनवरी 2023 में किया गया। जिसमें देश के 500 प्रखंडों को शामिल किया गया। इनमें पलामू के हरिहरगंज प्रखंड का चयन किया गया है। दोनों कार्यक्रम आम नागरिकों की बेहतर जीवन शैली व अत्यंत पिछड़े क्षेत्रों में सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने पर केंद्रित है।

**तीन महीने तक मिशन मोड में काम करें: निदेशक**

नीति आयोग के निदेशक हिमांशु जोशी ने कहा कि आगामी तीन महीनों तक मिशन मोड में कार्य करने की बात कही। उन्होंने सभी से हेल्थ एंड न्यूट्रिशन,एग्रीकल्चर एंड एजुकेशन समेत विभिन्न छह बिंदुओ पर योजनाओं का क्रियान्वयन करते हुए शत-प्रतिशत सैचुरेशन करने पर बल दिया। कार्यक्रम में जिला व ब्लॉक को समर्थ व समृद्ध बनाने को लेकर सभी को शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में जिला योजना पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, शिक्षा पदाधिकारी,समेत बड़ी संख्या में एसएचजी की महिलायें,एएनएम समेत अन्य उपस्थित रहे।

### पिछड़े क्षेत्रों में पहुंचाना उद्देश्य : उपायुक्त

कार्यक्रम में उपायुक्त शशि रंजन ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत अगले तीन माह में संपूर्णता अभियान के तहत छह इंडिकेटरों पर आधारित लक्ष्य को प्राप्त करना ही यह अभियान का एकमात्र उद्देश्य है। तीन माह में इस कार्यक्रम के जरिए आम नागरिकों की बेहतर जीवन शैली तथा अत्यंत पिछड़े क्षेत्रों में सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने को लेकर यह संपूर्णता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने में सबका सहयोग अपेक्षित है। जो पदाधिकारी या कर्मचारी ग्राउंड लेवल पर काम करते हैं उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। समाज कल्याण विभाग अंतर्गत अनुपूरक पोषण,स्वास्थ्य विभाग के तहत नियमित टीकाकरण पर विशेष रूप से कार्य करने पर बल दिया। कार्य में एएनएम की सक्रियता अति महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सभी इंडिकेटरों पर बढ़िया से कार्य होता है तो देश के जीडीपी में भी बेहतर परिणाम देखने को मिलेगा।

## केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने अनुज्ञप्ति पदाधिकारी का स्वागत



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के नव नियुक्त अनुज्ञप्ति पदाधिकारी प्रतिभा झा सोमवार को केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन व दवा व्यवसाइयों ने स्वागत किया। दवा व्यवसाइयों ने उनके मार्गदर्शन में व्यवसाय में बढ़ोतरी होने की उम्मीद जतायी। मौके पर गढ़वा, लातेहार जिले के अनुज्ञप्ति पदाधिकारी आलोक कुमार के साथ पलामू जिला औषधि निरीक्षक जोन एक के चंदन कश्यप ने आश्वस्त किया कि पदाधिकारियों का सहयोग निरंतर मिलता रहेगा। मौके पर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष रमेश कुमार शुक्ल, सचिव अमिताभ मिश्रा, संरक्षक सतीश तिवारी, कोषाध्यक्ष विपुल भूषण,संगठन सचिव गौरी शंकर मिश्रा,अरविंद अग्रवाल, जितेंद्र कुमार,संजय अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, संतोष गुप्ता,पवन कुमार, प्रिन्स सबरे, सुरेंद्र अग्रवाल थे।

### मोहर्रम को लेकर सदर थाना में शांति समिति की बैठक

# असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटेगी पुलिस : उत्तम राय



बैठक में सदर थाना प्रभारी ने कहा कि मोहर्रम के सप्तमी से पहलाम तक पुलिस गश्ती क्षेत्र में किया जाये। मोहर्रम त्योहार में शांति समिति के सदस्यों ने शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग की। सोशल मीडिया व व्हाटसएप पर अफवाह फैलाने वाला मैसेज वायरल करने वालों पर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही गई।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर थाना परिसर में सोमवार को मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मोहर्रम पर्व आपसी सौहार्द व शांतिपूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय लिया गया। लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं से पदाधिकारियों को अवगत कराया। मोहर्रम को लेकर जुलूस जाने वाले रास्ता की सफाई कराने की बात कही गई। बैठक में सदर थाना प्रभारी ने कहा कि मोहर्रम के सप्तमी से पहलाम तक पुलिस गश्ती क्षेत्र में किया जाये। मोहर्रम त्योहार में शांति समिति के सदस्यों ने शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग की। सोशल मीडिया व व्हाटसएप पर अफवाह फैलाने वाला मैसेज वायरल करने वालों पर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही गई। इस दौरान असमाजिक तत्वों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश राम ने कहा कि पर्व के दौरान सोशल मीडिया व व्हाटसएप पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। पर्व शांति के साथ मनायें। पुलिस हर संभव साथ रहेगी। किसी भी तरह की सूचना पुलिस को दें ताकि कार्रवाई की जा सके। शांति भंग करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। उन्होंने कहा कि सदर क्षेत्र में दोनों समुदाय एक दूसरे के पर्व को मिलजुल कर मनातें है। आपसी भाईचारा को बरकरार रखते हुए मुहर्रम मनायें। पुलिस सहायता को तैयार है। मौके पर सदर थाना के सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश राम, एससी एसटी प्रभारी नारायण सोरेन, एसआई अंजन सिंह, एएसआई योगेंद्र राम, एएसआई राकेश कुमार, एएसआई आनंद सिंह, मोहर्रम कमेटी के खलिफा सदर अब्दुल सईद अंसारी तेलियाबांध, चियांकी सदर परवेज अख्तर, कौड़िया सदर जमील अहमद, खनवा सदर अनवर हुसैन, 20 सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर, सदर उप प्रमुख शीतल सिंह, पंसस अजीत सिंह, समाजसेवी उपाध्याय सिंह, अबुल अंसारी, मजुलम अंसारी, कलाम अंसारी, नरेंद्र मेहता, मुकेश तिवारी, अजय तिवारी, जैरून निशा, उषा देवी, राजमणि देवी, शबीर अंसारी समेत दोनों समुदाय के लोग मौजूद थे।

## अग्निवीर, अग्निपथ योजना पर राहुल गांधी भ्रम फैला रहे हैं : अमित तिवारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि कांग्रेस संसदीय दल व प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी लोकसभा के अंदर व बाहर अग्निवीर व अग्निपथ योजना को लेकर भ्रम फैला रहे हैं। स्तरहीन व अपरिपक्व राजनीति श्रेणी का काम कर रहे हैं। बड़े पद पर बैठा व्यक्ति होता है तो निश्चित तौर पर उनकी बातों को महत्वपूर्ण माना जाता है। जिस प्रकार से राहुल गांधी द्वारा अग्निवीर अग्निीपथ योजना व सेना को लेकर बयान दिया गया है वह बयान खेदजनक व दुर्भाग्यपूर्ण है। वह सोमवार को भाजपा कार्यालय में पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा भारतीय सेना के अग्निीपथ व अग्निवीर योजना पर लगातार किए जा रहे विरोध पर पार्टी का पक्ष रख रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी दोनों महत्वपूर्ण योजना के संबंध में देश की जनता को गुमराह कर रही है। राहुल गांधी देश के युवाओं को बरगलाने का काम कर रहे हैं। उन्हें एक रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभानी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं कर रहे हैं। प्रदेश कार्य समिति के सदस्य सह पूर्व सैनिक संजय कुमार सिंह ने कहा कि पिछले दिनों संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा अग्निवीर योजना को लेकर जो बयान दिया गया है वह बयान तथ्यहीन है। देश के युवा चार साल के अग्निवीर के बाद आते हैं तो उन्हें कई कंपनी नौकरी पर रखती है। मौके पर जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, नगर अध्यक्ष अविनाश सिंहा छोटू, अभिमन्यु तिवारी, कैप्टन दुखन सिंह चंद्रवंशी, सूबेदार मेजर सुरेंद्र ठाकुर, सूबेदार रामपाल मेहता, पूर्व सैनिक सुधीर सिंह, विजय ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

## प्रज्ञा केंद्र संचालक का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**मेदिनीनगर।** पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में डिजिटल पंचायत परियोजना से जुड़े सीएससी संचालकों को प्रशिक्षण न्यू समाहरणालय भवन ब्लॉक ए के उपरी तल्ला के सभाकक्ष में सोमवार को शुरू हुआ। डिजिटल पंचायत परियोजना अंतर्गत कार्यरत सीएससी संचालकों के ऑनलाइन उन्मुखीकरण के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का विधिवत उद्घाटन उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद व जिला पंचायती राज पदाधिकारी विनय कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से किया। पंचायत स्तर पर आम जनों को सभी प्रकार की सरकारी सेवा प्रदान कराने व उनका निष्पादन पंचायत स्तर पर ही करने के लिए डिजिटल पंचायत परियोजना अंतर्गत प्रशिक्षण का विशेष आयोजन किया गया।

### हादसा

### जम्मू के चनेनी नाशरी टनल में वाहन दुर्घटना में हुई थी मौत

# बीएसएफ जवान का अंतिम संस्कार कोयल तट पर

- जिला पुलिस बल के जवानों ने दी सलामी
- पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन करने के लिए उमड़ी भीड़

**अमित का अंतिम दर्शन करने के लिए लोगों को हुजूम उमड़ पड़ा**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बीएसएफ जवान अमित शुक्ला का पार्थिव शरीर सोमवार को घर पर पहुंचते ही सिंगरा खुर्द स्थित घर पहुंचा। शव घर पर पहुंचते ही घर के महिला पुरूष दहाड़ मार कर रोने लगे। परिवार के सदस्य अमित के शव से लिपट कर विलाप कर रहे थे। अमित का अंतिम दर्शन करने के लिए लोगों को हुजूम उमड़ पड़ा। हर कोई शहीद अमित को एक झलक देखना चाह रहा था। ग्रामीण पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर अंतिम दर्शन कर रहे थे। आस पास के ग्रामीण महिला पुरूष घर के सदस्यों को ढांढस बंधा रहे थे। सोमवार को सिंगरा खुर्द में चारों तरफ मातमी सन्नाटा छाया था। घर पर भारी भीड़ था। सैनिक सम्मान के साथ अमित का अंतिम संस्कार कोयल नदी के तट पर कर दिया गया। इस दौरान शहीद अमित शुक्ला अमर रहे के नारों से पूरा क्षेत्र गंजायमान रहा। बता दें कि शुक्रवार को जम्मू कश्मीर में सड़क हादसे में बीएसएफ जवान अमित शुक्ला की मौत हो गई थी। अमित मूल रूप से मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के सिंगरा खुर्द के रहने वाले थे। अमित शुक्ला बीएसएफ के 26 बटालियन में थे। अमित की तैनाती जम्मू कश्मीर में थी। अमित शुक्ला की शादी दो मई 2023 को हुई थी। बीएसएफ जवान अमित शुक्ला चचेरे भाई की शादी में शामिल होने के लिए छुट्टी लेकर घर आ रहे थे। वह अपने बेस कैंप से आठ अन्य जवानों के साथ ट्रेन पकड़ने के लिए रेलवे स्टेशन जा रहे थे। इसी क्रम में सड़क हादसा का शिकार हो गए। दुर्घटना में अमित शुक्ला की मौके पर ही मौत हो गई।

### नीता चौहान बनी डीएसडब्ल्यूओ



मेदिनीनगर। नीता चौहान ने सोमवार को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी का पदभार ग्रहण किया। प्रभारी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सेवा राम साहू ने चौहान को संपूर्ण प्रभार सौंपा। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव के दौरान नीता चौहान का स्थानंतरण समाज कल्याण निदेशालय में कर दिया गया था। प्रभार ग्रहण करने के बाद नीता चौहान ने कहा कि विभाग की सभी योजनाओं को आम लोगों तक सुगमता के साथ पहुंचान उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

## न्यूज बॉक्स

### द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के हाउस सर्वे का उप निर्वाचन पदाधिकारी ने लिया जायजा



**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर सोमवार को जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी कानूराम नाग ने छतरपुर, नौडिहा बाजार क्षेत्र में मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत किये जा रहे हाउस सर्वे का भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ, बीएलओ पर्यवेक्षकों के साथ बैठक कर समीक्षा भी की। बैठक में उन्होंने छूटे योग्य व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने व सुधार योग्य प्रविष्टियों का अविलंब सुधार करने का निर्देश दिया। उन्होंने फॉर्म 6, फॉर्म 7, फॉर्म 8 से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्य में तेजी लाने का निर्देश संबंधित बीएलओ, पर्यवेक्षकों को दिया। साथ ही अब्सेंट, शिफ्टेड व डेड मतदाताओं की सूची तैयार करने पर भी बल दिया। मौके पर छतरपुर, नौडीहा बाजार प्रखंड विकास पदाधिकारी व संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ, बीएलओ पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

### स्टेट राइफल शूटिंग चैंपियनशिप में भाग लेने देवघर रवाना



**मेदिनीनगर।** संत मरियम आवासीय स्कूल के विद्यार्थी हिमांशु कुमार पासवान, चिराग लकड़ा, कौशल चौरसिया झारखंड स्टेट राइफल एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने सोमवार को देवघर रवाना हुए। मौके पर स्कूल के प्राचार्य आदर्श कुमार ने खिलाड़ियों का हौशला बढ़ाया। कहा कि राइफल शूटिंग खेल में अभिनव बिंद्रा ने जिस प्रकार अपने मेहनत व लगन के बदौलत ओलंपिक खेल में स्वर्ण पदक भारत को दिलाया। उसी प्रकार संत मरियम के छात्र भी अपनी मेहनत व लगन से खेल नाम रौशन करेंगे। पलामू राइफल संघ के सचिव सह स्कूल के शारीरिक शिक्षक सुमित बर्मन ने कहा की पलामू दूसरी बार राज्य स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में भाग ले रही है। उनका प्रयास है कि यहां के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर स्टेट टीम में जगह बनाने में कामयाब हों।

### लॉयंस क्लब ने भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का किया स्वागत




**मेदिनीनगर।** भगवान जगन्नाथ के रथ यात्रा के अवसर पर लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर द्वारा साहित्य समाज चौक पर स्टॉल लगाकर प्रसाद व पीने का पानी उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अनूप कुमार ने बताया कि सेवा के क्षेत्र में क्लब अनेक तरह का कार्य करती हैं, लेकिन इस पुण्य कार्य से सुकून महसूस होता है। क्लब के सदस्यों द्वारा पंचमेवा प्रसाद का 1500 पैकेट तैयार किया है। जगन्नाथ यात्रा में शामिल भक्तों को माला पहनकर स्वागत करने के साथ पीने का पानी उपलब्ध कराया गया है। मौके पर अध्यक्ष लॉयन डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ, लॉयन लिली मिश्रा, प्रियंका आनंद साहू,अनुराधा मिश्रा, डॉ. निशांत, डॉ., रवीश कुमार,डॉ. उदय कुमार, डॉ. गौरव विशाल, डॉ अभय, मनोज कुमार सोनी, परिमल प्रसून, सुरेंद्र कुमार, आनंद वर्धन व रंजीत कुमार मिश्रा सक्रिय मौजूद थे।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित **'दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान रिपोर्टर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** ,502 बी,मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)

## एक नजर

### जिरहुला दह धार्मिक पर्यटन स्थल के विकास के लिए बैठक

**भवनाथपुर।** प्रखंड के बनसानी पंचायत स्थित बहुत ही प्राचीन 'जिरहुला दह धार्मिक पर्यटन स्थल' के विकास हेतु सुनील पाठक की अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से पर्यटन स्थल के विकास के लिए एक कमिटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष नित्यानंद पाठक, सचिव सुनील पाठक, कोषाध्यक्ष भारत भूषण मेहता को बनाया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि सावन में प्रत्येक सोमवार सुबह 9 बजे से धूम धाम से शिव जी का जलाभिषेक किया जायगा। बैठक में निरंजन पाठक, अवधेश प्रसाद यादव, अशोक मेहता, सूर्य प्रकाश शर्मा, राकेश मेहता, पंकज मेहता, रमेश मेहता राजेंद्र पाठक, अनुज पाठक, संतोष यादव, जयप्रकाश गुप्ता, अजीत यादव, भगत साह, मनी प्रजापति, मदन साह सहित कई लोग उपस्थित थे।

### नाबालिग से छेड़खानी के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**जमशेदपुर।** मानगो सहारा सिटी दुष्कर्म मामले से चर्चा में आए नानक चंद्र सेठ को मानगो पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नानक सेठ को नाबालिग से छेड़खानी करने के मामले में गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मानगो थाना में जनवरी 2024 में नानक सेठ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। कोर्ट में दिए गए बयान में पीड़िता ने भी छेड़खानी की बात स्वीकार की थी। जिसके बाद से पुलिस मामले की जांच कर रही थी। मामला सत्य पाए जाने के बाद पुलिस ने सोमवार को आरोपी नानक सेठ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### डैम में डूबने से तीन बच्चों की मौत, दो के शव निकाले गए

**कोडरमा।** जिले के चंदवारा थाना अंतर्गत थाम पंचायत के कुनीलवा डैम में डूब कर तीन बच्चों की मौत हो गयी। बताया जाता है कि सोमवार को तीनों बच्चे बकरी चराने गए थे। इस दौरान वे डैम में नहाने चले गए। नहाने के क्रम में गहरे पानी मे चले गए ओर बाहर नहीं आ सके। सभी बच्चे थाम के हैं। देर शाम तक घर नहीं पहुंचने पर घरवालों ने खोजबीन शुरू की। इधर रात के 9 बजे दो बच्चों के शव निकाल लिए गए हैं। इनमें शाहनवाज (उम्र लगभग 12 वर्ष, पिता सुभान अंसारी थाम, चंदवारा) और सोहेल अंसारी (19 वर्ष, पिता इस्लाम अंसारी, साकिन जयपुर) शामिल है।

### सेंट्रल बैंक ने लगाया ऋण शिविर

**रांची।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय रांची की ओर से सोमवार को ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। बैंक ने बताया कि शिविर में 50 करोड़ का ऋण वितरण किया गया। इसके बाद शाखा प्रबंधकों की समीक्षा बैठक की गयी। शहर के निजी होटल में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आंचलिक प्रमुख जयशंकर प्रसाद ने की। क्षेत्रीय प्रमुख सुनील कुमार, अमित कुमार, उप क्षेत्रीय प्रमुख प्रशांत देशपांडे, आलोक कुमार, पीयूष मोदी, धर्मेंद्र, सविता, समीर, प्रशांत, रवि, नीतू, मनीष, सोनल, सत्यजीत, संतोष, विपिन, उपस्थित थे।

### सभी पदाधिकारियों के नहीं आने पर जिला परिषद अध्यक्ष ने व्यक्त की नाराजगी

# अध्यक्ष ने दिया अवैध बालू उठाव के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**



जिला परिषद बोर्ड की बैठक जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पिछली बैठक में लिए गए विभिन्न प्रस्ताव पर किए गए कार्रवाई की समीक्षा की गई। बैठक में सभी विभाग के पदाधिकारी के नहीं आने पर जिला परिषद अध्यक्ष ने कड़ा नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अगली बार जिला परिषद बोर्ड की बैठक से पदाधिकारी गायब रहते हैं तो उनके विरुद्ध विभाग को लिखा जाएगा।

जिला परिषद अध्यक्ष ने रमना में सलोनी कंस्ट्रक्शन के द्वारा रमण के विभिन्न नदियों से अवैध रूप से उठाए जा रहे बालू के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने मनरेगा के पुराने योजना बंद होने के बाद भी उक्त योजना को चालू रखने पर नाराजगी जताई। जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव ने नया समाहरणालय में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चैंबर की मांग किया। साथ ही जिला परिषद को नीति आयोग से जोड़ने के लिए संसद और विधायकों से अपील किया। उपाध्यक्ष ने कहा कि जिला परिषद सदस्यों का मानदेय दिहाड़ी मजदूरों से भी कम है। उन्होंने कहा कि जिला परिषद सदस्यों का मानदेय बढ़ना चाहिए। उपाध्यक्ष ने कहां की पदाधिकारी जनप्रतिनिधियों का फोन नहीं उठाते हैं। उसके कारण जनप्रतिनिधियों को जनता से जुड़ी समस्याओं का समाधान समय से नहीं हो पता है। उन्होंने रामकंडा कस्तूरबा के नए भवन बनाने का प्रस्ताव को रखा। उसके साथ ही रमकंडा अस्पताल में चिकित्सक और दवा उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि जिले के जिस इलाके में अब तक बिजली का तार और पोल नहीं पहुंचा है। उसे इलाके का सर्वे कर बिजली विभाग के पदाधिकारी को तार और पोल लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि खाद बीज वितरण सहित अन्य कार्यक्रमों में जिला परिषद सदस्यों को नहीं बुलाया जाता यह दुर्भाग्यपूर्ण है। भवनाथपुर विधायक प्रतिनिधि राजीव रंजन तिवारी ने कहा कि केतार कस्तूरबा आवासीय विद्यालय को शुरू करने की बात कही। उन्होंने कहा कि कई बार इस मामले को रखा गया लेकिन अब तक शिक्षा विभाग के द्वारा उदासीन रवाइयां अपनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खरोंधी और केतार प्रखंड में अधिकांश किसान कृषि पर निर्भर है। लेकिन उक्त इलाके के कई गांव और टोले पर बिजली तार पोल नहीं लगा है। कांडी उतरी जिला परिषद सुषमा देवीने कहा कि पशुपालन विभाग में पदाधिकारी की मनमानी चल रही है। माझिया प्रखंड प्रमुख आरती देवी ने नल जल योजना से लोगों को लाभ नहीं मिलने की मामले को उठाया। बैठक में सचिव सह उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, विधायक प्रतिनिधि राजीव रंजन तिवारी, भोला चंद्रवंशी, सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार सहित सभी विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## हाई स्कूल में ओपन जिम का उदघाटन



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरिया**

हाई स्कूल के प्रांगण में ओपन जिम का उद्घाटन जिला खेल पदाधिकारी उमेश्वर लोहरा ने दीप प्रज्वलित कर किया। हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा श्री लोहरा को स्वागत गीत गाकर स्वागत किया गया उसके बाद श्री लोहरा ने जिम के पास जाकर बच्चों छात्र-छात्राओं को जिम के बारे में जानकारी दी कहा कि यह जो जिम आप लोग को दिया गया है। इसलिए दिया गया है कि आप ट्रेनिंग बहुत एडवांस हो गया है खेलने के साथ-साथ आप की फिटनेस पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें आसानी से जिम कर अपने शरीर को फिट रख सकते हैं वही सभी को संबोधित करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं है। बस संसाधन के अभाव में यह क्षेत्र पीछे रह गया है जिसके चलते खेल विभाग की ओर से आप लोग के लिए ओपन जिम की व्यवस्था की गई है यहां के बच्चे जिला जाकर विजेता बनकर आते थे। उसे देखते हुए यह सुविधा खेल विभाग की ओर से आप लोग के लिए किया गया है बच्चों पढ़ाई के साथ-साथ अपना रुचि खेल में बढ़ाएं इससे काम न होने दे अपना कैरियर बनाने के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेल में भी कैरियर बना सकते हैं। सपोर्ट से भी ऊंचे ऊंचे पद पर अधिकारी बन सकते हैं वहीं अंतर्राष्ट्रीय कोच के पद पर रहने वाले को प्रतिमा 2 लाख से ऊपर का पेमेंट है छात्र-छात्रा केवल खिलाड़ी ही नहीं बनेंगे इसमें बहुत सारे जॉब हैं उसे पाकर अपना करियर बना सकते हैं खेल से आप पदाधिकारी भी बन सकते हैं देश लेवल के खिलाड़ी बनने के बाद आपसे आपका गांव शहर राज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाना जाएगा तो यहां के लोग खेल में ज्यादा रुचि लेने लगेंगे वही क्रिकेट के भारत टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी हमारे झारखंड से हैं आते हैं पहले कोई रांची का नाम देश-विदेश में नहीं होता था अब पूरा वर्ल्ड धोनी के चलते रांची को और झारखंड को जानने लगा है हम भी आप लोग जैसा सरकारी स्कूल से ही पढ़कर आप लोग के समक्ष पदाधिकारी बनकर आए हैं। हम चाहेंगे कि हमसे भी बड़ा पदाधिकारी आप लोग बने अब ट्रेनिंग के लिए रांची दुमका चाईबासा सरायकेला नहीं जाना पड़ेगा जो बच्चा खेल में रुचि रखता है या उनमें टैलेंट है वैसे बच्चों के लिए गढ़वा जिला में आवासीय ट्रेनिंग की व्यवस्था की गई है।

## आर्किटेक्ट विनोद सिंह की अग्रिम जमानत पर सुनवाई 20 को




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के बड़गाई के 8.5 एकड़ जमीन घोटाला मामले में आरोपित विनोद सिंह की अग्रिम जमानत पर पीएमएलए कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने मामले में 20 जुलाई की तिथि निर्धारित की है। मामले में ईडी की ओर से अब तक जवाब दाखिल नहीं हो सका है। विनोद सिंह ने 15 अप्रैल को रांची पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) की विशेष अदालत में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की है। मामले में विनोद सिंह का नाम तब आया है जब ईडी से पूछताछ के दौरान उनके मोबाइल से हेमंत सोरेन के साथ व्हाट्सएप चैट में अधिकारियों के ट्रांसफर पोस्टिंग में सिफारिश की लिस्ट एवं बड़गाई की विवादित जमीन पर बैंक्विट हॉल बनाने के संबंध में डिजाइन मिला था। इस मामले में बड़गाईं इलाके के भू-राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप फिलहाल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। जबकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इस मामले में हाई कोर्ट से जमानत मिल चुकी है।

## जनप्रतिनिधियों के फर्जी दस्तक मामले में अभी तक कार्रवाई नहीं

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

जनप्रतिनिधियों के फर्जी दस्तक मामले की महीना दिन का समय बीत गया लेकिन अभी तक बीडीओ जागो महतो के द्वारा उस पर किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं की गई। जबकि उनके द्वारा मामले में अविलंब पंचायत राज विभाग के नियमावली के तहत फजीर्वाड़ा किए लोगों के खिलाफ नियम संगत कार्रवाई करने की बात कही गई थी। फजीर्वाड़ा किए लोगों के खिलाफ कार्रवाई की बात तो दूर यहां तक की अब वे उक्त सभी के बचाव पक्ष में भी उतर आए हैं। लंबी अवधि का समय बीत जाने के बाद भी मामले पर किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं होना सीधे तौर पर उसी से जोड़कर देखा जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीडीओ जागो महतो फजीर्वाड़ा किए लोगों के भरसक दबाव में हैं जिस कारण वे अभी तक उनके खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं कर पाए हैं। उधर जनप्रतिनिधियों के फर्जी हस्ताक्षर मामला गांव घर में भी एक चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि यह फजीर्वाड़ा सीधे तौर पर नारी शक्ति के अपमान से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि गांव की सरकार में वोटिंग के माध्यम जनप्रतिनिधि बने लोगों के नाम का फर्जी दसखत कर उनके कुर्सी पर बैठ पदाधिकारी व कर्मियों से सवाल-जवाब करना किसी भी तरह से उचित नहीं है। वैसे लोगों के खिलाफ नियम संगत करवाई होना अति आवश्यक है। ग्रामीणों ने कहा कि अब तक उनके खिलाफ कार्रवाई हो जाना चाहिए था लेकिन अभी तक नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि लगता है बीडीओ जागो महतो फजीर्वाड़ा किए लोगों के दबाव में हैं। मालूम हो की बीते जून माह में प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में संपन्न हुई पंचायत समिति की बैठक में कुछ लोगों के द्वारा निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के नाम का फर्जी दस्तक बना उनके कुर्सी पर बैठ पदाधिकारी व कर्मियों के साथ बेधड़क सवाल व जवाब करने का काम किया गया था।

## अतिक्रमण : 67 लोगों को नोटिस

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**



कांडी बाजार की सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने को लेकर अंचल प्रशासन सख्त है। सीओ राकेश सहाय ने जानकारी देते हुए बताया कि कांडी बाजार की सरकारी भूमि पर चिन्हित 67 लोगों को नोटिस भेजा गया है। थाना के माध्यम से नोटिस का तामिला किया जा रहा है। सभी को बुधवार तक किए गए अतिक्रमण को स्वयं से हटाने का सख्त निर्देश दिए गए हैं। अन्यथा शनिवार को प्रशासन बलपूर्वक हटाने को बाध्य होगी। अगर अतिक्रमण को प्रशासन हटाती है तो उसका खर्च भी उन्हें देना पड़ेगा। बता दें कि बाजार की 78 डिसमिल को कांडी के विभिन्न लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। जिन्हें नोटिस भेजा गया है उनमें संतोष कुमार, विनोद प्रसाद, गया ठाकुर, अनिल प्रसाद, विकास कुमार, जयमालुद्दीन राईन, अनवर खलीफा, दिनेश प्रसाद, कुमार सोनी, भीम लाल, अजय ठाकुर, समसु अंसारी व कलाम अंसारी सहित 67 लोगों का नाम शामिल है।

### वनभूमि पर लगाया झोपड़ी हटाया गया

**भवनाथपुर।** वन विभाग की टीम ने सोमवार को भवनाथपुर सुरक्षित वनक्षेत्र के दुधमनियां वन भूमि में अवैध तरीके से बनाई गई झोपड़ी को लेकर कार्रवाई की। टीम के सदस्यों ने झोपड़ी को हटाते हुए झोपड़ी बनाने के लिए जंगल से काटकर लाई गई लकड़ियों को भी जब्त कर थाना परिसर ले आई। मामले में प्रभारी फॉरेस्टर ओमप्रकाश उरांव ने बताया कि सुरक्षित वन क्षेत्र अंतर्गत सिंघीताली के दुधवनियां घाटी में बिगत कई दिनों से लोगों द्वारा जंगलों से हरे पेड़ काटे जाने की शिकायत मिल रही थी। उसी आलोक में सोमवार को जब वन विभाग द्वारा छापामारी की गई तो वहां वन भूमि पर कब्जा करने के नियत से उस पर लगाए गए झोपड़ी को हटाया गया। साथ ही जंगल से काटे गए लकड़ियों को भी जब्त कर वन विभाग का कार्यालय लाया गया।

## न्यूज | बॉक्स

### समूह की महिलाओं के बीच धान बीज वितरण



**केतार।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के तहत सोमवार को महिला समूहों के बीच हाइब्रिड धान बीज वितरण किया गया। धान बीज का वितरण बीडीओ सावित्री कुमारी, उप प्रमुख शम्भू सिंह,बीस सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह और बीटीएम राकेश कुमार ने किया। इस अवसर पर 60 महिलाओं के बीच दो- दो किलो एनएनपीएच धान बीज वितरण हुआ। बीटीएम राकेश कुमार ने महिलाओं को धान का बिछड़ा करने, धान रोपण करने और इसके देख-रेख करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा की मुकुन्दपुर और परती पंचायत के किसानों के बीच जल्द मक्का बीज वितरण किया जाएगा।इस मौके पर प्रतिमा कुमारी, सुमति देवी, उर्मिला देवी, कलावती देवी, रिना देवी, सुचित्रा देवी, सफिना बानों,रेणु देवी, सुनीता देवी, चिंता देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### भाकपा माले का धारना प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी



**केतार।** केतार प्रखंड के परती -कुशवानी पंचायत के कुशवानी गांव में भूमि विवाद निपटारा को लेकर भाकपा माले का अनिश्चितकालीन धरना दुसरे दिन सोमवार को भी जारी रहा। खबर लिखे जाने तक सोमवार की शाम चार बजे तक प्रखंड व अंचल के अधिकारी धारना स्थल पर नहीं पहुंचे थे। ज्ञात हो की यहां जयशंकर साह और लखपतिया देवी के बीच रास्ते विवाद को लेकर वर्षों से भूमि विवाद चल रहा है। प्रथम पक्ष के जय शंकर साह उक्त विवादित भूमि पर पक्का मकान का निर्माण कर रहा है। जबकि दुसरे पक्ष कू लोगों का कहना है की उन लोगों का आने-जाने का रास्ता बंद हो जायेगा। ग्रामीणों और महिला लखपतिया देवी को न्याय दिलाने के लिए भाकपा माले धारना प्रदर्शन कर रहा है।इस मौके पर कामरेड दिलीप गुप्ता, राजेन्द्र सिंह, त्रिभुवन सिंह, अजय प्रजापति, लखपतिया देवी, ललिता देवी सहित अन्य लोग धारना प्रदर्शन कर रहे हैं।

### केतार प्रमुख ने एसडीओ से की मुलाकात




**केतार।** केतार प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने सोमवार को बंशीधर नगर अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्घा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान प्रमुख चंद्रावती देवी ने एसडीओ को अंग वस्त्र भेंट की। प्रखंड में संचालित विकास कार्यों को गति देने को लेकर चर्चा हुआ। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि सुरेन्द्र प्रसाद, उदय प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### रंका बाजार से एमसीसी के पूर्व नक्सली को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**रंका।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन एमसीसी के पूर्व सक्रिय सदस्य को रंका पुलिस ने रविवार के देर शाम रंका बाजार परिसर के सब्जी मंडी के एक खाली पड़े शेड के समीप से गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।मिली जानकारी के अनुसार रंका थाना क्षेत्र के हांड़ीघाट गांव निवासी झिरग मांझी उर्फ निर्मल जी जो वर्ष 2002-04 में एमसीसी संगठन का सक्रिय सदस्य रहा था दक्षिणी जोन में उसका काफी प्रभाव था उसने क ?ई घटनाओं को अंजाम दिया था रंका पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर में होने की सूचना पर उसको गिरफ्तार करने गई थी मगर पुलिस को झांसा देकर वह फरार हो गया था जहां तलाशी के दौरान उसके घर से एक रायफल बरामद किया था उसी केश में वह काफी दिनों से फरार चल रहा था पिछले दिनों न्यायालय ने उसके विरूद्ध वारंट जारी किया था रंका पुलिस को झीरग सिंह के रंका शहर में आने की सूचना मिली थी सूचना के आलोक में सादे लिबास में टोह लेने के पश्चात उसकी पहचान की गई तथा सब्जी मंडी के एक सूनसान जगह से उसे गिरफ्तार कर लिया जहां सोमवार को उसे न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेज दिया गया है।

### अबुआ आवास चयन में पारदर्शिता लाते हुए जरूरमंद परिवार को लाभ दिया जाए : आजसू



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय में व्याप्त अनियमितता, भ्रष्टाचार एवं विभिन्न समस्याओं का निराकरण को लेकर आजसू के केंद्रीय सचिव जयराम पासवान के नेतृत्व में आजसू कार्यकताओं ने सोमवार को बीडीओ के नाम अपनी 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा। उनकी मांगों में जमीन संबंधी दाखिल खारिज हेतु अंचल कार्यालय में जमा आवेदनों का अविलंब निष्पादन किया जाए तथा पंजी टू में दर्ज जीरो प्लाट की समस्या का जल्द से जल्द उचित व आवश्यक कार्रवाई की जाए। अबुआ आवास चयन में पारदर्शिता लाते हुए इसमें जरूरमंद एवं निर्धन परिवार का इसका समुचित लाभ दिया जाए। मनरेगा अंतर्गत संचालित सिंचाई कूप एवं अन्य योजनाओं का क्रियान्वयन एवं भुगतान यथाशीघ्र किया जाए। सभी किसानों को खाद एवं बीज की आपूर्ति समय पर किया जाए ताकि खेती पर निर्भर रहने वाले किसानों को समुचित लाभ मिल सके। सरकारी योजनाओं में झारखंड आंदोलनकारियों एवं उनके परिवार के आश्रितों को प्राथमिकता दी जाए। सभी पेंशनधारियों का भुगतान नियमित एवं निर्बाध रूप से किया जाए।

**भ्रष्टाचार**

### कमीशन की भेंट चढ़ी बिरसा सिंचाई कूप योजना मद की आधी राशि

# रोजगार सेवकों ने भी की प्रति लाभुक 2000 की उगाही

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**



प्रखंड में मनरेगा से संचालित बिरसा सिंचाई कूप योजना मद की आधी राशि कमीशन का भेंट चढ़कर रह गया है। लाभुकों को प्राप्त होने वाला 50000 की राशि में से मात्र 25000 और 30000 ही नसीब हो पा रहा है। शेष राशि के बारे में कहना मुश्किल है कि वह कहां और किसके पास जा रहा है। कुदाल, तागड़ी, बेलचा, रस्सी व अन्य सिंचाई कूप में उपयोग होने वाला सामग्रियों की खरीदारी को लेकर लाभुकों के खाते में भुगतान होने वाला 50000 की राशि उनके खाते के बजाय वेंडरों के खाते में भुगतान कर यह बड़ा खेल खेलने का काम किया जा रहा है। इतना ही नहीं लाभुक के खाते में राशि भुगतान करने का आश्वासन देकर रोजगार सेवकों के द्वारा भी प्रति लाभुक 2000 की अवैध उगाही करने का काम किया गया है। बावजूद लाभुकों के खाते में 1रुपए की राशि नसीब नहीं हो पाई है। इस बीच वे सभी अपने-अपने बैंकों के खाता में राशि के बारे में पूछ कर थक गये हैं। लेकिन उक्त राशि के बारे में उन्हें किसी तरह की जानकारी नहीं मिल पा रही है। उन्हें तब इस बात की जानकारी मिल रही है जब गांव के विचोलिया के द्वारा उन्हें उसकी आधी राशि दी जा रही है। इसी बीच लाभुकों से उनके द्वारा बताया जा रहा है कि प्रखंड के वेंडर के खाता में आप सभी की राशि हस्तांतरित हुई है। उसके बाद जब वे सभी बिचौलिए से अपनी पूरी राशि की मांग करने लग रहे हैं तो विचोलिया यह कहते हुए उनके घर से निकल जा रहा है की वेंडर के द्वारा जो राशि हमें दिया गया था वह राशि आप सभी को मैने दे दिया। इसके बाद राशि अब नहीं मिलेगी। मामला प्रखंड क्षेत्र स्थित लवाही पंचायत के बिरसा सिंचाई कूप योजना से जुड़ा है। लाभुक बीरबल साहू, कमलेश प्रजापति, रामलाल साह इत्यादि लोगों ने बताया कि हम लोग पूरी तरह अस्वस्थ थे कि 50000 की राशि जो कुदाल बेलचा तगड़ी और रस्सी की खरीदारी के लिए हम लोगों के खाते में आना है वह आएगा ही। इसके लिए हम सभी से रोजगार सेवक के द्वारा 2000 की राशि भी वसूला गया था। लाभुकों ने कहा कि पप्पू से हम सभी और 25000 रुपए की मांग करने लगे तो उनके द्वारा कहा गया कि आप सभी को मात्र इतना ही राशि मिलेगा। इस बीच वेंडर का नाम हम सभी उनसे पूछते रह गए लेकिन बिना वेंडर का नाम बताएं ही वे हम लोगों के फोन पे नंबर पर आधी राशि का भुगतान कर हमसभी के घर से निकल गए।

## सड़क पार करने के क्रम में बस नें मारी टक्कर, राहगीर घायल



**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

एनएच 75 मुख्य मार्ग पर रमना उच्च विद्यालय मोड़ के पास विशाल यात्री बस के चपेट में आने से डंडई थाना क्षेत्र के सोनेहरा ग्राम निवासी सुरेन्द्र राम घायल हो गया,घटनास्थल पर मौजूद लोगो नें घायल व्यक्ति को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करचा ले जाया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार हेतु सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर उक्त बस को अपने कब्जे में लेते हुए छान-बीन में जुट गई जानकारीनुसार विशाल बस श्री बंशीधर नगर की ओर से गढ़वा के तरफ जा रही थी इसी क्रम में सड़क पार कर रहे पति-पत्नी में पति बस के चपेट में आ गये। जिससे बस के चपेट में आये राहगीर सुरेंद्र राम गंभीर रूप से घायल हो गये।

### छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में सोमवार को प्रखंड कल्याण पदाधिकारी शाहिद अंसारी, घटहुआ कला पंचायत की मुखिया कौशल्या देवी और चटनियां पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि लालू यादव ने उत्क्रमित मध्य चटनियां के 59 और उत्क्रमित मध्य विद्यालय राजा घटहुआं के 27 विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण किया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि साइकिल मिल जाने से छात्रों को सुदूरवर्ती क्षेत्र से स्कूल आने में सहुलियत होगी। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक दुर्गा राम, अलख देव राम के अलावा अन्य लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### एनीमिया मुक्त भारत बनाने को लेकर टीकाकरण प्रशिक्षण

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभा कक्ष में एनीमिया मुक्त भारत बनाने एवं टिकाकरण अभियान को लेकर सहिया व सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें प्रशिक्षक बीपीएम मारूफ खान ने प्रशिक्षणार्थियों को एनीमिया मुक्त भारत बनाने, टिकाकरण अभियान, डेंगू मलेरिया से बचाव एवं स्वस्छता के साथ डायरिया, निमोनिया, पोलियो, टेनिग आदि टीकाकरण की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। ओआरएस जिक के उपयोग की भी जानकारी दी गई। इस दौरान जटिल गर्भावस्था महिलाओं के सूची की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा एनीमिया मुक्त भारत बनाने के लिए हम सब को एक साथ मिलकर काम करना होगा।

### कृषि विभाग ने 45 किसानों को बांटे हाइब्रिड धान के बीज

**टंडवा (चतरा)।** सोमवार को टंडवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कबरा पंचायत स्थित सिसई में कृषि विभाग द्वारा किसानों के बीच हाईब्रिड धान बीज का वितरण किया गया। पूछे जाने पर बीटीएम चंद्रभूषण कुमार ने बताया कि विभाग की ओर से लक्षित 9 हेक्टेयर में रोपण हेतु उपलब्ध कराये गये 135 किलो हाइब्रिड धान के बीज का वितरण 45 किसानों के बीच किया गया है। वहीं बीस सूत्री अध्यक्ष सह टंडवा मध्य जिप सदस्य सुभाष यादव ने किसानों से मोटे अनाज की उत्पादकता पर जोर देते हुवे खेती-बारी के लिए अधिकाधिक किसानों से कृषि ऋण योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। तकनीकी अधिकारियों ने किसानों से पूछताछ हेतु किसान कॉल सेंटर के विशेषज्ञों से नियमित राय लेने की भी सलाह दिये।

### चार हथियार के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

**लातेहार।** लातेहार पुलिस को एक और बड़ी उपलब्धि हाथ लगी है एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस ने छापामारी कर लातेहार जिले के गारू थाना क्षेत्र से दो नक्सलियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने अपराधियों के निशानदेही पर दो भरथुआ और दो देसी कट्टा बन्दूक और गोलियां, मोबाइल भी बरामद की हैं।अपराधीयों की गिरफ्तारी के संबंध में प्रेस वार्ता कर लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने बतलाया कि गुप्त सूचना मिली थी कि जिले के गारू थाना क्षेत्र अंतर्गत पतरातू जंगल में जेजेएमपी के कुछ नक्सली किसी घटना को कारित करने के लिए जमा हो रहे हैं. सूचना मिलने के बाद एसपी के निर्देश पर महुआडांड़ डीएसपी हिमांशु चंद्र मांझी और थाना प्रभारी सोनू कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने पतरातू जंगल की घेराबंदी कर छापेमारी शुरू कर दो अपराधी को मौके से खदेड़ कर गिरफ्तार किया गया अन्य जंगल का लाभ उठाकर फरार हो गए। सर्च अभियान के दौरान गिरफ्तार अपराधीयों की निशानदेही पर दो देसी बंदूक और दो देसी रिवाल्वर के साथ गोलियां भी बरामद की गई है।

## एक्सीडेंट प्वॉइंट हो गया है धोबीटोला मोड़, लोगों ने की बैरिकेडिंग की मांग

# रथ मेला देखकर लौट रहे युवक की सड़क दुर्घटना में मौत, दूसरा गंभीर



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 22 रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर शहर के गैरेज लेन के समीप रविवार देर शाम रथ मेला देखकर लौट रहे एक युवक की सड़क दुर्घटना दर्दनाक मौत हो गई। वंही दुर्घटना में एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को गंभीर अवस्था में स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जंहा डॉ मनोज कुमार व डॉ नीलिमा कुमारी के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

युवक की गंभीरता को देखते हुए उसे बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया गया। घायल युवक की पहचान अशोक गंझू पिता इरफनी गंझु व मृतक की पहचान मंतोष लोहरा पिता गोरवा लोहरा दोनों सिकनी (चंदवा) के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दोनों युवक अपने बाइक जेएच 01 एफ ए 5802 से चंदवा के कामता से रथ मेला देखकर वापस अपने घर लौट रहे थे इसी दौरान दोनों चंदवा शहर के गैरेज लेन के समीप एक अज्ञात वाहन में पीछे से जा टकराये।

दुर्घटना में मंतोष लोहरा की गर्दन बुरी तरह से मुड़ गई थी जिसकी वजह से घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस इंस्पेक्टर रंधीर कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त की। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है। दुर्घटना को लेकर स्थानीय लोगों का कहना है कि मेन रोड से धोबीटोला मुड़ने वाले स्थान पर प्रशासन के द्वारा बैरिकेडिंग लगाया गया था जिससे उक्त स्थान पर दुर्घटना की संभावना कम रहती थी लेकिन वर्तमान समय में उक्त स्थान से बैरिकेडिंग को हटा दिया गया है इससे वहां पर दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। लोगो ने प्रशासन से पुनः उक्त स्थान पर बैरिकेडिंग लगाने की मांग की है। ज्ञात हो कि कुछ माह पूर्व भी उसी स्थान पर बाइक सवार एक युवक की मौत सड़क किनारे खड़े वाहन में टकराने की वजह से हो गई थी।

## पानी टंकी से गिरने पर मजदूर की मौत

### परिजनों ने संवेदक और मुंशी पर लगाया लापरवाही का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

बरवाडीह थाना क्षेत्र के पहड़तल्ली रेल क्षेत्र में रविवार की शाम एक बड़ी घटना घटित हुई है। पहड़तल्ली में निर्माण हो रही 80 फिट ऊंची पनी टंकी से गिरने से एक मजदूर की मृत्यु हो गई हैं। वहीं लोगो ने बताया की हर रोज की तरह रविवार को भी पानी टंकी का निर्माण कार्य चल रहा था इस दरमियान टांकी के रूफ पर कार्य कर रहे धनबाद जिले के बलियापुल सिगियाटांड़ निवासी महिउद्दीन अंसारी के पुत्र सलाउद्दीन अंसारी (21) किसी तरफ अंबेलेंश होकर गिर गया जिससे वो बुरी तरफ से घायल हो गया। जिसके बाद मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों के द्वारा घायल सलाउद्दीन अंसारी को बरवाडीह स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए लाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा मजदूर की इस्थिरी को गंभीर देखते हुवे उसे फौरन ही बेहतर इलाज के लिए डालटनगंज एमएमसीएच हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया जहां इलाज के दौरान मजदूर की मौत हो गई।



इसी टंकी से गिरा था मजदूर

वहीं इसकी सूचना परिजनों को मिलते ही मृतक मजदूर का परिजन बरवाडीह थाना पहुंच कर पूरे घटना क्रम को लिखित सूचना देते हुवे टंकी निर्माण कार्य के संवेदक और मुंशी पर प्राथमिकी दर्ज कराते हुवे न्याय का गुहार लगाया है। परिजनों ने बताया की संवेदक और मुंशी के लापरवाही के कारण आज मेरा बेटा का जान गई है अगर काम के दौरान उसे संवेदक द्वारा सेफ्टी बेल्ट दिया हुआ होता तो शायद आज मेरा बेटा जिंदा होगा। वहीं शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है।



### खाई में गिरा ट्रक, दबकर चालक की मौत

चतरा। सदर थाना क्षेत्र के संघरी घाटी में सोमवार को अनियंत्रीत होकर लोहा लदा ट्रक खाई गिरा गया। जिसमें चालक की दबकर मौत हो गई। जबकी उपचालक गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।

## चतरा में अवैध क्लिनिक संचालक के विरुद्ध दूसरी सबसे बड़ी कार्रवाई

# उपायुक्त ने एमजी नर्सिंग होम में मारा छापा, नर्सिंग होम सील

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

जिले में लगातार मिल रहे बिना डिग्री के चिक्तिसक द्वारा यूट्यूब का सहारा लेकर अवैध नर्सिंग होम में संचालन की शिकायत को उपायुक्त रमेश घोलप ने गंभीरता से लेते हुए शनिवार को राज नर्सिंग होम संचालक व डॉक्टर चंदन को अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। गिरफ्तारी करते हुए प्राथमिकि दर्ज कर दोनो को जेल भेजा गया। वहीं दूसरे मामले में उपायुक्त श्री घोलप ने रविवार देर संध्या अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा व पुलिस बल के साथ लिपदा बाईपास रोड शिव मंदिर के सामने अवैध रूप से संचालित एमजी नर्सिंग होम में छापेमारी किया। जिसमें दो मरीज पाए गए उसी क्रम में नर्सिंग होम के स्टाफ ने बताया कि वह लगभग एक वर्ष से नर्सिंग होम में स्टाफ के रूप में कार्य कर रहा हूं, यहां जिस भी प्रकार का ऑपरेशन होता है वो डॉक्टर चंदन कुमार के द्वारा किया जाता है। लगभग 06 माह पहले एक मरीज के बच्चे का ऑपरेशन के दौरान बाहर निकाला गया जो स्वस्थ नहीं रहने के कारण हजारीबाग भेज दिया गया। कुछ दिनों के बाद उस बच्चे की मौत हो गई, बच्चे की मौत के बाद महिला के परिजनों ने काफी हंगामा किया था। डॉक्टर चंदन कुमार सिर्फ ऑपरेशन करने आते थे और चले जाते थे।




जिसके बाद मरीजों का देख-रेख पुर्णिमा सिन्हा के सलाह से होता था। ऑपरेशन के लिए लगभग 25 से 30 हजार तक राशि ली जाती रही है। उपायुक्त ने कहा लगातार जिले में अवैध रूप से नर्सिंग होम का संचालन हो रही थी। इसे संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्रवाई हेतु एक टीम का गठन किया गया और छापेमारी की कार्रवाई की गई। मेरे द्वारा स्वयं लिपदा बाईपास रोड शिव मंदिर के सामने संचालित नर्सिंग होम का निरीक्षण किया गया।

## झोलाछाप डॉक्टर ने मोटी रकम ले कर कराया गलत इलाज, शिकायत

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातू**

प्रखंड क्षेत्र के साल्वे पंचायत अंतर्गत अलखडिहा ग्राम निवासी प्रवासी डॉक्टर उदित कुमार ने सिन्टु उरांव को दुसरे राज्य में ले जाकर गलत आपरेशन कराने और मरिज के परिजनों से दो लाख पच्चीस हजार रुपये लेने का आरोप पीड़ित की पत्नी रीता देवी ने लगाया। न्याय के लिए डीसी व एसपी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। रीता देवी ने बताया मेरे पति की दो वर्ष पूर्व पेट मे दर्द हुआ था। साल्वे के अलखडीहा मे रह रहे प्रवासी डॉक्टर उदित आकर बोला की इसका इलाज करवाना होगा। तब डॉक्टर के झांसे मे आकर उसके निजी क्लिनिक अलखडीहा चले गए। उसने कहा कि आपरेशन करना होगा। डॉ उदित दुसरे ही दिन हमलोगों को अपने नीजी वाहन से गया के किसी हॉस्पिटल में लेकर चला गया। वहां पहुँचने पर हमें उसने आपरेशन में एक लाख खर्च बताया। आपरेशन के लिए ले जाने के बाद और भी अन्य बीमारी बता कर और पचासी हजार रुपए की मांग की गई। उससे विनती करने के बाद उन्होने कहा अभी आपरेशन करा देते है, पैसा बाद में दे देना। घर वापस आने के बाद बाकी पैसों के लिए डॉ उदित ने मेरी मोटरसाइकिल लेली। पैसा देने के बाद उन्होने मोटरसाईकिल वापस किया। उदित ने इलाज का दो लाख पच्चीस हजार रुपए का बील हमें दिया। इधर आपरेशन के बाद से शरीर के हिस्से मे खुन बनना लगभग बन्द हो गया है। समय-समय पर खुन चढाना पड़ रहा है। डॉ उदित ने मरिज के हर तरह के स्वास्थ्य की गारंटी लिया था। जब हमने डाक्टर से बात की तो हमें मारने की धमकी देता हैं। पीड़ित के पत्नी रिता देवी ने उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक से कहा है कि उसके दो छोटे छोटे बच्चे है। पति के अलावा और कोई सहारा नहीं है।



### शाम 6 बजे के बाद जारी किए जाएंगे डीएमओ चालान

**टंडवा (चतरा)।** कोल वाहनों से होने वाले सड़क दुर्घटनाओं में नियंत्रण को लेकर प्रशासनिक सख्ती का असर दिखाई देने लगा है। एसडीएम सिमरिया सनी राज ने पत्रांक 659 के माध्यम से सीसीएल व एनटीपीसी परियोजना प्रबंधन को पत्र लिखकर कोल वाहनों के बेतरतीब व असमय परिचालन पर पूर्व निदेशों का अनुपालन नहीं होने के मामले में नाराजगी व्यक्त करते हुवे परियोजना क्षेत्र में हीं ठहराव कराने के सख्त निर्देश दिये हैं।

## एक माह में 100% रजिस्ट्रेशन पूर्ण करें : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण कार्यालय एवं बाल संरक्षण इकाई के कार्यों की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना एवं मातृ वंदना योजना का लाभ लक्ष्य के अनुरूप लाभुकों को देने का निर्देश जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया गया। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की समीक्षा कर योजना अंतर्गत आवेदन लेने का निर्देश सभी सीडीपीओ को दिया गया। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कुल 6015 लक्ष्य प्राप्त है। जिसमें कुल 4758 रजिस्टर कर लिया गया है। जिस पर उपायुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि एक माह के अंतर्गत शत प्रतिशत रजिस्ट्रेशन पूर्ण करें। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की समीक्षा कर प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए शत प्रतिशत बालिकाओं को आच्छादित करने का निर्देश दिया गया।



### वाहन चालकों को हेलमेट के साथ जरूरी कागजात रखने के निर्देश

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित चौक के समीप सोमवार को परिवहन विभाग के तत्वाधान में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस क्रम में कई वाहन चालकों का चालान काटा गया। वाहन चालकों से हेलमेट का प्रयोग करने के साथ सभी तरह के जरूरी कागजात साथ में रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही साथ यातायात नियम पालन करने की अपील की गई। मौके पर पुलिस अवर निरीक्षक उपेंद्र सिंह के अलावे परिवहन विभाग के कर्मी शामिल थे।

### अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

**चंदवा।** चंदवा-मालहन-मैकलुस्कीगंज मार्ग पर सोमवार की देर शाम अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को रौंद डाला जिससे बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान अशोक उंराव पिता तिला उंराव रोनाटांड़ एकमहुआ चंदवा के रूप में हुई है। दुर्घटना के संबंध में बताया जाता है कि बाइक सवार युवक माल्हन की तरफ से अपने घर एकमहुआ की ओर लौट रहा था इसी दौरान दूबी गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन ने बाइक को रौंद डाला जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। दुर्घटना इतनी दर्दनाक थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। घटना की सूचना चंदवा पुलिस को दे दी गयी है।

## खेल

## शहीद सुकरा उरांव स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन

# समाज के सबसे बड़े दुश्मन हैं नक्सली : एसपी

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

नक्सल क्षेत्र के नाम से जाना जाने वाला लातेहार जिला अब नक्सल मुक्त होता हुआ दिख रहा है। बीते 22 नवंबर 2019 को नक्सलियों ने जिस स्थान पर पेट्रोलिंग पार्टी पर हमला कर सहायक अवर निरीक्षक सुकरा उंराव समेत चार पुलिस कर्मियों को मौत के घाट उतार दिया था। लातेहार पुलिस ने उसी स्थान पर शहीदों की याद में कार्यक्रम आयोजित कर नक्सलियों को कड़ा संदेश दिया है। प्रखंड के लुकुईया में सोमवार को शहीद पुलिस कर्मियों की स्मृति में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन समारोह को संबोधित करते हुए लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने कहा कि नक्सली समाज के सबसे बड़े दुश्मन है। नक्सली विकास में बाधक है, ग्रामीण नक्सलियों की मदद ना करें तथा निडर होकर नक्सली गतिविधि की सूचना दे। कार्यक्रम में लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, लातेहार एसडीपीओ अरविंद कुमार, बालूमाथ एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम, मेजर राजकुमार लकड़ा के अलावे बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। इसके पूर्व अतिथियों का मांदर के थाप पर भव्य स्वागत कर उन्हें बुके देकर सम्मानित किया गया।

### लोगों को किया जागरूक

सामुदायिक पुलिसिंग के तहत डायन प्रथा को लेकर नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी कराया गया था। जिसमें कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समाज मे व्याप्त डायन प्रथा कैसे अभिशाप है इसकी झलक दिखाई।



### चंदवा ने बालूमाथ को 2-0 से हराया

बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में लुकुइया की टीम ने पेनाल्टी शूटआउट में 3-2 से बोरसीदाग को पराजित किया वहीं बालिका वर्ग में चंदवा ने बालूमाथ को 2-0 से शिकस्त देकर खिताब पर कब्जा जमाया। बतादें कि टूर्नामेंट का शुभारंभ विगत 6 जुलाई को चंदवा पुलिस निरीक्षक रणधीर कुमार के द्वारा किया गया था। टूर्नामेंट के प्रतिभागियों को एसपी अंजनी अंजन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार व आशुतोष कुमार सत्यम एवं मेजर राजकुमार लकड़ा के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### पहाड़ी शिव मंदिर में कार्तिकेय एवं हनुमान जी की मूर्ति की गई स्थापित



**बरवाडीह।** प्रखंड के पहाड़ी शिव मंदिर में भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा के पहले दिन रथ द्वितीया के अवसर पर मंदिर के पुजारी गिरधारी मिश्रा व मृत्युंजय मिश्रा बल्लू द्वारा विधिवत धार्मिक अनुष्ठान एवं पूजा अर्चना कर पहाड़ी पहाड़ी मंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार द्विवेदी द्वारा सपत्नी पूजा अर्चना कर शिव मंदिर में भगवान कार्तिकेय एवं हनुमान जी की मार्बल की मूर्ति स्थापित किया गया। इस संबंध में पहाड़ी मंदिर संचालन समिति के सदस्य ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि पहाड़ी शिव मंदिर में पूजा अर्चना को लेकर भगवान कार्तिकेय एवं हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित नहीं होने कारण भक्तों को सभी भगवानों की पूजा अर्चना करने में असहज महसूस होता था तथा मंदिर परिसर में बनाए प्रतिमा स्थल में दो स्थान खाली रहने के कारण शिव मंदिर में भगवान कार्तिकेय एवं हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित किया गया। मोके पर भक्त अभियान श्रीवास्तव, मंदिर समिति के सचिव ननदेव राम, ऋषि श्रीवास्तव, निरंजन सिंह, अरुण कुमार, सुशील मेहता, अरुण राम समेत काफी संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल थे।

### संपूर्णता अभियान के तहत निकाली गई प्रभातफेरी, लगाया गया शिविर



**मयूरहंड (चतरा)।** नीति आयोग की ओर से प्रारंभ संपूर्णता अभियान को लेकर सोमवार को प्रभात फेरी का आयोजन मयूरहंड प्रखंड के मयूरहंड एवं कदगांवा कला पंचायत में किया गया। मयूरहंड में मुखिया मृदुला देवी एवं कदगांवा कला में मुखिया अशोक कुमार भुईयां ने प्रभात फेरी का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया। प्रभात फेरी में बीस सूत्री अध्यक्ष रामभरोस यादव के अलावा वार्ड सदस्य, आंगनबाड़ी सेविका, जएसएलपीएस समेत क्षेत्र के दर्जनों महिला व पुरुष शामिल हुए। इस दौरान उपस्थित लोगों ने बैनर व तख्तियों के माध्यम से संपूर्णता अभियान को सफल बनाने की अपील लोगों से की। बताया गया कि संपूर्णता अभियान में गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच, पोषाहार, बच्चों का टीकाकरण, स्कूली बच्चों को पाठ्य पुस्तक उपलब्ध कराना, स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फण्ड उपलब्ध कराना और किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराना है। उक्त उपलब्धियां अगले तीन माह में सितंबर तक हासिल कर लिया जाना है।

### दुकानों में बिना एक्सपायरी डेट के ही बिक रहे हैं कोयल कस्तूरी दालमोट




**महुआडांड़।** खाने पीने की वस्तुओं का उत्पादन करने वाले उत्पादक खाद्य सुरक्षा से जुड़े मानकों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। पैसा कमाने के चक्कर में वह जनता की सेहत से खिलवाड़ करने में भी नहीं हिचक रहे। इसी का उदाहरण है बिना मैन्यूफैक्चरिंग और एक्सपायरी डेट अंकित किए बिक रही है कोयल कस्तूरी दालमोट, अब ग्राहक के सामने सही या खराब वस्तु होने की पहचान के लिए तिथि का सहारा नहीं है। अब तो ग्राहक को बस देखकर ही अंदाजा लगाना होगा कि वस्तु खाने लायक है या नहीं। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के अंतर्गत खाने पीने के किसी भी पैक्ड सामान पर कुछ जानकारी अंकित करना अनिवार्य है। लेकिन जब उस पर तिथि ही अंकित नहीं तो ग्राहक कैसे पहचाने की वस्तु खाने लायक है या नहीं। इस संबंध में लातेहार फूड विभाग के इंस्पेक्टर राजा कुमार ने बताया कि दुकानदार पैसे कमाने के होड़ में बिना डेट बिना मैन्युफैक्चरिंग के समान बेच रहे हैं जो कि गलत है जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

### जिला ताइक्वांडो संघ के खिलाड़ियों ने लहराया परचम, 5 स्वर्ण समेत 9 पदक जीते



**चतरा।** राजधानी रांची के आइडियल इंटरनेशनल स्कूल दलादली में 5 से 7 जुलाई तक आयोजित 24 वीं तीन दिवसीय राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में चतरा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 सवर्ण 2 रजत और 2 कांस्य पदक अपने नाम किया। बताते चलें कि चतरा जिला के 11 खिलाड़ियों ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में मोहित तिर्की, शीर्ष मिंज, समीर कुमार, आयुष कुमार, श्रेयांश प्रधान का नाम शामिल है। प्रशांत कुमार और यश राज ने कांस्य पदक हासिल किया। जबकि नवीन तिर्की और सचिन कुमार रजत पदक जीतने में सफल रहे। चतरा जिला के ताइक्वांडो खिलाड़ियों की इस बड़ी उपलब्धि पर चतरा जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार राय एवं चतरा जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष चंद्रेश शर्मा, उपाध्यक्ष प्रकाश कुमार, सचिव उमेश कुमार, संयुक्त सचिव राम प्रकाश, संयुक्त सचिव सुचित कुमार, कोषाध्यक्ष शंभू कुमार, प्रशिक्षक विक्की कुमार दास एवं संघ के सभी पदाधिकारी एवं खेल प्रेमियों ने ढेर सारी शुभकामना दी है।

### पत्रकार को धमकी देने वाले को चतरा पुलिस ने किया गिरफ्तार




**चतरा।** पत्रकार संजीत मिश्रा को मुन्ना भाई एमबीएस मुन्ना दांगी के इशारे पर इमामगंज निवासी बालू तस्कर ने दो दिन पूर्व रात्री में फोन कर धमकी दिया था। जिसकी सूचना पत्रकार श्री मिश्रा और चतरा प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुनील कश्यप द्वारा पुलिस कप्तान विकास कुमार पांडेय सहित अन्य वरीय पदाधिकारी को दी गई थी। पुलिस कप्तान ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल एक कमिटी का गठन कर कार्रवाई का निर्देश दिया। उसके बाद पुलिस टीम ने इमामगंज थाना क्षेत्र से अजीत कुमार पिता कृष्णा प्रसाद ग्राम कुजेस रानीगंज इमामागंज निवासी को धर दबोचा। गिरफ्तारी के बाद प्रतापपुर थाना प्रभारी कासिम अंसारी के समक्ष गिरफ्तार युवक ने बताया कि डॉक्टर मुन्ना दांगी के द्वारा हमे नंबर भेज कर गाली गलौज और धमकी देने को कहा गया था। उक्त जानकारी के बाद प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री कश्यप ने प्रतापपुर थाना पहुंच कर गिरफ्तारी की जानकारी ली और कहा की पत्रकारों पर हमला किसी भी स्थिति में बर्दास्त नहीं किया जायेगा। जिला में अन्य पत्रकारों के जो भी हमलावार पुलिस पकड़ से बाहर हैं, उनके विरुद्ध भी पुलिस छपेमारी कर रही है। इस संदर्भ में पत्रकार संजीत मिश्रा ने बताया कि 7 जुलाई के रात्रि में 9693500954 से फोन कर हमे गाली गल्लौज व जान से मारने की धमकी दी गई। मैं सदर थाना में लिखित आवेदन दो लोगो के विरुद्ध दे दिया हुं। जिसमें प्रतापपुर थाना की पुलिस द्वारा धमकी देने वाले युवक को गिरफ्तार किया गया है।

## एक नजर

### महिला ने थाने में आवेदन देकर अपने लापता पति को ढूंढने की लगाई गुहार

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के सदान बुकमा गांव निवासी पार्वती कुजूर ने थाने में आवेदन देकर लापता हुए। अपने पति को ढूंढने की गुहार लगाई है साथ ही, उसके पति को बहला फुसलाकर ले जाने वाले गांव के बसंत नगेशिया पिता स्वर्गीय मंगल नगेशिया पर कारवाई करने की मांग की है। पार्वती कुजूर के द्वारा थाने में दिए आवेदन में कहा गया है,कि चार जून को सुबह सात बजे मेरे गांव का बसंत नगेशिया मेरे घर आया जिसके बाद मेरे पति को बहला फुसलाकर बाहर काम दिलाने के बहाने ले गया। जिसके बाद आज तक मेरे पति से मेरी बात नहीं हुई है, वह कहां है किस हाल में है परिवार वालों को कोई जानकारी नहीं है। मेरे पति के पास मोबाइल नहीं है, जब बसंत नगेशिया के मोबाइल पर फोन लगाते हैं,तो उससे संपर्क नहीं हो पा रहा है।

### दो साल से बंद पड़ी है जलमीनार, ग्रामीणों को पानी की परेशानी



**चैनपुर।** चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र के डुमरी प्रखंड के डुमरी बस्ती में स्थित जल मीनार जो की काफी दिनों से खराब है जिससे यहां के लोगों को जल की दिक्कत होती है दूर दराज अरे से लोग यहां बाजार करने आते हैं जिनसे उन्हें पीने के लिए शुद्ध जल नहीं मिल पाती जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है यह लोग काफी दूरदराज से आते हैं यह जल मीनार विधायक फंड के द्वारा लगाया गया था जो की काफी दिनों से खराब है यहां के स्थानीय लोग इस जलमिनर को बनाने के लिए काफी परेशान हुए इन्होंने यहां के इऊ‍ड को एक एप्लीकेशन लिखकर दिया गया था। जिससे अभी तक कोई एक्शन नहीं लिया गया जिससे यहां के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### डॉ रामेश्वर उरांव के मंत्री बनने पर कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशियां

**लोहरदगा।** झारखंड राज्य कैबिनेट के मंत्रियों की शपथ राजभवन में संपन्न हुई। जिसमे लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव को तीसरी बार झारखंड गठबंधन सरकार में मंत्री बनाया गया। जिससे कार्यकताओं एवं पार्टी पदाधिकारियों ने पार्टी कार्यालय पहुंच मिठाइयां बांटी एवं आतिशबाजी कर एक दूसरे को बधाई दिया और पार्टी शीर्ष नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री का आभार जताया। कार्यकताओं ने कहा कि डॉ रामेश्वर उरांव ने बीते 4 सालों में लोहरदगा जिले एवं झारखंड की बेहतर सेवा की जिसके फलस्वरूप उन्हे तीसरी बार मंत्री बनाया गया। जिससे जिले एवं राज्य का विकास और भी तेजी से किया जा सकेगा। मौके पर हाजी सिकंदर,दीपक महतो,रविंदर सिंह,राजू उरांव,संजय नायक, एयता भगत, राजमुनि उरांव, ललिता उरांव, विषदेव,सतेंद्र उरांव, आदि अन्य पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बेंदोरा के समीप स्कूटी से गिरकर घायल हुए चार युवक

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बेंदोरा गांव के समीप एक स्कूटी में सवार चार युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से चारों घायलों को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घायलों में मनीष मिंज पिता बेरनार्ड मिंज उम्र 25 वर्ष,अनीश तिग्गा पिता अथनस तिग्गा उम्र 30 वर्ष आशीष मिंज पिता एडमोन मिंज उम्र 20 वर्ष एवं दयाल तिर्की अलेक्सियुस एक्का उम्र 30 वर्ष सभी बेंदोरा गांव के निवासी हैं ।सभी को हाथ सिर पैर एवं घुटने में गंभीर चोटे लगी है। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि बताया एक स्कूटी में चार युवक सवार होकर बिना हेलमेट पहने टोंगो की ओर तेज रफ्तार से जा रहे थे। तभी दुर्घटना घटी वहीं घायल युवकों ने बताया की दवा लाने टोंगो की ओर जा रहे थे।

# सड़क किनारे बैठे युवक को अज्ञात वाहन ने मारा धक्का, घटनास्थल पर हुई मौत



**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

चैनपुर थाना क्षेत्र के किरतो गांव के समीप अज्ञात वाहन के धक्के से किरणों गांव निवासी हिरालाल बाड़ा उम्र 25 वर्ष की घटनास्थल पर मौत हो गई। घटना शाम 7 बजे की बताई जा रही है घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि हीरालाल बाड़ा अपने दोस्त के साथ टिंगटांगर गांव में लगे रथ मेला घूमने गया था। जिसके बाद शाम को दोनों वापस घर लौट रहे थे तभी उसका दोस्त शौच करने की बात कहकर तालाब की ओर चला गया। जिसके बाद वह रोड किनारे बैठ कर उसका इंतजार करने लगा। इसी बीच चैनपुर की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन उसे धक्का मारते हुए फरार हो गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर थाना प्रभारी अजय यादव,ए एस आई मदन शर्मा अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पंहुच कर शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए गुमला भेज दिया वहीं मामले की छानबीन में जुटी है।

## सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार तीन घायल

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा**

कल्हेपाट चौक के समीप गुमला लोहरदगा मुख्य मार्ग पर देर शाम हुई सड़क दुर्घटना में अधेड़ व्यक्ति सहित तीन लोग घायल हो गये. तीनों को इलाज के लिये अस्पताल में कराया गया भर्ती घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस घटना का जायजा लेते क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल को कब्जे में ले अग्रतर कारवाई में जुटी गई वही घायल अधेड़ व्यक्ति का पहचान कल्हेपट निवासी खलील अंसारी के 55 वर्षीय पुत्र ताहिर अंसारी के रूप में किया गया है । सेन्हा थाना क्षेत्र के कल्हेपाट चौक में देर शाम में सड़क दुर्घटना हुआ ।वही बताया जाता है । कि मोटरसाइकिल संख्या जे एच 08 एच 2170 पर सवार हो घाघरा थाना क्षेत्र के जलहन जमगाई निवासी विरमा असुर का पुत्र कृष्णा असुर तथा भीखराम असुर का पुत्र परमेश्वर असुर दोने एक ही मोटरसाइकिल पर सवार हो लोहरदगा से अपना घर जलहन जा रहे थे ।उसी दौरान कल्हेपाट चौक के समीप पैदल जा रहा कल्हेपाट निवासी ताहिर अंसारी को विपरीत दिशा में जा कर मोटरसाइकिल सवार ने धक्का मार दिया। जिससे ताहिर अंसारी के सर पर गम्भीर चोटें आई है।

## कार-बाइक में जोरदार टक्कर, आईआरबी का जवान जख्मी

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के बीआईडी छतर बगीचा के पास सोमवार की दोपहर बाइक कार में जोरदार टक्कर हो गई जिसमें बाइक सवार युवक को गंभीर चोटें आई है। जिसे इस रास्ते से गुजर रहे पत्रकार राहुल कौशल व नरेंद्र शर्मा ने ऑटो रिक्शा की मदद से सदर अस्पताल पहुचाया। जहाँ पर उसका इलाज डॉ एसएस बरवार ने किया। सड़क हादसे में घायल युवक की पहचान आईआरबी जवान सिमडेगा निवासी समीर सोरेंग के रूप में किया गया है। उसके सिर पर गहरे जख्म बन गए हैं वही उसे छह टांके भी लगाए गए हैं। वही उसकी आँखों में भी गंभीर चोट लगी है। फिलहाल उसे सदर अस्पताल के वार्ड में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि समीर अपनी बाइक से लोहरदगा आ रहा था।

## कैरो में आम बागवानी की प्रदर्शनी लगाई गई

**कैरो/लोहरदगा।** सरकार के निदेर्शानुसार प्रखण्ड परिसर कैरो में सोमवार को एक दिवसीय आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया। मौके पर कैरो, गजनी, नरौली, हनहट, गुड़ी, ख्वास अम्बवा, पचागाई, चाल्हो आदि गांव आम बागवानी लाभुक अपने अपने बागवानी से आम लेकर आये और प्रदर्शन किया। किसानों द्वारा आम्रपाली, दशहरी, लँगड़ा, हिमसागर आदि किस्मो के आम के फल लाये। मौके पर अंचल सह प्रखंड विकास पदाधिकारी छन्दा भटाचार्य, बिससूत्री कार्यान्वयन समिति अध्यक्ष अनीश अहमद खान, उपाध्यक्ष बुधवा उरांव, सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी, समीद अंसारी, इंतखाब आलम,प्रतिमा देवी,धनपत उरांव आदि के द्वारा स्टाल का निरीक्षण किया गया। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी छन्दा भटाचार्य ने कहा सरकार आम बागवानी को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। किसान सरकार के योजनाओं का लाभ लें और आर्थिक लाभ उठाएं। लाभुकों ने बतलाया कि हम लोंगो ने मनरेगा के तहत आम का बागवानी किये सुरु सुरु में थोड़ा बहुत हिचकिचाहट हो रही थी कि न जाने लाभ होगा कि नही लेकिन जैसे जैसे फल आने लगा तो खुशी का एहसास होने लगा।

## नगर परिषद मार्केट कांप्लेक्स में मिला अज्ञात वृद्ध का शव

### नगर परिषद ने कराया अंतिम संस्कार

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

सदर थाना क्षेत्र के कचहरी मोड़ स्थित मार्केट कांप्लेक्स से अज्ञात वृद्ध का शव बरामद किया गया। जिसे स्थानीय लोगों की सूचना के उपरांत सदर थाना पुलिस ने जब्त करते हुए अंतिम संस्कार के लिए नगर परिषद को सौंप दिया है। बताते चले की गत एक-दो दिन से अज्ञात वृद्ध व्यक्ति नगर परिषद के मार्केट कॉम्पेक्स परिसर में पड़ा हुआ था, उसकी मृत्यु हो चुकी थी। काम्प्लेक्स के बगल में स्तिथ आश्रय गृह संचालक द्वारा मामले की सूचना नगर परिषद पदाधिकारी को दी गई वही नगर प्रशासक द्वारा घटना की सूचना सदर थाना को दी गई। तत्पश्चात सदर थाना द्वारा अज्ञात व्यक्ति के शव का जब्त कर फोटोग्राफी कराते हुए नगर परिषद को शव के अंतिम संस्कार की जिम्मेवारी सौंपी गई। मामले में सिटी मैनेजर विजय कुमार का कहना है कि रविवार शाम को मार्केट काम्प्लेक्स में अज्ञात का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी, मामले से सदर थाना को अवगत कराया गया। वहीं सदर थाना पुलिस ने शव को जब्त करते हुए शव की फोटोग्रफी करा कर नगर परिषद को शव के अंतिम संस्कार की जिम्मेवारी सौंपी गई।

### लोहरदगा से 11 तीर्थयात्री जाएंगे गोवा

लोहरदगा। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्श योजनांतर्गता बीपीएल श्रेणी के 10 तीर्थयात्री और 01 सहयात्री समेत कुल 11 तीर्थयात्रियों को दिनांक 10 जुलाई 2024 को सुबह 7 बजे लोहरदगा समाहरणालय प्रांगण से गोवा के लिए रवाना किया जाएगा। ये सभी तीर्थयात्री लोहरदगा से सड़क मार्ग से जिला प्रशासन लोहरगा द्वारा उपलब्ध कराये गये वाहन के जरिये हटिया रेलवे स्टेशन तक जाएंगे जहां से उन्हें गोवा के लिए ट्रेन से भेजा जाएगा। 10 तीर्थयात्रियों में 05 कैरो और 05 भण्डरा प्रखण्ड के निवासी हैं। तीर्थयात्रियों के साथ एक नोडल पदाधिकारी को भी गोवा भेजा जाएगा।

**प्रखंड स्तरीय आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन**

## आम का उत्पादन कर अधिक से अधिक आमदनी करें : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

भंडरा प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत प्रखंड स्तरीय आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया। मौके पर कई किस्म के आम का प्रदर्शनी किया गया। प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन बीडीओ प्रतिमा कुमारी सीओ दुर्गा कुमार ने विधिवत फीता काट कर किया. मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा की मनरेगा के तहत आम बागवानी योजना का लाभ लेने के लिए किसान आगे बढ़ें। योजना के तहत आम का उत्पादन कर अधिक से अधिक आमदनी करें और खुशहाल जिन्दगी जीयें। प्रदर्शनी मे आये किसान परमेश्वर उरांव,एतवा उरांव, एजाजुल अंसारी, इस्तेयक अंसारी सोमरा उरांव, संजय उरांव ने अपने बगान में लगे आम्रपाली,हिम सागर, लगड़ा आदि आमों का प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि आम बागवानी में इस वर्ष 20000-30000 रुपए की बिक्री कर चुके हैं। आम उत्सव कार्यक्रम में बीपीओ अभिषेक किशोर, पंचायत सचिव तिवारी भगत, महिपाल भगत,विभिन्न गावों के किसान, रोजगार सेवक सहित किसान मौजूद थे।

### प्रखंड कार्यालय परिसर में लगाया गया आम उत्सव सह बागवानी मेला



**कुडू/लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय कुडू में सोमवार को बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, कुडू सीओ मधुश्री मिश्रा और बीडीओ प्रवेश कुमार साव ने संयुक्त रूप से किया। मेले में विभिन्न पंचायतों के किसानों द्वारा अपने-अपने बगान से लाये गए आम के स्टॉल लगाये गये।

## सरकार दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सतत प्रयत्नशील है : अशोक पांडेय



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् रांची द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार समावेशी शिक्षा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में समग्र शिक्षा अभियान लोहरदगा एवं एलिम्कों भुवनेश्वर के संयुक्त तत्वावधान में जिले के सभी सातों प्रखंड में दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु दिव्यांगता जांच एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आज इसी क्रम में सर्वप्रथम जिले के सदर प्रखंड में शिविर का आयोजन कर दिव्यांग बच्चों का जांच कर आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु दिव्यांग बच्चों को सूचीबद्ध किया गया। साथ ही विगत वर्ष में चिन्हित 17 बच्चों के बीच सहायक उपकरण वितरित किया गया। वितरित उपकरण में सेरेब्रलपाल्सी वाले चार बच्चों को हियरिंग एड प्राप्त हुआ। सामग्री प्राप्त करने वाले बच्चों एवं उनके अभिभावकों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। इस अवसर पर सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी-सह-प्रभाग प्रभारी समावेशी शिक्षा अशोक पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सतत प्रयत्नशील है। इस दिशा में कई एक सार्थक कार्यक्रम चलाकर जिले के सभी तीन से 18 वर्ष की आयु के बच्चों/किशोरों को विद्यालयी व्यवस्था से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों से हर संभव सहयोग कर बच्चों को विद्यालय भेजने की अपील की।

## मुख्यमंत्री अबुआ आवास में की गई गड़बड़ी

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित डुमरी प्रखंड उपप्रमुख हाबिल टोप्पो ने जैरागी पंचायत में मुख्यमंत्री अबुआ आवास की गड़बड़ी को लेकर प्रेस विज्ञप्ति जारी किया है जिसमे कहा गया है कि डुमरी ब्लॉक में अबुआ आवास में भारी गड़बड़ी पाई गई है। जिसमें पंचायत प्रतिनिधि मुखिया के पुत्र, पुत्री और पुत्रबधु, चार चकिया गाड़ी, ट्रैक्टर, कपड़ा बिजनेस मैन, पीएम आवास लाभुक, बाहर रहने वाले लोगों को भी अबुआ आवास का लाभुक बनाया गया है। जिसका जमीन नहीं है उसको भी लाभुक बनाया गया है। जो सरकारी गाइड लाइन के अनुसार गलत है जिसमें पंचायत प्रतिनिधि के खून के रिश्तेदार ,संपन्न व्यक्ति एवम पहले से पीएम आवास लाभुक और बाहर रहने वाले व्यक्ति को अबुआ आवास का लाभ दिए जाने का प्रावधान नहीं है। जिसमें निम्नलिखित जैरागी पंचायत के लोगों को अबुआ का लाभ दिया गया है जैरागी पंचायत के अबुआ आवास की सूची इस प्रकार है।

### मतदाताओं के नए एपिक कार्ड के लिए सभी बीएलओ घर-घर जाकर सर्वे करें : राकेश कुमार तिवारी

**सेन्हा–लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में सीओ सह प्रखंड निबन्धन निर्वाचन पदाधिकारी राकेश कुमार तिवारी की अध्यक्षता में बीएलओ सुपरवाइजर और बीएलओ के साथ बैठक आयोजित हुआ. बैठक में अंचलाधिकारी ने विधानसभा आम चुनाव के मद्देनजर बीएलओ सुपरवाइजर और सभी बीएलओ को निर्देश देते हुए कहा कि विधान सभा चुनाव के दौरान किसी भी मतदाता को मतदान के लिये परेसानी जिसके लिये नए मतदताओं के नाम जोड़ें और ब्लैक एंड व्हाइट फोटो के जगह पर रंगीन फोटो डालने और मृत मतदाता या जो दूसरे जगह पर रह रहे हैं.वैसे मतदताओं का नाम मतदाता सूची से हटाने का निर्देश दिया गया है.साथ ही सख्त निर्देश देते हुए कहा कि तय समय सीमा के अंदर सभी बीएलओ को अपने अपने मतदान क्षेत्र में घर घर जा कर सर्वे करने का निर्देश देते हुए. बीएलओ सुपरवाइजर के पास रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया गया है।

### अपर समाहर्ता की अगुवाई में कृषि विभाग की हुई समीक्षा बैठक

## किसानों को चिह्नित कर उन्हें शीघ्र लाभान्वित करें : अपर समाहर्ता

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

*जो आवेदन किसानों द्वारा दिए गए हैं और बैंक स्तर पर लंबित हैं, उन्हें जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को बैंकवार आवेदनों की जांच कराते हुए कृषि कार्यालय, लोहरदगा को अग्रसारित किए जाने का निर्देश दिया गया।*

अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा की अध्यक्षता में कृषि, सहकारिता, पशुपालन, उद्यान, मत्स्य, गव्य आदि विभागों की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा लोहरदगा जिला में जून व जुलाई माह में अब तक हुई बारिश की स्थिति की जानकारी दी गई। बताया गया कि जून माह में 137 मिमी बारिश के स्थान पर मात्र 37 मिमी और जुलाई माह में 6 जुलाई तक 305 मिमी मात्र 41.4 मिमी बारिश हुई। अब तक 950 क्विंटल धान का बीज प्राप्त हो चुका है जिसमें 83 प्रतिशत धान बीज का वितरण किसानों के बीच लैम्पस के माध्यम से किया जा चुका है। अपर समाहर्ता द्वारा 15 जुलाई तक सौ प्रतिशत बीज का वितरण किसानों के बीच कर लिये जाने का निदेश दिया गया। केसीसी के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई और पीएम किसान सम्मान निधि से लाभान्वित किसानों को सौ प्रतिशत अच्छादित करते हुए केसीसी वितरण का निदेश दिया गया। साथ ही जो आवेदन किसानों द्वारा दिये गये हैं और बैंक स्तर पर लंबित हैं उन्हें जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को बैंकवार आवेदनों की जांच कराते हुए कृषि कार्यालय, लोहरदगा को अग्रसारित किये जाने का निदेश दिया गया। मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना की समीक्षा में बताया गया कि लोहरदगा जिला में अब तक 9918 किसानों का ऋण माफ किया जा चुका है जबकि शेष योग्य किसानों का लंबित है। अपर समाहर्ता द्वारा निदेश गया कि इस संबंध में त्वरित संज्ञान लेते हुए किसानों को चिन्हित कर लाभान्वित किये जाने का कार्य किया जाए। जिला में उर्वरक की उलपब्धता, मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण, कुडू में कृषक पाठशाला का निर्माण, मुख्यमंत्री सुखाड़ योजना, एनएफएसएम योजना अंतर्गत प्राप्त बीज व वितरण, कृषि यंत्र का वितरण, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) अंतर्गत किसानों को दिये गये प्रशिक्षण आदि की भी समीक्षा की गई और आवश्यक निदेश दिये गये। पशुपालन अंतर्गत संचालित योजनाओं यथा, बकरा विकास योजना, सूकर विकास योजना, ब्रॉयलर कुक्कुट पालन आदि की समीक्षा की गई और पशु शेड को पूर्ण कराते हुए योजना पूर्ण किये जाने का निदेश दिया गया। इसी प्रकार गाय की योजनाओं में भी लाभुकों को प्रेरित करते हुए योजना का निष्पादित कराये जाने का निदेश दिया गया।

## जिला मुख्यालय में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय




**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला जिला मुख्यालय स्थित शहर के ट्रैफिक व्यवस्था को सुधार करने के उद्देश्य से पूर्व में अखबारों के माध्यम से आम जनताओ को सूचित किया गया था की छः स्थलों : यथा 1) सिसई रोड में भट्टी तालाब घेराबंदी के सामने 2) थाना रोड में महिला थाना परिसर के घेराबंदी के सामने 3) लोहरदगा रोड में पुराना सरकारी बस डिपो परिसर 4) जशपुर रोड में पीडब्ल्यूडी घेराबंदी से सटकर एवं टंगरा मार्केट क्षेत्र 5) जशपुर रोड में बिरसा एग्रो पार्क प्रवेश द्वार के आसपास के क्षेत्र 6) कोर्ट परिसर में लाइब्रेरी एवं परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम के आसपास के क्षेत्र को पार्किंग क्षेत्र के रूप में घोषित किया गया है। इस निमित्त निम्न स्थल : यथा 1) जशपुर रोड में पटेल चौक से परमवीर अल्बर्ट एक्का के प्रतिमा तक 2) मेन रोड में पटेल चौक से टावर चौक तक 3) सिसई रोड में टावर चौक से भट्टी तालाब तक 4) थाना रोड में टावर चौक से थाना चौक तक 5) लोहरदगा रोड में टावर चौक से न्यू एम मार्केट तक एवं 6) पालकोट रोड में टावर चौक से भारतीय स्टेट बैंक के पहले तक नो पार्किंग जोन घोषित किया गया था। साथ ही आम जनताओं से अनुरोध किया गया था कि वे अपना वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही पार्क करते हुए सामानों का क्रय विक्रय करना सुनिश्चित करेंगे।

## न्यूज बॉक्स

### लापता किशोर का शव कुएं में मिला, जांच में जुटी पुलिस



**कुडू - लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के बढकी चापी पंचायत अंतर्गत चुंद गांव से लापता किशोर का शव ज्योति कोचिंग सेंटर के समीप कुएं में मिलने से सनसनी फैल गयी। किशोर की पहचान चुंद गांव निवासी राजकिशोर उरांव के 20 वर्षीय पुत्र अरुण उरांव के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार अरुण उरांव रविवार को घर से निकला था। देर शाम तक वापस नही आने पर परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन कुछ पता नही चला। सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने ज्योति कोचिंग सेंटर के सामने स्थित एक कुंवे के बाहर कपड़ा देखा जिसके बाद झगगर डालकर जांच करने पर अरुण का शव निकला। मामले की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा भेज जांच में जुटी है।

### गुरुकुल एकेडमी में पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**कुडू-लोहरदगा।** गुरुकुल एकेडमी कुडू में सोमवार को पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे पहली कक्षा से 8वीं तक के छात्रों ने प्रतियोगिता में भाग लिया और पेंटिग के जरिए अपने - अपने विचारों की अनूठी रचनात्मक अभिव्यक्ति सुंदर चित्र बनाकर दिखाई। तीन ग्रुप में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रतिभा कुमारी, नैंसी रंजन, रिया कुमारी ने प्रथम स्थान और अयान आमिर, खुशी कुमारी एवं आमीश साद दूसरे स्थान पर रहे। जिन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय प्रबंधन की अनुराधा आनंद ने कहा कि इस स्कूल में बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए समय समय पर इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम की सफलता के लिए जेनेट कुजूर, अरमान अमीर, साहिल खान, दीपशिखा टोप्पो, कोमल कुमारी, शाफरिंन जेबा आदि शिक्षकों का अहम योगदान रहा।

### महिला संगठन समिति ने केंद्रीय गृह मंत्री के नाम उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**लोहरदगा।** पश्चिम बंगाल में संदेश खाली, कूच बिहार और उत्तर दिनाजपुर में हुई घटना में चिंता व्यक्त करते हुए नव चेतना महिला संगठन समिति की लोहरदगा इकाई द्वारा उपायुक्त के माध्यम से केंद्रीय गृह मंत्री भारत सरकार को ज्ञापन सौंपा गया है। विज्ञापन में कहा गया है कि आए दिन पश्चिम बंगाल में महिलाओं के साथ कानून व्यवस्था गिरती जा रही है। उनके साथ घटित घटना सभ्य समाज का मस्तक लज्जा से झुका देने वाली है। महिलाओं के ऊपर शोषण और उत्पीड़न से सभी महिलाएं व्यथित हैं। ज्ञापन के माध्यम से पूरे मामले में घटना में हस्तक्षेप करने एवं घटना की न्यायिक जांच कराए जाने की मांग महिलाओं ने की है। साथ ही साथ दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की अपील की है। महिलाओं के शारीरिक और मानसिक उपचार एवं उनके पुनर्वासन की व्यवस्था करने की भी मांग की है। ज्ञापन देने वालों में नव चेतना महिला संगठन समिति लोहरदगा की ओर से सुनीता सहदेव, रानी साहू, प्रीति कुमारी एवं नीतू कुमारी मौजूद रहे।

### भंडरा में आजसू का हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजित



**भंडरा ।** अंचल व प्रखंड मुख्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू पार्टी राज्य में हल्ला बोल कार्यक्रम कर रही है। इसी क्रम में प्रशासन के विरुद्ध में सोमवार को भंडरा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में के नेतृत्व में हल्ला बोल कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी को झारखंड राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ में राज्यपाल के नाम पर सूत्री मांग पत्र का ज्ञापन सौंपा गया। इस कार्यक्रम में आजसू नैत्री नीरू शांति भगत ने कहा कि जेएमएम कांग्रेस की सरकार प्रदेश में भ्रष्टाचार की बुनियाद खड़ी कर रखी है। हर क्षेत्र में भ्रष्टाचारी कूट कूट के भरी गई है। राज्य से लेकर प्रखंड तक बिना चढ़ावे का कुछ काम नहीं हो रहा है.राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल है। जनहित की योजनाएं धरातल पर नहीं हैं। राज्य में जमीन के दाखिल - खारिज के लिए लाखों आवेदन लंबित हैं। आजसू के ने कहा की बालू घाटों की नीलामी नहीं हुई है जिससे बालू उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आबुवा आवास के लाभुक घर बनाएं तो बनाए कैसे बनाएं। मनरेगा जैसे महत्वकांक्षी योजना मे लूट मची है तो दूसरी ओर मनरेगा मजदूर मजदूरी के लिए परेशान है.छात्र -छात्राओं को जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। कवलजीत सिंह ने कहा की किसानों को खाद एवं बीज की आपूर्ति समय पर नहीं हुई है। जिससे किसान परेशान है प्रखंड सहित पूरे राज्य में बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमराई हुई है। सरकारी कार्यालयों में कर्मियों की उपस्थिति मनमानी रहती है। सरकारी योजनाओं में झारखंड आंदोलनकारियों को प्राथमिकता नहीं दी जा रही है। पेंशनधारि अगला का पेंशन नियमित रूप से भुगतान नहीं किया जा रहा है। कार्यक्रम जिला अध्यक्ष कमलजीत सिंह, मंजूर अंसारी, आकाश यादव,ने संबोधित किया। इस हल्ला बोल कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष आकाश यादव ने किया. मौके पर पंकज मिश्रा, दिलीप साहू, हरी उरांव, प्रदीप सिंह आदि मौजूद थे।

### मिर्गी से ग्रसित व आग से झुलसी असुर जनजाति महिला की स्थिति खराब

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित बिशुनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खैरी पाट निवासी 35 वर्षीय पंडरी असुर पति राजेश असुर मई के अंतिम माह में खाना पकाने के दौरान मिर्गी आने से आग में गिरकर झुलस गई थी। जिसके बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं परिजन सदर अस्पताल में इलाज के लिए ले कर आए। सदर अस्पताल में बर्न वार्ड व जले मरीज के इलाज की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण मरीज व परिजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। वहीं सदर अस्पताल में ही एक बिचौलिए ने कमीशन के चक्कर में उसे सदर अस्पताल से शहर के पालकोट रोड स्थित साहू नर्सिंग होम में भेज दिया। जहां एक रात इलाज करने का 20 हजार राजेश असुर को खर्च करना पड़ा। राजेश असुर के पास पैसा खत्म होने पर और इलाज महंगा होने से वह मायूस हो गया और दूसरे दिन अपनी पत्नी को लेकर रिम्स रांची में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा था। वही साहू नर्सिंग होम के संचालक से इस संबंध में पूछे जाने पर नीरज ने बताया 11 जून को महिला को इलाज के लिए हमारे अस्पताल में लाया गया था। जहां इसका ट्रीटमेंट किया गया। लेकिन उसे मात्र 45 सौ ही लिया गया। 20 हजार लेने की बात गलत है। वही रिम्स में डॉक्टर ने जख्म को काटने छीलने की बात कही जिससे राजेश असुर डर गया और वापस सदर अस्पताल अपनी पत्नी को लेकर आया। वहीं सदर अस्पताल में उसकी पत्नी का इलाज चल रहा है।

# जमशेदपुर में 14 लाख रुपये के गहनों की लूट

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

जिले के चाकुलिया प्रखंड के श्यामसुंदरपुर थाना क्षेत्र स्थित पिताजुड़ी चौक में सोमवार सुबह लगभग आठ बजे 14 लाख रुपए के गहनों की लूट हो गई है। बताया जाता है कि सोना दुकानदार उत्तम साव धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र स्थित महुलीशोल के निवासी हैं। वह प्रतिदिन की तरह सुबह बाइक से वे पिताजुड़ी चौक स्थित दुकान पर पहुंचे। दुकान का ताला खोलने लगे, तो देखा कि ताला का छेद बंद है। इसे देखकर वे पास के एक दुकानदार के पास गए और उसे बता रहे थे कि किसी ने ताला के छेद में बालू और फेवीक्विक डालकर उसे बंद कर दिया है। इसी बीच, बाइक पर सवार होकर दो युवक मौके पर पहुंचे। उत्तम साव की बाइक की डिक्की तोड़कर उसमें रखे गहनों से भरा बैग लेकर भाग गए। बैग में लगभग 100 ग्राम सोने के जेवरात तथा 4 से 5 किलो चांदी के जेवरात थे। अपराध को अंजाम देने के बाद लुटेरे जब भाग



रहे थे, तभी एक युवक की नजर उन पर पड़ी। उसने लुटेरे का कॉलर पकड़ लिया, लेकिन किसी तरह लुटेरे भागने में सफल रहे। मामले की सूचना श्यामसुंदरपुर थाने की पुलिस को दी गई। श्यामसुंदरपुर थाना के एसआई नरेश राम मामले की छानबीन में जुट गए हैं। गहनों की लूट में इस्तेमाल की गई बाइक बहरागोड़ा जाने वाली सड़क पर बांसदा के समीप एनएच के किनारे खड़ी मिली है। पुलिस उस बाइक के सहारे लुटेरों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। दुकान के पास मौजूद स्थानीय लोगों ने बताया है कि लुटेरों ने हेलमेट भी नहीं पहना था। अंदाजा लगाया जा रहा है कि लुटेरे काफी समय से सोना दुकान और उसके मालिक की रेकी कर रहे थे। सोना दुकान के बाहर सीसीटीवी कैमरा नहीं होने का भी लुटेरों ने फायदा उठाया।

**गहनों की लूट में इस्तेमाल की गई बाइक बहरागोड़ा जाने वाली सड़क पर बांसदा के समीप एनएच के किनारे खड़ी**

## दुबई में काम करने गए जमशेदपुर के दो युवक फंसे, एसएसपी से लगाई वापस लाने की गुहार

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के आजादनगर बगानसाही से काम करने दुबई गए दो युवक दुबई में फंस गए हैं. परिजनों ने एसएसपी से दोनों को वापस लाने की गुहार लगाई है । इस संबंध में परिजनों ने एसएसपी से मिलकर लिखित शिकायत की है । आजादनगर थाना क्षेत्र के बगानसाही निवासी फारुक और आफताब आलम अंसारी को मानगो में एक ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के संचालक आमीर ने दुबई की एक अच्छी कंपनी में नौकरी दिलाने का झांसा दिया था । दोनों युवकों से आमीर ने 75-75 हजार रुपये लिए थे । 1 जून को दोनों ने मुंबई से दुबई के लिए उड़ान भरी । दुबई पहुंचने के बाद दोनों को पता चला कि जिस कंपनी में उन्हें काम करने को कहा गया है वह दूसरी कंपनी है और वेतन भी कम है । कंपनी ने दोनों से एक एग्रीमेंट भी साइन करवाया जिसमें लिखा गया है कि दो साल से पहले कंपनी नहीं छोड़ सकते । अगर दो साल से पहले कंपनी छोड़ा तो छह हजार दिहरम ( 1.20 लाख) रुपये देने होंगे ।

# आदित्यपुर में 1983 सर्वे सेटलमेंट लागू कराने के लिए करेंगे आंदोलन : रमेश

**नवीन मेल संवाददाता। आदित्यपुर**

भाजपा नेता रमेश हांसदा ने कहा कि 1983 सर्वे सेटलमेंट आदित्यपुर में लागू कराने को लेकर जल्द आंदोलन करेंगे । वह सोमवार को यहां प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे । भाजपा नेता ने कहा कि वे इस मुद्दे को चुनावी मुद्दा बनाते हुए वर्षों से बसे लोगों को जमीन का हक दिलाने हेतु जन आंदोलन करेंगे । उन्होंने कहा कि जमशेदपुर में टाटा कंपनी ने 1907 से ही लोहे का निर्माण शुरू कर दिया था । निर्माण में लगे हजारों मजदूर अगल-बगल के क्षेत्र से लाए गए । इनमें अधिकतर आदिवासी मूलवासी शामिल हैं । इसके साथ ही आदित्यपुर में भी रैयतों से जमीन अधिग्रहण करके



औद्योगिक क्षेत्र का निर्माण किया गया । इसमें भी काम करने के लिये हजारों लोग झारखंड और अन्य प्रांतों से यहां आये ।

**पैसे के अभाव में लोगों ने नहीं खरीदी रैयती जमीन**

सरकार ने औद्योगिक क्षेत्र तो बना दिया, लेकिन यहां काम करने वालों के रहने की कोई व्यवस्था नहीं की । पैसे के अभाव में ये लोग रैयती जमीन नहीं खरीद पाए और सरकारी जमीन पर बसना शुरू किया । अब इस क्षेत्र में 43 से अधिक बस्तियां बस गईं हैं । सरकार ने भी इन लोगों को मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, सड़क, राशन सभी तरह की सुविधा मुहैया करा दी है । लेकिन अवैध तरीके में बसे होने के कारण कई अन्य लाभों से वंचित रहना पड़ रहा है । सरकार के नियम के मुताबिक कोई व्यक्ति 30 साल से ज्यादा किसी भी सरकारी जमीन पर बस जाता है तो उस जमीन पर उसका हक हो जाता है । अब भाजपा इसकी लड़ाई लड़ेगी । ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्र की बस्तियों में जन जागरण करेगी । प्रेस वार्ता में भाजपा नेता बिशु महतो, अभिजीत दत्ता, माइकल महतो, महाजन साव, केदार जायसवाल, राजेश गोप आदि शामिल थे ।

## एनीमिया मुक्त भारत बनाने को लेकर सहिया व सेविकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभा कक्ष में एनीमिया मुक्त भारत बनाने एवं टिकाकरण अभियान को लेकर सहिया व सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें प्रशिक्षक बीपीएम मारूफ खान ने प्रशिक्षणार्थियों को एनीमिया मुक्त भारत बनाने, टिकाकरण अभियान, डेंगू मलेरिया से बचाव एवं स्वस्छता के साथ डायरिया, निमोनिया, पोलियो, टेनिग आदि टीकाकरण की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। ओआरएस जिक के उपयोग की भी जानकारी दी गई। इस दौरान जटिल गर्भावस्था महिलाओं के सूची की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा एनीमिया मुक्त भारत बनाने के लिए हम सब को एक साथ मिलकर काम करना होगा।

## कोर्ट नोटिस

**ब- अदालत,**
**श्री परमानन्द उपाध्याय**
**सिविल जज सिनियर डिविजन**
**नं0-7 पलामू डालटनगंज।**

**पार्टीसन सूट नं०- 82/2009**

1. राम दूलारे शर्मा वगैरह ........ वादी

**बनाम**

1. प्रसाद मिस्त्री वगैरह ....... प्रतिवादी

**नोटिश**

**बनाम**

1. जगमनिया देवी पति शिव प्रसाद विश्वकर्मात्र निवासी ग्राम बलियारी पो० एवं थाना काण्डी, जिला- गढ़वा, राज्य- झारखंड।

2. शकून्तला देवी पति जगत नारायण विश्वकर्मा निवासी ग्राम शाहपुर पोस्ट- शापुर थाना चैनपुर जिला पलामू, झारखंड।

बजरीय इस प्रेत पब्लिकेशन द्वारा आपलोग को सूचित किया जाता है कि इस वाद में वादी आपलोग को प्रतिवादी बनाया गया है एवं न्यायालय द्वारा आपतोग के विरुद्ध निर्वाचित डाक द्वारा एवं नजारत द्वारा नोटिश का तामिला बिना समूचित तामित के वापस आ गया है।

अतः आपलोगों को यह इस अखबार के प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि दिनांक 08/08/2024 ई० समय - 10:30 बजे तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होगें, अन्यथा आपलोगों की अनुपस्थिति में एकपक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।

**इसे सख्त ताकिद जाने**

आज दिनांक - 28/06/24 ई० को मेरे न्यायालय के मूहर एवं हत्ताक्षार से निर्गत किया गया।

**न्यायालय**
**सिविल जन सिनियर डिविजन**
**नं0-7, पलामू, डालटनगंज।**

## सांसद कालीचरण सिंह मगध विस्थापित ग्रामीणों के साथ की बैठक



**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के अंतर्गत चमातू पहाड़ी मंदिर परिसर में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मगध विस्थापित ग्रामीणों का बैठक में चतरा संसदीय क्षेत्र के माननीय सांसद कालीचरण सिंह उपस्थित हुए । बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने संसद को फूलमाला पहनकर भव्य स्वागत किया। बैठक में मगध जीएम नृपेंद्र नाथ ,पिओ एस सतनारायण सहित प्रखंड उप प्रमुख कामेश्वर राम ,जिप सदस्य प्रियंका देवी, भाजपा नेता सह भावी प्रत्याशी चेतलाल राम ,भाजपा नेता रंजीत गुप्ता भाजपा नेता अमित कुमार,विजय यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे |इस दौरान मगध विस्थापित भू रैयत एवं प्रभावित ग्रामीणों ने सीसीएल को दी हुई भूमि का मुआवजा, रोजगार, क्षेत्र की विकास के साथ-साथ ट्रक के पूर्व निर्धारित भाड़ा एवं 25 हजार टन तक कोयला ट्रांसपोटिंग करने की बात रखी गई एवं ग्रामीणों ने यह भी कहा कि अगर सीसीएल से अपना हक अधिकार मांग करते हैं -धरना देते हैं तो सीसीएल हम पर झूठी मुकदमा करती है आदि समस्याओं को सुनकर सांसद कालीचरण सिंह बैठक को संबोधन करते हुए ग्रामीणों की समस्या का निदान के लिए ग्रामीणों को अस्वस्थ करते हुए मौके पर मौजूद जीएम नृपेंद्र नाथ व पिओ एस सतनारायण को कई दिशा निर्देश दिए। मौके पर विस्थापित चेतलाल राम ने भी बैठक का संबोधन कर ग्रामीणों द्वारा मांग को बुलंद किया गया।

## राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में चतरा जिला ताइक्वांडो संघ के खिलाड़ियों ने लहराया परचम

**चतरा।** राजधानी रांची के आइडियल इंटरनेशनल स्कूल दलादली में 5 से 7 जुलाई तक आयोजित 24 वीं तीन दिवसीय राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में चतरा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 सवर्ण 2 रजत और 2 कांस्य पदक अपने नाम किया। बताते चलें कि चतरा जिला के 11 खिलाड़ियों ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में मोहित तिर्की, शीर्ष मिंज, समीर कुमार, आयुष कुमार, श्रेयांश प्रधान का नाम शामिल है। प्रशांत कुमार और यश राज ने कांस्य पदक हासिल किया। जबकि नवीन तिर्की और सचिन कुमार रजत पदक जीतने में सफल रहे।

## मुंडा टोला से पीएलएफआई उग्रवादी बाबू गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। आनंदपुर**

पीएलएफआई उग्रवादी बाबू उर्फ रिंकू साहू को आनंदपुर थाना क्षेत्र के मुंडा टोला से रविवार देर शाम पुलिस ने गिरफ्तार किया. उसे सोमवार को जेल भेज दिया गया । गिरफ्तार बाबू उर्फ रिंकू साहू के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा और एक आइटेल कंपनी का मोबाइल बरामद किया है । मामले को लेकर पुलिस ने कांड संख्या 10/24 धारा -329(4)351(2) बीएनएस 25(IB)26 आर्म्स एक्ट के तहत उसे जेल भेज दिया । अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जयदीप लकड़ा ने पत्रकारों को बताया कि आनंदपुर मुंडा टोला निवासी विकास चंपिया द्वारा गुप्ता सूचना मिली थी की पीएलएफआई उग्रवादी रिंकू साहू हथियार के साथ मुंडा टोला में घूम रहा है और बंदूक की नोंक पर डरा धमका कर



जबरदस्ती हथियार विकास के घर पर रख दिया है । सूचना पर पुलिस ने टीम गठित कर मुंडा टोला में छापेमारी अभियान चलाया । इस क्रम में पुलिस को आता देख उग्रवादी रिंकू साहू हथियार लेकर भागने लगा । वहीं पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से उग्रवादी रिंकू को खदेड़ कर पकड़ लिया । उसके पास से एक देसी कट्टा और मोबाइल बरामद किया गया है । छापेमारी टीम में एसआई सदानंद कुमार, हवलदार राज बहादुर, सोर्जन होरो, गुरुचरण सोय आदि मौजूद थे ।

## ठनका से रामपुर में जला बिजली का ट्रांसफार्मर

**महुआडांड़।** प्रखंड के ग्राम रामपुर के कृषि फार्म में लगा ट्रांसफार्मर पर रविवार की देर रात आसामनी ठनका गिरने से ट्रांसफार्मर जल गया। जिससे कारण पूरे रामपुर सहित कई अन्य मोहल्ले में बिजली सप्लाई पूरी तरह से बाधित है। लोगों को बिजली नहीं मिलने से कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। इस संबंध में बिजली विभाग के एसडीओ दुगार्शंकर सिंह ने बताया कि रामपुर में ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना है।


## कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

**मत्स्य पालकों के लिए अनुदान पर फ्लोटिंग फीश फीड**

एतद् द्वारा गढ़वा जिले के मत्स्य पालकों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश सं0 04रा0/(वि0) दिनांक 30.05.2024 के द्वारा फीड बेस्ड फिशरीज योजना अन्तर्गत अतिरिक्त मछली उत्पादन हेतु अनुदान पर फ्लोटिंग फिश फीड उपलब्ध कराने की योजना है।

भौतिक लक्ष्य निम्नवत् है–

| क्र0 सं0 | कोटि | 2 mm अथवा इससे छोटे फ्लोटिंग फीड के क्रय का भौतिक लक्ष्य (टन में) | झस्कोफिश/विभागीय फिश फिड मिल/PMMSY अन्तर्गत निर्मित फिश फीड मिल से फ्लोटिंग फीड के क्रय का भौतिक लक्ष्य (टन में) | 2 mm से बड़े 4mm तक के फ्लोटिंग फीड के क्रय का भौतिक लक्ष्य (टन में) | कुल लक्ष्य (टन में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य | 15 | 05 | 10 | 30 |

- 50 प्रतिशत अथवा मो0 25/रु0 मात्र प्रति कि0ग्रा0 अधिकतम अनुदान पर फिश फीड उपलब्ध कराया जयेगा। यह लाभ विभाग द्वारा स्थापित फिश फीड मिल या झास्कोफिश से उत्पादित फीड पर ही मिलेगा।
- 2 mm अथवा इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर भी मो0 25/रु0 मात्र प्रति कि0ग्रा0 की दर से अनुदान देय होगा, इसकी अधिसीमा एक लाभुक को अधिकतम कुल 700 कि0ग्रा0 निर्धारित है।
- 2 mm से बड़े 4mm साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर भी 50 प्रतिशत् मो0 25/रु0 मात्र प्रति कि0ग्रा0 फीड की दर से अनुदान देय होगा, इसकी अधिसीमा एक लाभुक को अधिकतम कुल 1200 कि0ग्रा0 निर्धारित है।

उपरोक्त तथ्यों के आलोक में गढ़वा जिला के इच्छुक मत्स्य पालकों से दिनांक 25.07.2024 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा में निःशुल्क उपलब्ध है।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

PR 328935 Fish (24-25)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – **EE/RDSD/PALAMAU-03/2024-25**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पलामू जिला के हुसैनाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत जमुआ पंचायत के अमही ग्राम में कुकही नदी पर पुल निर्माण। | 1,89,11,500.00 | 3,79,000.00 | 10000.00 | 15 माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – **18.07.2024**
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक **18.07.2024** से दिनांक **03.08.2024** को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – **06.08.2024** अपराह्न 2:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू

PR 328945 Rural Development(24-25)#D


## न्यूज बॉक्स

### मोहर्रम को लेकर बहरागोड़ा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा थाना परिसर में मोहर्रम को लेकर सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई । शांति समिति के सदस्यों ने विभिन्न समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया । बैठक में डीसीएलआर एनएन



सुरीन ने कहा कि बहरागोड़ा आपसी एकता का प्रतीक है । उन्होंने भाईचारे के साथ पर्व त्योहार को मानने की अपील की । बीडीओ केशव भारती, सीओ भोला शंकर महतो आदि ने भी अपने-अपने विचार रखें । संचालन एसआई राहुल कुमार ने किया । इस मौके पर स्वपन कुमार माहतो, आदित्य प्रधान, दिलीप साव, बाप्तू साव, असित मिश्रा, मिंटू पाल, पानसोरी हांसदा, ललित मांडी, मदन मन्ना, राजकुमार कर, तरुण मिश्रा, अभिजीत जाना, मकसूद अंसारी, खलील खान, परवेज आलम, मो । इकबाल,अब्दुल कायम, जब्बर खान, रहीम खान, अजीमउद्दीन एवं कई पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सेल ने शुरू किया गुवा शहीद स्मारक का सौन्दर्यीकरण

**जमशेदपुर।** गुवा बाजार स्थित शहीद स्थल का सौन्दर्यीकरण का कार्य सेल की गुवा प्रबंधन द्वारा युद्ध स्तर पर प्रारंभभ किया गया है । शहीद स्थल पर बरसात के मौसम में जल जमाव हो जाता था । इससे गुवा गोलीकांड से जुड़े शहीद दिवस के दिन शहीदों को श्रद्धांजलि देने आने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था । इसी परेशानी को देखते हुए शहीद स्थल एवं स्मारक को ऊंचा करने का कार्य प्रारंभ किया गया है । इससे यहां होने वाले जलजमाव से मुक्ति मिल जाएगी । झामुमो के सक्रिय कार्यकर्ता वृंदावन गोप ने इसके लिये गुवा प्रबंधन के प्रति आभार जताया है ।

### योग शिक्षक सह उत्कृष्ट कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन

**जमशेदपुर।** परमहंस लक्ष्मीनाथ गोस्वामी मंदिर परिसर बिष्टुपुर में सोमवार को पतंजलि योग परिवार पूर्वी सिंहभूम द्वारा योग शिक्षक सह उत्कृष्ट कार्यकर्ता सम्मान सम्मेलन आयोजित किया गया । जिसमें 20 नव



प्रशिक्षित योग शिक्षक और पूरे जिले से 80 उत्कृष्ट योग कार्यकताओं को सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पतंजलि किसान सेवा समिति झारखंड के राज्य प्रभारी करम कोइरी थे । समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पतंजलि के योग शिक्षक जिस तरह से निःशुल्क और निःस्वार्थ भावना से लोगों के बीच योग का शिक्षण प्रशिक्षण का कार्य करते हैं वह अनमोल है । घर-घर यज्ञ और घर-घर योग से ही स्वस्थ, समृद्ध और वैभवशाली भारत का निर्माण हो सकता है। समारोह में सम्मानित अतिथि के रूप में जाने-माने मोटिवेशनल मैनेजमेंट गुरु चंदेश्वर खां ने भी संबोधित किया । मौके पर भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी अजय कुमार झा, आयुर्वेद चिकित्सक डॉ । मनीष डूड़िया, परमहंस लक्ष्मीनाथ गोस्वामी मंदिर समिति के कार्यकारी अध्यक्ष संतोष कुमार ठाकुर, पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी कृष्ण कुमार, जिला यज्ञ प्रभारी आशुतोष कुमार झा और सैकड़ो पतंजलि कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# जिला निर्माण संघर्ष समिति घाटशिला ने एसडीओ आफिस के सामने दिया धरना

**नवीन में संवाददाता। जमशेदपुर**

जिला निर्माण संघर्ष समिति घाटशिला की ओर से घाटशिला को जिला बनाने की मांग को लेकर सोमवार को घाटशिला अनुमंडल कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया. समिति के संयोजक भाजपा नेता लखन मार्डी ने धरना प्रदर्शन में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि जमशेदपुर की उपनिवेशवाद की गुलामी ने घाटशिला को गर्त में धकेल दिया । यहां की जनता आज भी पश्चिम बंगाल और ओडिशा के भरोसे जिंदा है । स्वास्थ्य सेवा झाडग्राम, बारीपदा, भुवनेश्वर व कटक के अस्पतालों के भरोसे है । यहां की शिक्षा व्यवस्था बदहाल है । यहां की सड़कें बदहाल हैं ।

लखन मार्डी ने कहा कि जब घाटशिला मेन रोड पर घुटना से ऊपर कचरा पानी बहता हो तो इस



क्षेत्र की जनता सुदूरवर्ती इलाकों के गांव में किस तरह से रहती है यह कल्पना की जा सकती है । पेयजल की समस्या विकराल रूप ले चुकी है । यहां के लोग आज भी पीएम आवास, आबुआ आवास, वृद्धा पेंशन जैसी सुविधाओं से वंचित हैं। टाटा कंपनी की गोद में फलने फूलने वाले नेता और अधिकारी इस क्षेत्र के आम जनमानस की समस्या को नहीं समझ पाते। इसलिए घाटशिला को जिला बनाना अति आवश्यक है । जिसमें घाटशिला और बहरागोड़ा दो अनुमंडल बने |प्रो । मित्रेश्वर ने कहा इस क्षेत्र के लोगों के साथ भारी अन्याय हुआ है । जब सरायकेला, खरसावां, सिमडेगा, लोहरदगा, रामगढ़ आदि क्षेत्र जिला बन सकता है तो घाटशिला की अवश्य सुधि ली जानी चाहिए थी । भाजपा नेत्री एवं समाजसेवी गीता मुर्मू ने कहा कि संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक घाटशिला जिला नहीं बनेगा । सभा का संचालन प्रदीप कुमार पिंटू ने किया । धन्यवाद ज्ञापन समाज सेवी तपन बेहरा ने किया । मुख्य रूप से प्रो सुबोध सिंह, हेमंत नारायण देव, विश्वनाथ बेहरा, सत्या तिवारी, संजय महाकुड, सुजन मन्ना, कौशिक कुमार, मंटू प्रजापति, दीपक दंडपाठ के साथ बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे ।

# बीडीओ ने सौंपा दिव्यांगता लाभ का प्रमाण पत्र, कहा- जनहित कार्य पहली प्राथमिकता




**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी मनिष कुमार ने कार्यालय कक्ष में सोमवार को लाभुक सेमू कुमारी को दिव्यांगता लाभ का प्रमाण पत्र सौंपा। प्रमाण पत्र मिलने से लाभुक के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। बीडीओ ने कोई भी जनहित कार्य के लिए बिचौलिओं से बचने की सलाह दिते हुए लाभुक को स्वंय से हीं कार्यालय पहंच कर आवेदन करने को कहा। ताकि लाभुक को कार्यालय का चक्कर नहीं काटना पडे। जरुरतमंद लाभुक को आवश्यकता अनुसार तत्काल लाभ दिया जाएगा। मौके पर प्रधान सहायक जयप्रकाश पाठक के अलावा अन्य उपस्थित थे।

# जिलास्तरीय रोजगार मेला का किया गया आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

नगर भवन में जिला नियोजनालय गिरिडीह के द्वारा सोमवार को जिलास्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन सम्मानित जनप्रतिनिधि व वरीय अधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। रोजगार मेला की शुरूआत जिला नियोजन पदाधिकारी के द्वारा स्वागत अभिभाषण के साथ किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने रोजगार सृजन मेला में लगाएं गए 21 कंपनियों के स्टॉलों का निरीक्षण किया। मेला में सांकेतिक रूप से ऑन स्पॉट दर्जन भर चयनित युवक-युवतियों के बीच नियुक्ति पत्र सौंपा गया। मेले में गिरिडीह जिले

*अलग-अलग सेक्टर की 21 बड़ी कंपनियों ने भाग लिया*




के 1500 से 2000 अभर्थियों ने भाग लिया, जिसमें से 156 युवक-युवतियों का चयन किया गया तथा 453 युवक-युवतियों को शॉर्टलिस्टेड किया गया।

इस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी ने कहा कि गिरिडीह जिले के युवाओं को बेहतर से बेहतर रोजगार के विकल्प उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि जिले में बड़ी-बड़ी कंपनियों के द्वारा जिले के युवाओं को चिन्हित कर रोजगार मुहैया कराया जा सके। जिससे कि उनका भविष्य बेहतर हो सके। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का मनोबल बढ़ेगा और उनको रोजगार का अवसर प्रदान किया जाएगा।


## कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

**मत्स्य विपणन योजना हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश संख्या 07 रा0 (वि0)/दिनांक–19.06.2024 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु मत्स्य विपणन योजना के अन्तर्गत स्वच्छ अवस्था में मछलियों तथा मछलियों के बीज परिवहन के लिए मत्स्यजीवी सहयोग समितियों अथवा उनके सदस्यों को अनुदान पर चार पहिया भारवाहक वैन उपलब्ध कराया जाना है। गढ़वा जिले को प्राप्त लक्ष्य निम्नवत् है,

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | भौतिक लक्ष्य | अनुमानित इकाई लागत | विभागीय अनुदान |
|---|---|---|---|---|
| | | सामान्य | | |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 |
| 1. | मत्स्य विपणन योजना के अन्तर्गत चार पहिया भारवाहक वैन | 01 | 6.00 लाख | 60% अथवा अधिकतम 3.60 लाख (दोनों में जो भी कम हो) |

**नियम व शर्तें :–**

- ✓ लाभुक द्वारा कम से कम 6.00 लाख रु0 का भार वाहक वैन खरीदना होगा।
- ✓ आवेदक/आवेदक समिति मछली के विपणन कार्य अथवा मछली के बीज का परिवहन करती हो।
- ✓ आवेदक/आवेदक समिति अपना अंशदान लगाने में सक्षम हो।
- ✓ आवेदक मत्स्यजीवी सहयेग समिति के सदस्य हो।
- ✓ आवेदक मत्स्य बिक्री अथवा थोक व्यापार से जुड़ा हो।
- ✓ आवेदक को आवेदन के साथ वित्तीय वर्ष 2023–24 का अंकेक्षण प्रतिवेदन की छाया प्रति लगाना अनिवार्य है।
- ✓ आवेदक/मत्स्यजीवी सहयोग समिति सक्रिय हो।

उपयुर्क्त विवरण एवं शर्तों के अधीन इच्छुक मत्स्यजीवी सहयोग समितियों अथवा उनके सदस्यों से दिनांक 25.07.2024 तक जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन का प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा में निःशुल्क उपलब्ध है।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

PR 328938 Fish (24-25)_D

राष्ट्रीय नवीन मेल
डालटनगंज (मेदिनीनगर)
मंगलवार 09 जुलाई, 2024



**संगति आपको ऊंचा उठा भी सकती है और यह आपको ऊंचाई से गिरा भी सकती है, इस लिए संगति अच्छे लोगों से करें : स्वामी विवेकानंद**

# डायबटीज की राजधानी बनता भारत और झारखंड

***झारखंड*** की पहचान एक मेहनती और सक्रिय राज्य के रूप में है जहां के जंगल पहाड़ों और दुर्गम गांवों के बीच रहने वाले ईमानदार लोग कठिन परिश्रम से न सिर्फ अपना बल्कि राज्य का नाम रौशन करते रहे हैं। यही कारण है कि यहां के मजदूरों की मांग देश ही नहीं विदेशों तक में है और सदियों से इन्होंने असम से लेकर अंडमान निकोबार को समृद्ध किया है। पर अब एक नवअभिजात्य वर्ग उभरा है जो शारीरिक परिश्रम नहीं करने से बीमारियों का शिकार हो रहा है। झारखंड ही नहीं भारत में बढ़ती शारीरिक अकर्मण्यता एवं आलसीपन एक समस्या के रूप में सामने आ रहा है, लोगों की सक्रियता एवं क्रियाशीलता में कमी आना एवं वयस्कों में शारीरिक निष्क्रियता का बढ़ना चिन्ता का सबब है। इस दृष्टि से प्रतिष्ठित लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल की वह हालिया रिपोर्ट आईना दिखाने वाली है जिसमें पचास फीसदी भारतीयों के शारीरिक श्रम न करने का उल्लेख है। महिलाओं की स्थिति ज्यादा चिंता बढ़ाने वाली है। उनकी निष्क्रियता का प्रतिशत 57 है। वैसे अकेले पुरुषों की निष्क्रियता का प्रतिशत 42 है। इस अध्ययन में यह अनुमान लगाया गया है कि अगर वर्तमान में तेजी से पसर रहा आलसीपन एवं शारीरिक निष्क्रियता इसी तरह जारी रहा तो 2030 तक भारत में अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता वाले वयस्कों की संख्या बढ़कर साठ प्रतिशत तक पहुंच जायेगी, जो चिन्ताजनक है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत की आधी वयस्क आबादी विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के शारीरिक गतिविधि संबंधी मानदंडों को पूरा नहीं कर रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के वयस्कों में अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता का पैमाना 2000 में 22.3 फीसदी से बढ़कर 2022 में 49.4 फीसदी हो गई है, साथ ही इसमें बताया गया है कि देश में महिलाएं पुरुषों की तुलना में ज्यादा शारीरिक रूप से ज्यादा निष्क्रिय हुई हैं। इस निष्क्रियता, आलसीपन एवं उदासीनता का कारण बढ़ते उपभोक्तावाद एवं शहरीकरण से उपजी सुविधावादी एवं आरामदायक जीवनशैली है। इसके कारण बीमारियां भी बढ़ रही है। क्योंकि जब व्यक्ति को सुस्त, निढ़ाल एवं निस्तेज देखा जाता है तो इसका सीधा अर्थ यही लगाया जाता है कि शायद उसकी तबीयत ठीक नहीं है। विडम्बना यह भी है कि समय के साथ विस्तृत होने दायरे के बीच ज्यादातर लोगों की व्यस्तता तो बढ़ी है, मगर उनकी शारीरिक सक्रियता, उत्साह एवं जोश में तेजी से कमी आई है, जो नये बनते भारत एवं सशक्त भारत के निर्माण के संकल्प के सामने एक बड़ी चुनौती है। भविष्य के झारखंड को लेकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश की साठ प्रतिशत आबादी अगर शारीरिक रूप से पर्याप्त सक्रिय नहीं रहे तो आने वाले वक्त में यहां की आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक रूप से कैसी तस्वीर बनेगी। लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल की हालिया रिपोर्ट आंख खोलने वाली है, रिपोर्ट गंभीर चिन्तन-मंथन की आवश्यकता को भी उजागर कर रही है। यह जानते हुए भी कि भारत लगातार मधुमेह और हृदय रोग जैसी बीमारियों में जकड़ता हुआ बीमार राष्ट्र बनता जा रहा है। इन असाध्य बीमारियों का कारण कहीं-न-कहीं श्रम की कमी एवं सुविधावादी जीवनशैली ही है। दरअसल, आजादी के बाद देश में आर्थिक विकास को गति मिली है। अब हम दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। औसत भारतीय के जीवन स्तर में सुधार जरूर आया है तो आम नागरिक का जीवन सुविधावादी भी बना है। इस संकट की वजह शहरीकरण और जीवन के लिये जरूरी सुविधाओं का घर के आस-पास उपलब्ध हो जाना भी है, आनलाइन प्रचलन भी बड़ा कारण बन रहा है। पहले देश की साठ फीसदी से अधिक आबादी कृषि व उससे जुड़े श्रमसाध्य कार्यों में सक्रिय थी। लेकिन अब मेहनतकश किसान को कोई शारीरिक श्रम करने की जरूरत नहीं पड़ती है, कृषि की ही तरह अन्य श्रम से जुड़े कार्यों में भी मेहनत एवं श्रम पहले ही तुलना में कम करना पड़ता है क्योंकि धीरे-धीरे कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में आधुनिक यंत्रों व तकनीकों ने शारीरिक श्रम की महत्ता को कम किया है। कृषि-क्रांति से बड़ी संख्या में निकले लोगों ने शहरों को अपना ठिकाना बनाया, लेकिन वे शारीरिक सक्रियता को बरकरार नहीं रख पाये। इन स्थितियों ने भी व्यक्ति को आलसी, अकर्मण्य एवं सुस्त बनाया है। इस शारीरिक निष्क्रियता के मूल में भारतीय पारिवारिक संरचना व सांस्कृतिक कारण भी हैं।

इन दिनों

# मध्यवर्गीय परिवारों को केंद्र से है आर्थिक मामलों में राहत की आस


प्रहलाद सबनानी

***जुलाई*** 2024 माह में शीघ्र ही केंद्र सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पूर्णकालिक बजट पेश किया जाने वाला है। हाल ही में लोक सभा के लिए चुनाव भी सम्पन्न हुए हैं एवं भारतीय नागरिकों ने लगातार तीसरी बार एनडीए की अगुवाई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता की चाबी आगामी पांच वर्षों के लिए इस उम्मीद के साथ पुनः सौंप दी है कि आगे आने वाले पांच वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा देश में आर्थिक विकास को और अधिक गति देने के प्रयास जारी रखे जाएंगे। अब केंद्र सरकार में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शीघ्र ही केंद्रीय बजट पेश करने जा रही हैं। पिछले लगातार दो वर्षों के बजट में पूंजीगत खर्चों की ओर इस सरकार का विशेष ध्यान रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 7.50 लाख करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान पूंजीगत खर्चों के लिए किया गया था और वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस राशि में 33 प्रतिशत की राशि की भारी भरकम वृद्धि करते हुए 10 लाख करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान पूंजीगत खर्चों के लिए किया गया था। हालांकि, वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए भी 11.11 लाख करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है जो पिछले वर्ष की तुलना में केवल 11 प्रतिशत ही अधिक है। इस राशि को यदि 33 प्रतिशत तक नहीं बढ़ाया जा सकता है तो इसे कम से कम 25 प्रतिशत की वृद्धि के साथ आगे बढ़ाने के प्रयास होना चाहिए अर्थात वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 11.11 लाख करोड़ रुपए की राशि के स्थान पर 12.5 लाख करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान पूंजीगत खर्चों के लिए किया जाना चाहिए। किसी भी देश की आर्थिक प्रगति को गति देने के लिए पूंजीगत खर्चों में वृद्धि होना बहुत आवश्यक है और फिर



भारत ने तो वित्तीय वर्ष 2023-24 में 8 प्रतिशत से अधिक की आर्थिक विकास दर की रफ्तार को पकड़ा ही है। आर्थिक विकास की इस वृद्धि दर को बनाए रखने एवं इसे और अधिक आगे बढ़ाने के लिए पूंजीगत खर्चों में वृद्धि करना ही चाहिए। आर्थिक विकास दर में तेजी के चलते देश में रोजगार के नए अवसर भी अधिक मात्रा में विकसित होते हैं। जिसकी वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारत को बहुत अधिक आवश्यकता भी है। भारत में पिछले 10 वर्षों के दौरान विकास की दर को तेज करने के चलते ही लगभग 25 करोड़ नागरिक गरीबी रेखा के ऊपर उठ पाए हैं एवं करोड़ों नागरिक मध्यवर्ग की श्रेणी में शामिल हुए हैं। अब भारत में गरीबी की दर 8.5 प्रतिशत रह गई है जो वित्तीय वर्ष 2011-12 में 21.1 प्रतिशत थी। गरीबी की रेखा से बाहर आए इन नागरिकों एवं मध्यवर्गीय नागरिकों ने देश में उत्पादों की मांग में वृद्धि करने में अहम भूमिका निभाई है। साथ ही, कर संग्रहण में भी इस वर्ग ने महती भूमिका अदा की है। आज प्रत्यक्ष कर संग्रहण लगभग 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करता हुआ दिखाई दे रहा है तथा वस्तु एवं सेवा कर भी अब औसतन लगभग 1.80 लाख करोड़ रुपए प्रतिमाह से अधिक की राशि के संग्रहण के साथ आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। साथ ही, भारतीय रिजर्व बैंक ने भी वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 2 लाख करोड़ से अधिक की राशि का लाभांश केंद्र सरकार को उपलब्ध कराया है तो सरकारी क्षेत्र के बैंकों/उपक्रमों ने 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित कर केंद्र सरकार को भारी भरकम राशि का लाभांश उपलब्ध कराया है, जबकि कुछ वर्ष पूर्व तक केंद्र सरकार को सरकारी क्षेत्र के बैंकों के घाटे की आपूर्ति हेतु इन बैंकों को बजट में से भारी भरकम राशि उपलब्ध करानी होती थी। कुल मिलाकर इस आमूल चूल परिवर्तन से केंद्र सरकार के बजटीय घाटे में भारी कमी दृष्टिगोचर हुई है। केंद्र सरकार का बजटीय घाटा कोविड महामारी के दौरान 8 प्रतिशत से अधिक हो गया था जो अब वित्तीय वर्ष 2024-25 में घटकर 5.1 प्रतिशत तक नीचे आने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इस प्रकार, अब यह सिद्ध हो रहा है कि केंद्र सरकार ने न केवल अपने वित्तीय संसाधनों में वृद्धि करने में सफलता अर्जित की है बल्कि अपने खर्चों को भी नियंत्रित करने में सफलता पाई है। पूंजीगत खर्चों में वृद्धि के साथ ही, केंद्र सरकार द्वारा अपने बजट में मध्यवर्गीय नागरिकों को आय कर की राशि में छूट देने का प्रयास भी वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में किया जाना चाहिए। क्योंकि, प्रत्यक्ष कर संग्रहण में हो रही भारी भरकम 25 प्रतिशत की वृद्धि इसी वर्ग के प्रयासों के चलते सम्भव हो पा रही है। मध्यवर्गीय नागरिकों के हाथों में अधिक राशि पहुंचने का सीधा सीधा फायदा अर्थव्यवस्था को ही होता है। मध्यवर्गीय नागरिकों के हाथों में यदि खर्च करने के लिए अधिक राशि पहुंचती है तो वह विभिन्न उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देता है इससे इन उत्पादों की मांग में वृद्धि दर्ज होती है और इन उत्पादों का उत्पादन बढ़ता है। उत्पादन बढ़ने से रोजगार के नए अवसर अर्थव्यवस्था में निर्मित होते हैं एवं कम्पनियों द्वारा विनिर्माण इकाईयों का विस्तार किया जाता है तथा निजी क्षेत्र में भी पूंजीगत निवेश बढ़ता है। कुल मिलाकर अर्थव्यवस्था के चक्र को बढ़ावा मिलता है जो अंततः देश के कर संग्रहण में भी वृद्धि करने में सहायक होता है। मध्यवर्गीय परिवार के आय कर में कमी करने से बहुत सम्भव है कि भारत में औपचारिक अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिले। क्योंकि कई देशों में यह सिद्ध हो चुका है कि कर की राशि को कम रखने से औपचारिक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलता है इससे कर की दर को कम करने के उपरांत भी कर संग्रहण में वृद्धि होते हुए देखी गई है। ऐसा कहा जाता है कि भारत में अभी भी अनऔपचारिक अर्थव्यवस्था औपचारिक अर्थव्यवस्था के करीब करीब बराबरी पर ही चलती हुए दिखाई देती है। हालांकि केंद्र सरकार द्वारा अर्थव्यवस्था में आर्थिक व्यवहारों के भारी मात्रा में डिजिटलीकरण करने के उपरांत भारत की अर्थव्यवस्था को औपचारिक बनाने में बहुत मदद मिली है और इसी के चलते ही वस्तु एवं सेवा कर का संग्रहण लगभग 1.80 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि प्रतिमाह के स्तर पर पहुंच सका है। अतः कुल मिलाकर देश में मध्यवर्गीय परिवारों की संख्या जितनी तेज गति से आगे बढ़ेगी देश का आर्थिक विकास भी उतनी ही तेज गति से आगे बढ़ता हुआ दिखाई देगा। **(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## आपकी बात

### नैति योगिक क्रिया साइनस रोग से बचाव करती है: योगाचार्य महेशपाल

***नेति*** षट्कर्म नासिका मार्ग को साफ करने और शुद्ध करने की प्रक्रिया


योगाचार्य महेशपाल



है, जिसमें गुनगुना नमकीन जल, सूत्र (धागा) दूध और घी का प्रयोग किया जाता है। जिससे साइनस में जमा हुआ मैल बाहर निकलता है और संतुलित श्वास को बढ़ावा मिलता है। योगाचार्य महेशपाल बताते हैं की नेति हठयोग में वर्णित एक महत्वपूर्ण शरीर शुद्धि योग क्रिया है। नेति, षटकर्म का महत्वपूर्ण अंग है। नेति मुख्यतः सिर के अन्दर वायु-मार्ग को साफ करने की क्रिया है। हठयोग प्रदीपिका और घेरंड सहिता में नेति के बहुत से लाभ वर्णित हैं। **नेति के मुख्यतः दो रूप हैं :** जलनेति तथा सूत्रनेति। जलनेति में जल का प्रयोग किया जाता है; सूत्रनेति में धागा या पतला कपड़ा प्रयोग में लाया जाता है जलनेति में पानी से नाक की सफाई की जाती और आपको साइनस, सर्दी, जुकाम , पोल्लुशन, इत्यादि से बचाता है। जलनेति में नमकीन गुनगुना पानी का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें पानी को नेटिपोट से नाक के एक छिद्र से डाला जाता है और दूसरे से निकाला जाता है। फिर इसी क्रिया को दूसरी नॉस्ट्रिल से किया जाता है। अगर संक्षेप में कहा जाए तो जलनेति एक ऐसी योग है जिसमें पानी से नाक की सफाई की जाती है और नाक संबंधी बीमारीयों से आप निजात पाते हैं। जलनेति दिन में किसी भी समय की जा सकती है। यदि किसी को जुकाम हो तो इसे दिन में कई बार भी किया जा सकता है। इसके लगातार अभ्यास से यह नासिका क्षेत्र में कीटाणुओं को पनपने नहीं देती। सूत्र नेति में, गीली डोरी या पतली सर्जिकल ट्यूबिंग की लंबाई को सावधानीपूर्वक और धीरे से नाक के माध्यम से मुंह में डाला जाता है। फिर छोर को मुंह से बाहर निकाला जाता है और दोनों सिरों को एक साथ पकड़कर बारी-बारी से डोरी को नाक और साइनस से अंदर और बाहर खींचा जाता है। इसका उपयोग नाक को साफ करने और नाक के पॉलीप्स को हटाने के लिए भी किया जाता है। सूत्र नेति एक नाक साफ करने वाला योगाभ्यास है जिसमें नाक के क्षेत्र और बाहरी श्वसन क्षेत्रों को नरम धागे की मदद से साफ किया जाता है। नेति योग क्रिया का अभ्यास योग गुरु या योगाचार्य के मार्गदर्शन में ही किया जाना चाहिए, साइनस नाक के आसपास चेहरे की हड्डियों के भीतर नम हवा के रिक्त स्थान हैं, जिन्हें 'वायुविवर' या साइनस कहते हैं। साइनस पर उसी श्लेष्मा झिल्ली की परत होती है, जैसी कि नाक और मुँह में। जब किसी व्यक्ति को जुकाम तथा एलर्जी हो, तो साइनस ऊतक अधिक श्लेष्म बनाते हैं एवं सूज जाते हैं। साइनस का निकासी तंत्र अवरुद्ध हो जाता है एवं श्लेष्म इस साइनस में फँस सकता है। बैक्टीरिया, कवक एवं वायरस वहाँ विकसित हो जाते हैं तथा वायुविवरशोथ,या साइनसाइटिस रोग का कारण बन जाते हैं।

अपराध

# साइबर अपराधियों और करप्शन से बचाना होगा बैंकों को


आर.के.सिन्हा

***नरेन्द्र*** मोदी सरकार के केन्द्र में लगातार तीसरी बार सत्ता पर काबिज होने के बाद एक उम्मीद पैदा हुई है कि सरकार अब बैंकिंग सेक्टर को अधिक पारदर्शी और बेहतर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाती रहेगी। बीते कुछ सालों के दौरान, भारतीय बैंकों ने जितने उतार-चढ़ाव झेले हैं, शायद किसी अन्य देश ने नहीं झेला होगा। कई भारतीय बैंक अनेक घोटालों-घपलों, ऋण अदायगी न होने, जालसाजियों, अनर्जक परिसम्पत्तियों (नॉन परफॉर्मिंग एसेट्स) के बढ़ते बोझ, कर्जमाफी की गलत नीतियों आदि के कारण कई बार तो पूरी तरह डूब गए या भारी घाटे में चले गए। इससे निपटने के लिए पूर्ववर्ती केंद्र सरकारों ने कुछ कदम भी उठाए, लेकिन, इनके आधे-अधूरे कार्यान्वयन से आशातीत सफलता नहीं मिली। लेकिन, राहत की बात है कि मोदी सरकार ने पिछले दस वर्षों में बैंकिंग क्षेत्र में फैली

> **राहत की बात है कि मोदी सरकार ने पिछले दस वर्षों में बैंकिंग क्षेत्र में फैली गड़बड़ियों को दूर करने के लिए अनेक फौरी कदम उठाए, जिससे बैंकों की स्थिति में अब धीरे-धीरे सुधार आने लगा है।**

गड़बड़ियों को दूर करने के लिए अनेक फौरी कदम उठाए, जिससे बैंकों की स्थिति में अब धीरे-धीरे सुधार आने लगा है। नेक घोटालेबाजों की सम्पत्ति कुर्क कर ऋण वसूली भी की गई है, बैंकों का पुनर्पूंजीकरण किया गया और अनर्जक परिसम्पत्तियों का बोझ काफी कम हुआ है। क्या यह सुखद स्थिति नहीं है कि 2013 से 2017 के बीच बैंकों की अनर्जक परिसम्पत्तियां 12.47 प्रतिशत थी, जो धीरे-धीरे लुढ़कते हुए सितंबर 2023 में 3.2 प्रतिशत हो गई, भले ही इसमें सरकार द्वारा बैंकों के पुर्नपूंजीकरण का एक महत्वपूर्ण योगदान रहा। अब सवाल यह है कि क्या बैंकों में सुधार की वर्तमान स्थिति भविष्य में भी जारी रहेगी या 'लौट के बुद्धु घर आए' की कहावत चरितार्थ होगी? यह उबड़-खाबड़ स्थिति सोचने को विवश करती है कि जब तक लंबे समय तक सुधार प्रक्रिया जारी नहीं रहेगी, तब तक समस्या का स्थायी निराकरण संभव नहीं है। इस विषय पर वरिष्ठ लेखक श्रीपाल जैन की हालिया प्रकाशित पुस्तक -'भारतीय बैंकों का बदलता चेहरा' उपरोक्त विविध पहलुओं का बखूबी विश्लेषण करती है। आजादी से पहले और बाद में बैंकों में घोटालों, महाघोटालेबाजों, जालसाजी के हथकंडों, बैंकिंग में साइबर अपराधों, येस बैंक के उत्कर्ष एवं पतन, अनर्जक परिसम्पत्तियों के मकड़जाल आदि का विस्तृत विवरण दिया गया है।
**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## फेसबुक वॉल से

**Shashi Ranjan Singh**
11 h ·

Patratu Lake and Patratu Lake resort - A awesome tourist place in Jharkhand t... See more




83 · 18 comments
Like · Comment · Send · Share

**Shashi Ranjan Singh**
यहाँ शादी भी कर सकते हैं!
Like · Reply · 1

## X - से

**लोक पंक्तियाँ @Lokpanktiyan · 1d**
यह सवाल उसे शर्मिंदा कर देता है...

बेरोज़गार

यह सवाल उसे शर्मिन्दा कर देता है
कि क्या कर रहा है वह आजकल

वह डकैती नहीं डालता
वह तस्करी नहीं करता
वह हत्याएँ नहीं करता
वह फ़रेबी वादे नहीं करता
वह देश नहीं चलाता

फिर भी यह सवाल उसे शर्मिन्दा कर देता है
कि क्या कर रहा है वह आजकल

कवि - देवी प्रसाद मिश्र

The Poetic House and 6 others
6 · 262 · 1.4K · 86K

**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# राजस्थान भाजपा में चल रही उठा पटक


नीरज कुमार दुबे

***किरोडी*** लाल मीणा इस्तीफा वापस लेंगे या नहीं, इन अटकलों के बीच उनकी पत्नी तथा पूर्व मंत्री गोलमा देवी का भी बयान सामने आ गया है। उन्होंने कहा है कि लोग अफवाहें फैला रहे हैं कि बड़े पद की लालसा में डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने मंत्री पद से इस्तीफा दिया है। राजस्थान भाजपा में चल रही उठापटक पर पार्टी नेतृत्व की नजर बनी हुई है और बताया जा रहा है कि जल्द ही कोई सर्वमान्य फॉमूर्ला निकाल कर सबकी नाराजगी दूर की जा सकती है। हम आपको बता दें कि सात महीने पुरानी भजन लाल शर्मा सरकार तब मुश्किल में नजर आई जब हाल ही में कृषि मंत्री किरोडी लाल मीणा ने बताया कि उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। किरोडी लाल को मनाने का प्रयास मुख्यमंत्री ने किया, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया मगर बात नहीं बनी। अब किरोडी लाल मीणा के इस्तीफे का मामला केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुलझाएंगे। संभवतः इस सप्ताह के अंत तक यह मामला सुलझ जाने के आसार बताये जा रहे हैं। किरोडी लाल मीणा के इस्तीफे को लेकर राजस्थान में तमाम तरह की कयासबाजियां भी चल रही हैं। विपक्ष जहां इसे भाजपा के अंदरूनी घमासान के तौर पर देख रहा है वहीं राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि यह प्रेशर पॉलिटिक्स है। हालांकि खुद किरोडी लाल मीणा कह चुके हैं कि उनकी संगठन या मुख्यमंत्री से कोई नाराजगी नहीं है। लेकिन फिर भी उनके इस्तीफे को लेकर कई तरह की बातें चल रही हैं। पहले कहा गया कि वह अपने लिए सरकार में उपमुख्यमंत्री पद चाहते हैं तो अब कहा जा रहा है कि किरोडी किरोड़ी लाल मीणा अपने भाई जगमोहन मीणा के लिए दौसा संसदीय सीट से टिकट चाहते थे लेकिन पार्टी ने उनकी बात नहीं सुनी। हम आपको बता दें कि भाजपा ने दौसा से कन्हैया लाल मीणा को टिकट दिया था जोकि चुनाव हार गये। बताया जा रहा है कि किरोडी लाल मीणा इस बात के लिए भी नाराज हैं कि दौड़ में होने और योग्य तथा अनुभवी होने के बावजूद उन्हें राजस्थान विधानसभा चुनावों के बाद मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया। यही नहीं, उनसे उम्र तथा अनुभव में काफी छोटे नेताओं को राजस्थान का उपमुख्यमंत्री बना दिया गया। यह भी बताया जा रहा है कि किरोडी लाल मीणा को इस बात की भी नाराजगी है कि उन्हें कृषि विभाग तो दिया गया लेकिन अक्सर उसके साथ ही मिलने वाले ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग को उनके तथा एक अन्य मंत्री मदन दिलावर के बीच विभाजित कर दिया गया। किरोडी लाल मीणा इस्तीफा वापस लेंगे या नहीं, इन अटकलों के बीच उनकी पत्नी तथा पूर्व मंत्री गोलमा देवी का भी बयान सामने आ गया है। उन्होंने कहा है कि लोग अफवाहें फैला रहे हैं कि बड़े पद की लालसा में डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने मंत्री पद से इस्तीफा दिया है। गोलमा देवी ने कहा कि इन अफवाहों में कोई सच्चाई नहीं है। उन्होंने कहा कि किरोडी लाल मीणा पूर्व में वसुंधरा सरकार से भी इस्तीफा दे चुके हैं, तब भी उन्होंने मनाये जाने के बावजूद इस्तीफा वापस नहीं लिया था। गोलमा देवी ने कहा कि उनके पति के लिए विधायक और मंत्री पद कोई मायने नहीं रखता है।
**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## बोधि वृक्ष

# मध्यप्रदेश के शारदा मंदिर का रहस्य

***इस*** मंदिर को लेकर कई तरह के दावे किये जाते है जो रहस्यों से भरे हुए है। मध्यप्रदेश में यूँ तो बहुत से मंदिर है लेकिन आज हम बात सतना जिले में बसे मैहर माता मंदिर की करने जा रहे है। इस मंदिर को लेकर कई तरह के दावे किये जाते है जो रहस्यों से भरे हुए है। कहा जाता है कि मंदिर के कपाट बंद होने के बाद सुबह मंदिर के कपाट खुलने से पहले आज भी सदियों पुराने राजा आल्हा और उदल माता की सबसे पहले पूजा करते है। लेकिन दावा ये भी है कि आज तक इनको कोई नहीं देख पाया है और जो देख लेता है वो जिंदा नहीं बचता है। इस मंदिर से जुड़ी आपको इन राजा की कहानी बताएँगे। इससे पहले ये जानते है कि आखिर ये मंदिर कहां बसा हुआ है और इस मंदिर की क्या खास बात हैं?

**क्यों हैं मंदिर खास?**



मैहर माँ शारदा का सबसे प्रसिद्ध मंदिर है जो मध्यप्रदेश के त्रिकुट पर्वत की मालाओं की बीच जमीन से 600 फीट की ऊँचाई पर स्थित है। इस ऐतिहासिक मंदिर को माता के 108 शक्तिपीठों में से एक माना जाता है। कहा जाता है कि यहाँ माता सती का हार आकर गिरा था। इसी कारण इस मंदिर का नाम शारदा माता मंदिर पड़ा। इस मंदिर की खास बात ये है कि ये एक ऐसे पर्वत पर बसा है जो त्रिकुट के बिलकुल मध्य में स्थित है।

**(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

# मानसून के दौरान इस मोड में चलाएं AC

***बारिश*** के मौसम में एसी ठीक तरह से ठंडी हवा दे इसके लिए हमें इसकी सेटिंग और मोड बदलना जरुरी है। बता दें कि एसी में अलग-अलग मौसम के लिए तरह-तरह के मोड्स दिए जाते हैं। मानसून सीजन में उमस से बचने के लिए हमें एसी की सेटिंग बदल देना चाहिए। मानसून का मौसम देश के हर कोने-कोने में देखने को मिल रहा है। बारिश होने से गर्मी से काफी राहत तो मिल गई है लेकिन इससे उमस और चिपचिपाहट की समस्या काफी बढ़ गई है। वहीं कूलर और पंखे उमस गर्मी में तो थोड़ी राहत दे देते हैं लेकिन उमस को हटाने के लिए यह नाकाम रहते हैं। एसी गर्मी से साथ ही मानसून के मौसम में बड़ी मदद करते हैं। बरसात के मौसम में उमस भरी गर्मी के लिए एयर कंडीशनर सबसे बेहतर ऑप्शन है। मानसून के सीजन में एसी की सेटिंग में कुछ बदलाव करने से उमस और चिपचिपाहट को रूम से दूर सकते हैं। वहीं आप एसी को मई जून वाली सेटिंग में चलाते हैं तो यह ठीक



से कूलिंग नहीं देगा और रूम में उमस भी बढ़ जाएगी।

**बारिश में इस मोड में चलाएं ऐसी**

आजकल जितने भी एसी मार्केट में मौजूद हैं उनमें ज्यादातर नई टेक्नोलॉजी पर कार कर रहे हैं। अलग-अगल मौसम के हिसाब से स्प्लिट एसी और विंडो एसी दोनों में ही अलग-अलग मोड्स भी दिए जाते हैं। मौसम के हिसाब से आप एसी के अलग-अलग मोड्स का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.-0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### मप्र : बालाघाट में पुलिस मुठभेड़ में मारा गया 14 लाख का इनामी नक्सली



**बालाघाट।** मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में हट्टा थाना क्षेत्र के कोठियाटोला में सोमवार तड़के पुलिस और नक्सली के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें पुलिस ने 14 लाख के इनामी नक्सली उकास सोहन को मार गिराया। बालाघाट के पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि हट्टा थाना नातृगत कोठियाटोला सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुए एक्सचेंज ऑफ फायर में 14 लाख का इनामी नक्सली को सुरक्षाबलों के जवानों ने ढेर कर दिया है। मृतक की पहचान उकास सोहन के रूप में हुई है। वह बस्तर बीजापुर का रहने वाला था। क्षेत्र में ऑपरेशन जारी है। घटना के बाद जिले में अलर्ट जारी कर दिया गया है।

### बब्बर खालसा का आतंकवादी पंजाब पुलिस की गिरफ्त में

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने खुफिया जानकारी के आधार पर सिमरनजीत बबलू को गिरफ्तार किया है, जो बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) का सदस्य है। सिमरनजीत बबलू एसबीएस नगर में पूर्व आतंकवादी रतनदीप सिंह की गोली मारकर हत्या करने के मामले में शामिल था। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, इस मॉड्यूल को पाकिस्तान स्थित आतंकवादी हरविंदर रिंदा और अमेरिका स्थित गोपी नवांशहरिया संचालित कर रहा था। उन्होंने कहा कि भारी मात्रा में गोला-बारूद के साथ-साथ अत्याधुनिक हथियार बरामद किए गए हैं। आगे की जांच जारी है। इस बीच बीएसएफ ने कहा कि दो अलग-अलग तलाशी अभियानों में एक पाकिस्तानी ड्रोन और हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया गया है।

# मुंबई में छह घंटे में 300 मिमी बारिश हुई, सड़कों पर भरा पानी

एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई में बीती रात से हो रही भारी बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में जलभराव हो गया। लगातार हो रही बारिश से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को कल्याण-कसारा सेक्शन में खडावली और टिटवाला के बीच लंबा ट्रैफिक जाम लग गया और लोकल ट्रेन सेवाएं भी बाधित हुई हैं। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने कहा कि मुंबई में आज सुबह 1 बजे से 7 बजे तक यानि कुल छह घंटे में विभिन्न स्थानों पर 300 मिमी से ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। कुछ निचले इलाकों में भारी बारिश के कारण जलभराव हो गया और ट्रेन सेवाएं बाधित हुईं। सड़कों पर पानी भर जाने के कारण यातायात बाधित हुआ है। मध्य रेलवे ने बताया कि भारी बारिश के कारण जलभराव हो गया है, जिससे मुंबई उपनगरीय और हार्बर लाइनों पर रेल यातायात में देरी हो रही है। प्रभावित स्टेशनों में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, कुर्ला-विक्रोली और भांडुप शामिल हैं।



इसके अलावा, मुंबई-गुजरात, मुंबई-पुणे, मुंबई-कोल्हापुर सेक्टरों में हजारों यात्रियों को ले जाने वाली ट्रेनें भी या तो रद्द कर दी गई या देरी से चल रही हैं। कई ट्रेनें स्टेशनों पर ही रुकी हुई हैं।

मुंबई में सांताक्रूज, अंधेरी, जोगेश्वरी, मलाड, कांदिवली और दहिसर समेत कई सबवे में 3-5 फीट पानी भर गया और पूर्व-पश्चिम यातायात बाधित हो गया। कल्याण, डोंबिवली, उल्हासनगर, ठाणे, भांडुप, कुर्ला, सायन और वडाला के पास रेलवे ट्रैक पर पानी भर गया, जिससे उपनगरीय ट्रेनें प्रभावित हुईं।

दहिसर, बोरीवली, कांदिवली, मलाड, जोगेश्वरी, अंधेरी, सांताक्रूज, सायन, वडाला, कुर्ला, घाटकोपर, भांडुप और अन्य स्थानों पर कई आवासीय परिसरों में पानी भर गया।

### ट्रेनों पर भी असर



### राहत शिविरों में रह रहे लोगों से मिले राहुल गांधी

# राहुल पहुंचे मणिपुर, दौरे से पहले जिरिबाम में गोलीबारी

एजेंसी

**इंफाल :** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी हिंसाग्रस्त राज्य मणिपुर के दौरे पर हैं। मणिपुर पहुंचकर उन्होंने सबसे पहले राहत शिविरों में रह रहे लोगों से मुलाकात की। राहुल गांधी के दौरे से पहले जिरिबाम क्षेत्र में सोमवार की सुबह अज्ञात बंदूकधारियों ने गोलीबारी की। सुबह के साढ़े तीन बजे अज्ञात लोगों ने इलाके में गोलीबारी शुरू कर दी। गोलीबारी मैतेई इलाके में की गई।

गोलीबारी की जानकारी पाकर सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे। सुबह के सात बजे तक सुरक्षाकर्मियों और बंदूकधारियों के बीच गोलीबारी जारी रही। बता दें कि मणिपुर में पिछले एक साल से जातीय हिंसा जारी है। जिरिबाम में पीड़ितों से मिलने के बाद राहुल गांधी इंफाल



एयरपोर्ट पहुंचे। शाम में वह राज्यपाल से मिलेंगे। जिरिबाम में पीड़ितों से मिलने के बाद राहुल गांधी चुराचांदपुर जिले में तुइबोंग के मंडप पहुंचे। यहां उन्होंने राहत शिविरों में रह रहे लोगों से मुलाकात की। राहुल गांधी तीसरी बार मणिपुर का दौरा कर रहे हैं। राज्य में पिछले साल जातीय हिंसा शुरू होने के बाद जून 2023 में वह मणिपुर आए थे और इस साल की शुरूआत में उन्होंने भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत भी इसी राज्य से की थी।

**मणिपुर में जारी है जातीय हिंसा :** मैतेई समुदाय को एसटी का दर्जा दिए जाने की मांग के विरोध में पिछले साल तीन मई को पर्वतीय जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च के आयोजन के बाद झड़पें शुरू हुई थीं। राज्य में तब से अब तक कम से कम 160 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। हिंसा में सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं।

### मणिपुर सालों से अपने प्रधानमंत्री की राह देख रहा : मनोज झा



**पटना।** आरजेडी सांसद मनोज झा ने राहुल गांधी के मणिपुर दौरे पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मणिपुर के लोग पिछले कई सालों से अपने प्रधानमंत्री की राह देख रहे हैं। क्या प्रधानमंत्री का फर्ज नहीं बनता की वह वहां जाएं? राहुल गांधी तीसरी बार वहां जा रहे हैं। पीएम मोदी मणिपुर नहीं जाते हैं, वह मणिपुर का जिक्र तक नहीं करते, लोगों को इससे दुख होता है।

### हम हमेशा आवाज उठाते रहेंगे : सपा



**लखनऊ।** राहुल गांधी के मणिपुर दौरे को समाजवादी पार्टी ने मणिपुर दर्द बांटने की कोशिश बताया है। सपा प्रवक्ता फखरुल हसन ने कहा, मणिपुर पर कभी ध्यान नहीं दिया गया। मणिपुर के साथ ऐसा व्यवहार किया गया, जैसे वो इस देश का हिस्सा ही ना हो। पीएम ना ही मणिपुर जाते हैं और ना ही उस पर कुछ बोलना चाहते हैं। उन्हें मणिपुर जाना चाहिए था। लोगों से मुलाकात करनी चाहिए थी।

### बिहार में पिछले 24 घंटे के दौरान वज्रपात से 12 लोगों की मौत



**पटना।** बिहार के सात जिलों में पिछले 24 के दौरान वज्रपात की चपेट में आकर 12 लोगों की मौत हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वज्रपात से हुई इन मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए सोमवार को कहा कि आपदा की इस घड़ी में वह प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा रविवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पिछले 24 घंटे के दौरान वज्रपात की चपेट में आकर जमुई और कैमूर में तीन-तीन, रोहतास में दो, सारण, सहरसा, भोजपुर और गोपालगंज में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई है। नीतीश कुमार ने मृतक के परिजनों को आज ही चार-चार लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी तरह से सतर्कता बरतें, वज्रपात से बचाव के लिए आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए सुझावों का अनुपालन करें, खराब मौसम के दौरान घरों में रहें और सुरक्षित रहें।

## न्यूज बॉक्स

### राजद और कांग्रेस ने सिर्फ जनता को लूटने का काम किया : विजय सिन्हा



**कटिहार।** बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा सोमवार को रुपौली विधानसभा उपचुनाव में चुनाव प्रचार के लिए जाने के क्रम में कटिहार में मीडिया को संबोधित किया। विधान परिषद सदस्य अशोक अग्रवाल के मिरचाईबाड़ी आवास पर आयोजित प्रेसवार्ता में उपमुख्यमंत्री ने राजद और कांग्रेस पर जमकर हमला करते हुए कहा कि लालू प्रसाद का सपना था कि तेजस्वी यादव को बिहार किसी भी तरह से बिहार का मुख्यमंत्री बनाये। लेकिन उनका सपना पूरा होने वाला नही है। विजय सिन्हा ने कहा कि राजद और कांग्रेस अपने शासन काल में सिर्फ और सिर्फ जनता को लुटा लूटने का काम किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह 2010 के विधानसभा चुनाव में राजद सिर्फ 22 सीटों पर सिमट गई थी आने वाले 2025 के बिहार विधानसभा के चुनाव में राजद 25 सीट भी नही ला पाएगी।

### यूपी सरकार ने कांवड़ यात्रा के दौरान हथियारों के प्रदर्शन पर रोक लगाई



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने कांवड़ यात्रा के दौरान हथियारों के प्रदर्शन पर रोक लगाने के संबंध में एक एडवाइजरी जारी की है। सीएम योगी सरकार की एडवाइजरी के अनुसार, एक महीने तक चलने वाली कांवड़ यात्रा के दौरान डीजे और धार्मिक गाने तय सीमा के भीतर बजाए जाएंगे। कांवड़ यात्रा 22 जुलाई से शुरू हो रही है जो 19 अगस्त तक चलेगी। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि यात्रा के मद्देनजर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। यात्रा शुरू होने वाले मार्गों पर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। इसके अलावा 21 जुलाई की मध्य रात्रि से दिल्ली एक्सप्रेसवे, देहरादून एक्सप्रेसवे और चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग पर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। डीजीपी ने आगे कहा कि कांवड़ियों को भाला, त्रिशूल या किसी भी तरह का हथियार लेकर न चलने की सलाह दी जाती है। कांवड़ यात्रा मार्ग पर डीजे बजाने पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा, लेकिन ध्वनि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार तय सीमा के भीतर होनी चाहिए।

### पुणे : हिट एंड रन केस में एक कांस्टेबल की मौत, एक घायल



**पुणे।** पुणे से हिट एंड रन का एक और मामला सामने आया है। यहां एक तेज रफ्तार कार ने एक कांस्टेबल की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। यह दुर्घटना उस समय हुई जब पुलिसकर्मी पुराने मुंबई-पुणे राजमार्ग पर मोटरसाइकिल से गश्त कर रहे थे। यह घटना हैरिस ब्रिज के पास रात करीब 1.45 बजे हुई, जब खड़की पुलिस स्टेशन से जुड़े दोनों पुलिसकर्मी पुराने राजमार्ग के बोपोडी क्षेत्र में रात्रि गश्त पर थे। एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने अचानक उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी और कुछ ही देर बाद अंधेरे में गायब हो गया। बाद में कुछ ग्रामीण दुर्घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को इसकी सूचना दी। जिसके बाद तुरंत टीम को मौके पर भेजा गया। कांस्टेबल समाधान कोली (42) को हाईवे पर हिंसक तरीके से फेंका गया, जिनकी तुरंत मौत हो गई, जबकि उसके कनिष्ठ सहयोगी संजोग शिंदे (36) को पुणे शहर के रूबी हॉल क्लिनिक में भर्ती कराया गया है। पुणे पुलिस और अन्य टीमों ने लापता अपराधी को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है, वहीं हाईवे और रास्ते में अन्य जगहों पर लगे सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने शिंदे की स्थिति के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए अस्पताल का दौरा किया।

### कर्नाटक में प्रेम प्रस्ताव ठुकराए जाने पर नाबालिग लड़की ने बच्ची को कुएं में फेंका



**यादगीर।** कर्नाटक के यादगीर जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक नाबालिग लड़की ने प्रेम प्रस्ताव ठुकराए जाने पर गुस्से में तीन साल की एक बच्ची को कुएं में फेंक दिया। बता दें कि तीन साल की बच्ची के चाचा ने नाबालिग लड़की का प्रेम प्रस्ताव ठुकरा दिया था, जिसके बाद उसने यह अपराध किया। अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि मृतक बच्ची की पहचान मीनाक्षी के रूप में हुई है। वह यादगीर शहर के अंबेडकर लेआउट में रहने वाले नागेश और चिट्टेम्मा नामक दंपति की बेटी थी। पुलिस के अनुसार आरोपी नाबालिग लड़की पड़ोस के घर में रहती थी और उसे बच्ची के चाचा यल्लप्पा से प्यार हो गया था। जब आरोपी ने यल्लप्पा को अपनी भावनाएं बताईं तो उसने उसे अस्वीकार कर दिया। लेकिन आरोपी लड़की ने उसे प्रपोज करना जारी रखा। यल्लप्पा के अस्वीकार करने से गुस्साई नाबालिग लड़की ने 6 जून को बच्ची को मौका देखकर कुएं में फेंक दिया। बाद में जब परिवार ने बच्ची की तलाश शुरू की तो कुएं में उसका शव मिला। यादगीर सिटी पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और पूछताछ के बाद नाबालिग लड़की को हिरासत में ले लिया। आरोपी ने अपराध कबूल करते हुए कहा कि वह बच्ची के चाचा से प्यार करती थी, मगर उसने उसके प्यार को अस्वीकार कर दिया, जिसके बाद उसने यह कदम उठाया। इस मामले में अभी विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

### पूर्वी चंपारण के एक आर्केस्ट्रा में हथियार लहराने वाले दो युवक हुए गिरफ्तार



**पूर्वी चंपारण।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चद्रहिया गांव में एक डांस प्रोग्राम में कट्टा लहराने के वायरल वीडियो का सत्यापन करने के बाद पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। एसपी कांतेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर सदर डीएसपी 2 जितेश पांडे के नेतृत्व में गठित टीम ने इस मामले का उद्वेदन करते हुए दोनो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों युवक सूरज कुमार व चंदन कुमार चंद्रहिया का ही बताया गया है। मिली जानकारी के अनुसार 6 जुलाई की आधी रात को एक डांस प्रोग्राम के दौरान कट्टे को हाथ में लेकर बारी - बारी से दोनो युवक नर्तकी के साथ डांस कर रहे थे। वही इस वीडियो के वायरल होने के बाद पुलिस कप्तान के निर्देश पर टीम का गठन किया गया और पुलिस टीम ने दोनों युवक को गिरफ्तार किया। मामले में आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है। युवकों के पास से एक देशी कट्टा, 1 जिंदा कारतूस व दो मोबाइल फोन व एक बाइक जब्त किया गया है।

## आज का राशिफल

**मेष** — आपका दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी और आपको आय के नए-नए स्त्रोत मिलेंगे। आपकी आय के सोर्स बढ़ने से आपको खुशी होगी। आप परिवार के सदस्यों की जरूरतों की पूर्ति भी आसानी से कर पाएंगे।

**वृषभ** — आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा। आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी। आपको अपने परिवार में किसी सदस्य से अपने मन की बात को कहने का मौका मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहेगा।

**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आप जोखिम उठाने से बचें, नहीं तो आपको उसमें कोई भारी नुकसान हो सकता है। आपने यदि किसी मित्र के कहने में आकर बिजनेस के किसी स्कीम में धन लगाया, तो वह आपके लिए बेकार रहेगी।

**कर्क** — आपके लिए साझेदारी में किसी काम को करने के लिए रहेगा। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आर्थिक मामलों में आपको सावधान रहना होगा। आपका कोई विरोधी आज आपको परेशान कर सकता है। माता-पिता से आज कोई भी बात ना छुपाए नहीं तो उन्हें इस बात का बुरा लग सकता है।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्य से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। करियर में भी आज आपको अच्छा लाभ मिलता दिख रहा है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी के साथ किसी कहीं घूमने जा सकते हैं।

**कन्या** — सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपने यदि किसी से कुछ पुराना कर्ज लिया था, तो उसे भी आप आसानी से उतार पाएंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी कोई जिम्मेदारी भरा काम मिलने से आप परेशान रहेंगे। सरकारी नौकरी के प्रयासो में लगे लोगों को सफलता मिलने की संभावना है।

**तुला** — आपके लिए किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखने के लिए रहेगा। आपको किसी धन संबंधित मामलों मे बहुत ही सावधान रहकर काम करना होगा। आपकी कोई पुरानी गलती कार्यक्षेत्र में अधिकारियों के सामने बड़ी हो सकती है, जिसका असर आपके प्रमोशन पर पड़ेगा।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। गृहस्थ जीवन में आपकी खुशियां बढ़ेंगी और दोनों के बीच प्रेम गहरा होगा। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है। आप किसी काम को लेकर योजना तो बनाएंगे, लेकिन आपके उसे पूरे होने में विघ्न बाधा तो आयेगी।

**धनु** — आज का दिन रोजगार की तलाश कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। कुछ मौसमी बीमारियां आपको अपनी चपेट में ले सकती है। नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। प्रॉपर्टी डीलिंग का काम कर रहे लोगों को सावधान रहना होगा।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपको किसी बात को लेकर तनाव बना रहेगा। आप अपने कामों को कल पर टालने से बचें, नहीं तो उनमें आपको कोई समस्या खड़ी हो सकती है। आप जीवनसाथी के लिए कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकते हैं।

**कुम्भ** — आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को अच्छा लाभ मिलेगा। आपको किसी अनजान व्यक्ति से लेनदेन करने से बचना होगा। कारोबार में आपकी साख चारों ओर फैलेगी और आपके सहयोगी भी कामों में आपकी पूरी मदद करेंगे।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। संतान पक्ष की ओर से आपको खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपके प्रभाव और प्रताप में वृद्धि होगी। किसी नए काम की शुरूआत करने में आपके परिवार के सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा।

## गिरिराज सिंह ने तेजस्वी को 90 के दशक को याद करने की दी सलाह

एजेंसी



**बिहार।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार में अपराध को लेकर तेजस्वी यादव के बयान का जवाब दिया है। सोमवार को दिल्ली के लिए रवाना होने से पूर्व पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने तेजस्वी यादव को अपने पिता के शासन काल को याद करने की सलाह दी। गिरिराज सिंह ने कहा तेजस्वी यादव 90 की दशक याद कर लें और चोर चोरी के खिलाफ बोले तो अच्छा नहीं लगता है। उन्होंने तेजस्वी को 90 के दशक की याद दिलाई है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि अगर चोर चोरी के बारे में बात करें तो अच्छा नहीं लगता है। बिहार में अपराध को लेकर बिहार सरकार की ओर से कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है। तेजस्वी यादव इन दिनों बिहार सरकार पर हमलावर हैं। तेजस्वी महंगाई, अपराध और लगातार ध्वस्त हो रहे पुल मामले को लेकर लगातार तेजस्वी यादव पर हमला बोल रहे हैं। तेजस्वी आए दिन बिहार में हो रहे अपराध का क्राइम बुलेटिन भी जारी करते हैं। तेजस्वी यादव ने बीते दिन बढ़ते अपराध पर ट्विट कर कहा था कि प्रदेश में सत्ता संपोषित अपराधी बेखौफ बेलगाम है। बिहार में कानून व्यवस्था की क्या स्थिति है यह बताने के लिए आपको कोई विशेषण ध्यान में आए तो बता दीजिएगा।

### ममता सरकार को सुप्रीम कोर्ट से झटका

## जारी रहेगी संदेशखाली मामले की सीबीआई जांच

एजेंसी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने संदेशखाली में महिलाओं के यौन शोषण और जमीन हथियाने व राशन घोटाले से जुड़े सभी मामलों की जांच सीबीआई को सौंपे जाने के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की अर्जी को खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने ममता सरकार के रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार किसी शख्स को बचाने की कोशिश क्यों कर रही है। दरअसल, 5 मार्च को कलकत्ता हाईकोर्ट ने ईडी अधिकारियों पर हमले की जांच सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट ने कहा था कि आरोपित शाहजहां शेख काफी प्रभावी व्यक्ति हैं और उसका सत्ताधारी दल से संबंध है। राज्य की पुलिस ने उसे बचाने के लिए लुका-छिपी का खेल खेला। उल्लेखनीय है कि ईडी अधिकारी तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख के यहां छापा मारने गए थे, जहां उन पर हमला किया गया था। हाई कोर्ट में ईडी ने पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की थी जिसके बाद शाहजहां शेख को सीबीआई को सौंपा गया।

### विचार

### राष्ट्रपति ने पुरी के समुद्र तट पर बिताया समय, कहा

# जीवन का सार समझाती है प्रकृति

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार सुबह पवित्र शहर पुरी के समुद्र तट पर कुछ समय बिताया। श्री जगन्नाथ की वार्षिक रथ यात्रा में भाग लेने के अगले दिन उन्होंने प्रकृति के साथ बिताए अपने इस अनुभव के बारे में विचार लिखे।

एक्स पोस्ट में राष्ट्रपति ने लिखा, ऐसी जगहें हैं जो हमें जीवन का सार समझाती हैं और हमें याद दिलाती हैं कि हम प्रकृति का हिस्सा हैं। पहाड़, जंगल, नदियाँ और समुद्र तट हमारे भीतर की किसी चीज को कुरेदते हैं हमें आकर्षित करते हैं। आज जब मैं समुद्र तट पर टहल रही थी, तो मुझे वातावरण से एक जुड़ाव सा महसूस हुआ। मध्यम हवा, लहरों के शोर और पानी के विशाल फैलाव विचारों में खो जाने वाला अनुभव था।

उन्होंने आगे कहा, इससे मुझे एक गहन आंतरिक शांति मिली, जो मैंने कल महाप्रभु श्री जगन्नाथजी के दर्शन के समय भी महसूस की थी। और ऐसा अनुभव करने वाली मैं अकेला नहीं हूँ, हम सभी को ऐसा महसूस हो सकता है जब हम किसी ऐसी चीज का सामना करते हैं जो हमसे कहीं बड़ी है, जो हमें सहारा देती है और हमारे जीवन को सार्थक बनाती है।"



### ग्लोबल वॉर्मिंग से होने वाले नुकसान

इसके बाद राष्ट्रपति ने ग्लोबल वॉर्मिंग से होने वाले नुकसान का जिक्र किया है। लिखा है, पृथ्वी की सतह का सत्तर प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा महासागरों से बना है, और ग्लोबल वॉर्मिंग की वजह से वैश्विक समुद्र स्तर बढ़ रहा है, इससे तटीय क्षेत्रों के डूबने का खतरा भी बढ़ा है। महासागर और वहां पाए जाने वाली वनस्पतियों और जीवों की समृद्ध विविधता को विभिन्न प्रकार के प्रदूषण से भी भारी नुकसान उठाना पड़ा है। सौभाग्य से, प्रकृति की गोद में रहने वाले लोगों ने ऐसी परंपराएँ कायम रखी हैं जो हमें रास्ता दिखा सकती हैं। उदाहरण के लिए, तटीय क्षेत्रों के निवासी समुद्र की हवाओं और लहरों की भाषा जानते हैं। हमारे पूर्वजों का अनुसरण करते हुए, वे समुद्र को भगवान के रूप में पूजते हैं। अपने भावों को विराम देते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने लिखा है, मेरा मानना है कि पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण की चुनौती का सामना करने के दो तरीके हैं; व्यापक कदम जो सरकारों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों की ओर से उठाए जा सकते हैं, और छोटे, स्थानीय कदम जो हम नागरिकों के रूप में उठा सकते हैं।

### जयपुर : सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

**जयपुर।** जयपुर के शाहपुरा में सवारियों से भरी रोडवेज बस और ट्रेलर के बीच भीषण भिड़ंत हो गई। इस सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत को हो गई। सभी मृतक एक ही परिवार के थे। जानकारी के मुताबिक, शाहपुरा थाना इलाके के जयपुर दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित अलवर पुलिया पर सोमवार तड़के 4 बजे रोडवेज बस और ट्रेलर में भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में पति-पत्नी और बेटे की मौत हो गई। वहीं बस में सवार 20 से ज्यादा यात्री घायल हो गए। हादसे की सूचना पर शाहपुरा थाना प्रभारी रामलाल मीणा टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

### घर के अंदर से सांप के 10 बच्चों को बचाया

**गंजाम।** भामपुर ब्रह्म नगर में थर्ड लेन सत्यरंजन पांडा के आवास से 10 कोबरा शावकों को बचाया गया। ऐसा लगता है कि घर के अंदर पानी की आपूर्ति में सांपों को देखने के बाद, घर के मालिक ने स्नेक हेल्पलाइन से संपर्क किया और सांप के बच्चों को जंगल में सुरक्षित बचाया।

# पूर्व क्रिकेटर ने बीसीसीआई से की 1983 की विश्व चैंपियन टीम को नकद इनाम देने की मांग



**एजेंसी। नई दिल्ली**
बीसीसीआई द्वारा टी20 विश्व कप विजेता टीम को 125 करोड़ रुपये प्राइज मनी देने के बाद, 1983 विश्व कप विजेता टीम के पूर्व खिलाड़ी का कहना है कि बोर्ड को कपिल देव की चैम्पियन टीम के लिए भी नकद इनाम की घोषणा करनी चाहिए। कपिल देव की कप्तानी में भारत ने दो बार की चैम्पियन वेस्टइंडीज को 1983 के विश्व कप फाइनल मैच में 43 रनों से हराया था। भारत ने तब 60 ओवर में 183 रन बनाने के बाद अपनी शानदार गेंदबाजी के दम पर छोटे लक्ष्य का भी सफलतापूर्वक बचाव किया था। मदन लाल और मोहिंदर अमरनाथ ने 3-3 विकेट लेकर वेस्टइंडीज की ताकतवर टीम को 140 रनों पर ढेर कर दिया था। उस जीत के बाद भारतीय टीम का विश्व क्रिकेट में नई ताकत के तौर पर उभार हुआ था। वरिष्ठ क्रिकेटर का कहना है कि तब 1983 की विश्व कप टीम को कोई इनाम नहीं दिया गया क्योंकि बीसीसीआई का कहना था कि उनके पास पैसा नहीं है, लेकिन अब बोर्ड के पैसा है तो वह अब नकद इनाम की घोषणा कर सकता है। आईएएनएस के साथ बातचीत में अपना नाम ना उजागर करने की शर्त पर इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा, 125 करोड़ रुपये काफी बड़ी रकम होती है। हमें तब ऐसा कोई इनाम नहीं दिया गया था, क्योंकि बोर्ड का कहना था कि उसके पास पैसा नहीं है। अब वे दे सकते हैं, उनको क्या चीज रोक रही है? उस टीम के कुछ ही खिलाड़ी काम कर रहे हैं, बाकी संघर्ष कर रहे हैं। बीसीसीआई को इस बारे में सोचना चाहिए। 1983 की चैम्पियन टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को बीसीसीआई द्वारा 25,000 रुपये दिए गए थे। जब दिवंगत गायिका लता मंगेशकर को इतनी कम रकम के बारे में पता चला, तो उन्होंने फंड जुटाने के लिए दिल्ली में एक संगीत कार्यक्रम किया था और टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को 1 लाख रुपये दिए थे।

## एक नजर

### स्वर्ण पदक जीतने के बाद चेन्नई पहुंचीं भारतीय क्यू खिलाड़ी अनुपमा

**चेन्नई।** सऊदी अरब के रियाद में आयोजित सीनियर एशियाई महिला स्नूकर टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतने के बाद अनुपमा रामचंद्रन का चेन्नई हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। टूर्नामेंट का आयोजन 1 से 5 जुलाई तक किया गया था। यह टूर्नामेंट नॉकआउट एंड-लीग प्रारूप में आयोजित किया गया था। अनुपमा ने खिताबी मुकाबले में थाईलैंड की पंचया चन्नई को 3-1 से हराकर खिताब हासिल किया। 3-1 की जीत में, अनुपमा अपनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उम्मीद के मुताबिक शुरूआत नहीं कर पाईं।

### क्या रोहित शर्मा की जगह भर पाएंगे अभिषेक शर्मा

**नई दिल्ली।** अभिषेक शर्मा के रूप में भारत को एक ऐसा तूफानी बल्लेबाज मिला है जिसके सामने रोहित शर्मा जैसे बड़े खिलाड़ी की जगह भरने की बड़ी चुनौती है। रोहित टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं और भारत के पास ओपनिंग में एक ऐसा स्लॉट खाली है जहां पर टीम प्रबंधन को एक स्थायी खिलाड़ी की दरकार है। रोहित शर्मा ने पिछले कुछ सालों में जिस तरह से अपने खेल को अति-आक्रामकता के साथ खेला है, अभिषेक भी कुछ उसी तरह के बल्लेबाज हैं। उन्होंने आईपीएल 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए बहुत तेज शुरूआत की थी।

## 52 साल के हुए सौरव गांगुली



**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारतीय क्रिकेट में 'दादा' के नाम से मशहूर पूर्व कप्तान सौरव गांगुली सोमवार को अपना 52वां जन्मदिन मना रहे हैं। 'प्रिंस ऑफ कोलकाता' के नाम से भी मशहूर सौरव गांगुली को भारत के सबसे सफल क्रिकेटरों में से एक माना जाता है। गांगुली ने एमएस धोनी, हरभजन सिंह और जहीर खान जैसे कई सफल खिलाड़ियों को निखारने में अहम भूमिका निभाई है। भारतीय क्रिकेट के 'दादा' 1996 में लॉर्ड्स में अपने यादगार टेस्ट डेब्यू शतक के चार साल बाद 2000 में कप्तान बने। इसके बाद उन्होंने युवराज सिंह और मोहम्मद कैफ जैसी युवा प्रतिभाओं को तैयार किया। गांगुली के नेतृत्व में भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2-1 से जीती। 2002 में एक यादगार पल तब आया जब नेटवेस्ट ट्रॉफी के फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ भारत की वापसी के बाद 'दादा' ने लॉर्ड्स की बालकनी पर अपनी जर्सी उतार दी। इसके बाद उन्होंने भारत को 2003 के वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंचाया, जहां ऑस्ट्रेलिया से हार मिली। गांगुली ने आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का भी नेतृत्व किया। फ्रेंचाइजी ने अपने पूर्व कप्तान को शुभकामनाएं दीं और एक्स पर अपने पोस्ट का शीर्षक दिया, महाराजा, दादा, प्रिंस ऑफ कोलकाता, हैप्पी बर्थडे सौरव गांगुली। मुनाफ पटेल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, भारतीय क्रिकेट टीम के विकास में इस व्यक्ति का बहुत बड़ा हाथ है। हैप्पी बर्थडे लीजेंड। आपके स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं 'दादा'। पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी ने कहा, आप हैं, आप थे और आप हमेशा एक प्रेरणा रहेंगे। प्यार करता हूं दादा और आपको जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। गांगुली ने 2008 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की और 2012 तक इंडियन प्रीमियर लीग में खेले। उन्होंने भारत के लिए 113 टेस्ट और 311 वनडे मैच खेले, जिसमें 18,575 अंतरराष्ट्रीय रन बनाए। इसके बाद उन्होंने पहले बंगाल क्रिकेट संघ का नेतृत्व किया और फिर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया।

## पंजाब हॉकी लीग

### राउंडग्लास हॉकी अकादमी शीर्ष पर

**मोहाली।** राउंडग्लास हॉकी अकादमी (आरजीएचए) पिछले सप्ताह में अपने दोनों मैच जीतकर पंजाब हॉकी लीग की तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। उनके दो मैचों में छह अंक हैं, जबकि दूसरे स्थान पर स्थापित अमृतसर की एसजीपीसी हॉकी अकादमी के भी चार मैचों में छह अंक हैं। जालंधर की सुरजीत हॉकी अकादमी पीआईएस वर्तमान में दो मैचों में पांच अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। आरजीएचए ने बलबीर सिंह सीनियर इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम, मोहाली में खेले गए लीग के अपने पहले मैच में पीआईएस, लुधियाना को 6-0 से हराया।

## टी20 बल्लेबाजी में सबसे मुश्किल काम बड़ी आसानी से कर रहे हैं रिंकू



**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारत के युवा बल्लेबाज रिंकू सिंह टी20 क्रिकेट में वो काम लगातार बड़ी आसानी से कर रहे हैं, जो इस खेल में काफी मुश्किल माना जाता है। रिंकू सिंह अपनी जबरदस्त बल्लेबाजी से फिनिशिंग का काम बड़ी सहजता के साथ कर रहे हैं। उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले में महज 22 गेंदों पर 48 रनों की नाबाद पारी खेली और भारत का स्कोर 234 रनों तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई। फिनिशिंग ऐसी भूमिका है जहां एक बल्लेबाज को परिस्थितियों के हिसाब से खेलते हुए ना केवल अंत तक टिकना होता है, बल्कि रन गति को भी बढ़ाना होता है। तेज रन बनाने के फेर में कई बल्लेबाज अपना विकेट गंवा देते हैं। यही फिनिशर की चुनौती है, जिसके लिए विशेषज्ञता की जरूरत है। रिंकू सिंह फिलहाल जिस तरह से इस कला में महारत हासिल करते दिखाई दे रहे हैं, वह भारतीय क्रिकेट के लिए बड़ा शुभ संकेत है। 26 साल के रिंकू ने फिनिशिंग की भूमिका को इतनी बड़ी सफलता के साथ अंजाम दिया है कि उनका टी20 अंतरराष्ट्रीय औसत 17 मैचों के बाद 80.80 है। इतना बड़ा औसत बताता है कि वे कितनी बार नाबाद रहे हैं। रिंकू सिंह इन मैचों में 8 बार नाबाद लौटे हैं और इसके साथ उन्होंने रन गति को भी ऊपर किया है। उनका स्ट्राइक रेट 178.76 का है जो इतने औसत के साथ अद्भुत है।

### ओलंपिक में महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में प्रतिस्पर्धा करने वाली

## पहली भारतीय महिला होंगी ज्योति याराजी



**एजेंसी। नई दिल्ली**
जब सबसे तेज भारतीय बाधा दौड़ खिलाड़ी ज्योति याराजी पेरिस 2024 ओलंपिक में ट्रैक पर उतरेंगी, तो वह एक खास उपलब्धि हासिल करेंगी। रिलायंस फाउंडेशन द्वारा समर्थित ज्योति ओलंपिक में महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में प्रतिस्पर्धा करने वाली पहली भारतीय महिला होंगी। महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ स्पर्धा 1972 से प्रत्येक ओलंपिक का हिस्सा रही है, लेकिन यह पहली बार होगा कि कोई भारतीय एथलीट प्रारंभिक सूची में शामिल होगा। रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक और अध्यक्ष नीता एम. अंबानी ने रिलायंस फाउंडेशन द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के हवाले से कहा, हमें अपनी रिलायंस फाउंडेशन की एथलीट ज्योति याराजी पर बहुत खुशी और गर्व है, जो ओलंपिक में महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ के लिए अर्हता प्राप्त करने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। ज्योति की यात्रा, उनका समर्पण और उनकी अविश्वसनीय उपलब्धि सपनों की शक्ति और अथक परिश्रम का प्रमाण है।

### युवराज ने अभिषेक पर कहा यह तो बस शुरूआत है

**हरारे।** आईपीएल के मंच पर धमाल मचा चुके युवा ऑलराउंडर अभिषेक शर्मा इन दिनों खूब चर्चा में हैं। हालांकि, जिम्बाब्वे के खिलाफ डेब्यू मैच में उनके शून्य पर आउट होने के बाद आलोचनाएं भी हुईं, लेकिन अगले ही मैच में तूफानी शतक जड़कर उन्होंने अपनी काबिलियत साबित कर दी। अभिषेक की शतकीय पारी को देखकर भारत के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह ने भी उनकी तारीफ में कसीदे पढ़े। शनिवार को अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैच में कोई रन नहीं बना पाने के बाद अभिषेक ने जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में 46 गेंदों में शतक जड़ दिया।

## सिल्वरवुड की जगह सनथ जयसूर्या बनेंगे श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के कोच



**एजेंसी। नई दिल्ली**
श्रीलंका के पूर्व कप्तान और एक समय मुख्य चयनकर्ता रहे सनथ जयसूर्या ने सोमवार को कहा है कि वह राष्ट्रीय पुरुष टीम के नए मुख्य कोच होंगे। क्रिस सिल्वरवुड ने टी20 विश्व कप से देश के जल्दी बाहर होने के बाद पद छोड़ दिया था। 55 वर्षीय जयसूर्या ने कहा कि उन्हें श्रीलंका क्रिकेट ने इस महीने भारत के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज और अगस्त में श्रीलंका के इंग्लैंड दौरे से पहले राष्ट्रीय टीम का कोच बनने के लिए कहा है। जयसूर्या ने एएफपी से कहा, मुझे कोचिंग का जिम्मा संभालने के लिए कहा गया है और मैं ऐसा करके खुश हूं। पूर्व टेस्ट और वनडे कप्तान जयसूर्या राष्ट्रीय चयनकर्ता भी रह चुके हैं। 21 जुलाई को चल रही टी20 लंका प्रीमियर लीग के खत्म होने के बाद उन्हें टीम की कमान संभालनी है। जयसूर्या ने खेल के तीनों प्रारूपों में 586 बार श्रीलंका का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें 42 शतक और 440 विकेट शामिल हैं। उन्होंने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच 2011 में खेला था। श्रीलंका क्रिकेट के अनुसार, इंग्लैंड के पूर्व कोच सिल्वरवुड, ने व्यक्तिगत कारणों से पद छोड़ दिया, जिसने उन्हें अपने कार्यकाल के दौरान उनके बहुमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद दिया।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

### रोजगार पर सिटीग्रुप की रिपोर्ट का केंद्र सरकार ने किया खंडन

**नई दिल्ली।** भारत में रोजगार की स्थिति पर सिटीग्रुप द्वारा जारी की गई हालिया शोध रिपोर्ट का केंद्र सरकार ने खंडन किया है। इस रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि भारत सात प्रतिशत की विकास दर के साथ भी पर्याप्त रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए संघर्ष करेगा। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय का मानना है कि यह रिपोर्ट उपलब्ध व्यापक और सकारात्मक रोजगार डेटा को ध्यान में रखने में विफल रही है। रिपोर्ट में आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) और भारतीय रिजर्व बैंक के केएलईएमएस डेटा जैसे आधिकारिक स्रोतों से जानकारी नहीं ली गई है तथा ये स्रोत रिपोर्ट का खंडन करते हैं।

### यूपीआई का असर! छोटे व्यापारों में डिजिटल लेनदेन बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारत में छोटे दुकानदारों और फर्म की ओर से ऑर्डर लेने या देने के लिए बड़ी संख्या में डिजिटल माध्यम का उपयोग किया जा रहा है। इसकी वजह यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) जैसी सुविधाओं का समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी सर्वे के अनुसार, यूपीआई से भुगतान करने या ऑनलाइन ऑर्डर देने के रूप में बिजनेस उद्देश्य के लिए इंटरनेट का इस्तेमाल 2022-23 के बीच ग्रामीण इलाकों में बढ़कर 13.5 प्रतिशत हो गया है, जो पहले 7.7 प्रतिशत था।

## जुलाई में अच्छी बारिश होने से बुवाई की स्थिति पिछले साल से बेहतर : रिपोर्ट



**एजेंसी। नई दिल्ली**
पूरे देश में जुलाई की शुरूआत में अच्छी बारिश हो रही है जो कि नॉर्मल मानसून का संकेत है। केवल जुलाई में दीर्घकालीन औसत से 32 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में ये बात कही गई है। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर और पश्चिम भारत (3 प्रतिशत), मध्य भारत (-6 प्रतिशत), पूर्व और उत्तर पूर्व भारत (0 प्रतिशत) और दक्षिणी प्रायद्वीप (13 प्रतिशत) में अब तक सामान्य बारिश हुई है। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की प्रमुख अर्थशास्त्री माधवी अरोड़ा ने कहा, जून में कम बारिश होने के कारण, जरूरी है कि जुलाई में अच्छी बारिश हो और महीने की शुरूआत अच्छी रही। हालांकि बुवाई में देरी हुई, लेकिन अब बारिश होने से इसमें तेजी आई है और यह पिछले साल से बेहतर है। रिपोर्ट में कहा गया है, 28 जून तक कुल बुवाई क्षेत्र (24.1 मिलियन हेक्टेयर) पिछले साल की तुलना में काफी अधिक (सालाना आधार पर 33 प्रतिशत) है। यह मुख्य रूप से दलहन और तिलहन की बुवाई में तेजी के कारण है। धान की बुवाई का क्षेत्र पिछले साल के बराबर ही है, जबकि गन्ने की बुवाई बेहतर है। गैर-खाद्य फसलों में कपास की बुवाई काफी अधिक है। कुल बुवाई क्षेत्र सामान्य बुवाई क्षेत्र का 22 प्रतिशत है, जबकि 2023 में यह 18.6 प्रतिशत था। अरोड़ा ने कहा, इस संबंध में जुलाई बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि महीने के अंत तक लगभग 80 प्रतिशत बुवाई पूरी हो जाती है।

## अमरनाथ यात्रा मार्गों पर मिलेगी बेहतर मोबाइल कनेक्टिविटी, नए सिम वितरण केंद्र खोले गये



**एजेंसी। नई दिल्ली**
अमरनाथ यात्रा में भाग लेने वाले तीर्थयात्रियों को बेहतर मोबाइल कनेक्टिविटी देने के लिए सरकार ने सोमवार को दूरसंचार बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण सुधार की घोषणा की। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने कहा कि एयरटेल, बीएसएनएल और रिलायंस जियो सहित प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) के सहयोग से यात्रा मार्गों पर निरंतर कवरेज प्रदान करने के लिए बुनियादी ढांचे पर काम किया गया है। दूरसंचार विभाग ने बताया, "कवरेज सुनिश्चित करने के लिए कुल 82 साइटें (एयरटेल, आरजेआईएल और बीएसएनएल) सक्रिय होंगी। यात्रा मार्गों पर कुल 31 नई साइटें स्थापित की गई हैं, जिससे 2023 की कुल संख्या 51 से बढ़कर 2024 में 82 हो गई है। इस वृद्धि का उद्देश्य तीर्थयात्रियों और आम जनता को मोबाइल कनेक्टिविटी प्रदान करना है।" विभाग के अनुसार लखनपुर से काजीगुंड और काजीगुंड से पहलगाम और बालटाल तक के मार्गों पर तीर्थयात्रियों और आम जनता के लिए कई स्थानों पर 2जी, 3जी, 4जी सहित 5जी तकनीक की सुविधा दी गई है। तीर्थयात्रियों को दूरसंचार सुविधा प्रदान करने के लिए अन्य स्थानों के अलावा सिम वितरण केंद्रों के कुछ प्रमुख बिंदु भी खोले गए हैं। ये केंद्र लखनपुर, यात्री निवास भगवती नगर, चंद्रकोट, अनंतनाग, श्रीनगर, श्रीनगर हवाई अड्डा, पहलगाम, सोनमर्ग और बालटाल में स्थित हैं। पिछले नौ दिनों में 1.82 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने अमरनाथ की पवित्र गुफा के दर्शन किए हैं, जबकि 5,803 यात्रियों का एक और जत्था सोमवार को कश्मीर के लिए रवाना हुआ। बता दें कि यात्री या तो 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम मार्ग या 14 किलोमीटर लंबे छोटे बालटाल मार्ग से यात्रा करते हैं।

## सराफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी में भी मामूली गिरावट



**एजेंसी। नई दिल्ली**
घरेलू सराफा बाजार में आज मामूली गिरावट का रुख बना हुआ है। इस गिरावट के कारण चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 73,940 रुपये से लेकर 73,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज चेन्नई के अलावा दूसरे सराफा बाजारों में 67,790 रुपये से लेकर 67,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही आज चांदी के भाव में भी आज मामूली गिरावट आई है। इसर कमजोरी की वजह से आज दिल्ली सराफा बाजार में चांदी 94,700 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 73,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,790 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई।


## ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत एशिया में भी मिला-जुला कारोबार



**एजेंसी । नई दिल्ली**
ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में तेजी बनी रही। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है।

दूसरी ओर, यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजार में भी आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। अमेरिका में शुक्रवार को आए जॉब डेटा के कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार करते नजर आए। डाउ जॉन्स 66 अंकों की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.54 प्रतिशत की मजबूती के साथ 5,567.19 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 164.46 अंक यानी 0.90 प्रतिशत उछल कर 18,352.76 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.19 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 39,301.47 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव की स्थिति बनी रही।

## इंटरआर्क बिल्डिंग प्रोडक्ट्स को सेबी ने आईपीओ के लिए दी मंजूरी



**एजेंसी। नई दिल्ली**
नोएडा स्थित इंटरआर्क बिल्डिंग प्रोडक्ट्स लिमिटेड कंपनी को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने 18 मार्च, 2024 को सेबी के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया था।कंपनी ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि पूंजी बाजार नियामक सेबी ने उसके आईपीओ लाने को मंजूरी दे दी है। कंपनी के 10 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य वाले इस आईपीओ में 200 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी करने और प्रमोटर समूह तथा निवेशक-विक्रय शेयरधारकों द्वारा 44.5 लाख शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है।

# झूठ व भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़ी है हेमंत सरकार : बाबूलाल

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने नव गठित हेमंत सरकार पर निशाना साधा। सोमवार को मरांडी सदन में विश्वासमत के लिए आहूत विशेष सत्र के दौरान मीडिया से बात कर रहे थे। मरांडी ने कहा कि यह सरकार अपने पहले दिन से झूठ और भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़ी है। यह सरकार केवल पैसे और परिवार के लिए बनी है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने पिछले साढ़े चार वर्षों से राज्य को केवल लूटा है। खान खनिज, पत्थर, बालू, जमीन, गरीबों के अनाज और युवाओं की नौकरियों को लूटा है। उन्होंने कहा कि आदिवासी, दलित, पिछड़ा, महिला युवा सभी वर्गों में निराशा है। विधि व्यवस्था ध्वस्त है। राजधानी के भीड़भाड़ के बीच हत्या हो जा रही।अपराधी बेखौफ हैं। महिलाएं, बहन, बेटियां सुरक्षित हैं। सामूहिक बलात्कार की घटाएं आम हो गई है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने अपने पहले बजट सत्र में लाखों युवाओं को नौकरी देने और नहीं तो बेरोजगारी भत्ता देने की बात सदन पटल पर कही थी लेकिन आज युवा हताश और निराश है।

जेपीएससी, जेएसएससी की परीक्षाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। ब्लैक लिस्टेड एजेंसी के माध्यम से परीक्षाओं का संचालन कराकर राज्य सरकार ने नौकरियों को लाखों लाख में बेचवा दिया। आज युवा अभ्यर्थी धरने पर बैठने को मजबूर हैं। उनके पास भ्रष्टाचार के स्पष्ट प्रमाण हैं फिर सरकार जिद पर अड़ी है। उन्होंने कहा कि यह सरकार कानून नियमो से नही मनमाने ढंग से चल रही। नौजवानों को ठग रही। मरांडी ने कहा कि इस सरकार ने पारा शिक्षकों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, निविदा कर्मियों, सहायक पुलिस कर्मियों को नियमित करने का आश्वासन देकर समर्थन प्राप्त किया था लेकिन ये सब आज झूठा साबित हुआ। उन्होंने कहा कि आज सर्वजन पेंशन की बात करने वाली सरकार पिछले चार वर्षों से बृद्धों को भी पेंशन नहीं दे रही। ग्रीन कार्ड के नाम पर अनाज देने के नाम पर एक दो महीने नाटक किया गया। सच्चाई यह है कि केंद्र सरकार द्वारा गरीबों के लिए भेजे जा रहे अनाज भी बिचौलिए दलाल लूट ले रहे। उन्होंने कहा कि जनता इस सरकार से ऊब चुकी है और इसे सबक सिखाने के लिए सही समय का इंतजार कर रही है।

## झारखंड कैबिनेट विस्तार के साथ ही बने कई सियासी रिकॉर्ड



**रांची।** झारखंड में हेमंत सोरेन के एक बार फिर से सीएम बनने और सोमवार को कैबिनेट के विस्तार के साथ ही राज्य के सियासी इतिहास में कई नायाब रिकॉर्ड बन गए हैं।

- हेमंत सोरेन राज्य के पहले नेता हैं, जो बेल पर जेल से छूटने के सातवें दिन दूसरी बार सीएम बने। वह विधानसभा में चार बार विश्वास मत हासिल करने वाले राज्य के पहले सीएम हैं।
- चंपई सोरेन के नाम राज्य के पहले ऐसे नेता होने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया है, जिन्होंने सीएम पद से इस्तीफे के बाद मंत्री पद की शपथ ली है। 4 जुलाई की दोपहर तक वह राज्य के सीएम थे और अब चार दिनों के अंतराल के बाद मंत्री हैं।
- बेबी देवी राज्य की पहली नेता बन गई हैं, जिन्होंने एक साल 4 दिन (369 दिन) के भीतर तीसरी बार मंत्री पद की शपथ ली है। पहली बार वह 3 जुलाई, 2023 को मंत्री बनी थीं। उनके पति जगरनाथ महतो हेमंत सोरेन कैबिनेट में मंत्री होते थे। कोविड की वजह से उनका आकस्मिक निधन हो गया। इसके बाद उनकी पत्नी बेबी देवी को हेमंत सोरेन ने मंत्री बना दिया। उस वक्त वह विधायक भी नहीं थीं। बाद में सितंबर में डुमरी सीट पर हुए उपचुनाव के बाद वह विधानसभा के लिए चुनी गईं। दूसरी बार उन्होंने चंपई सोरेन की सरकार में 16 फरवरी को मंत्री पद की शपथ ली और अब वह तीसरी बार भी मंत्री बनाई गई हैं।
- झारखंड में मंत्रियों की अधिकतम संख्या 12 हो सकती है, लेकिन वर्ष 2014 से ही यहां 12वें मंत्री का पद रिक्त था। सोमवार को दस वर्षों के बाद पहली बार राज्य मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या 12 हुई है। इसके पहले 2014 से 2019 तक सीएम रहे रघुवर दास ने पांच साल के पूरे कार्यकाल तक 12वें मंत्री का बर्थ खाली रखा। इसके बाद 2019 में हेमंत सोरेन और फरवरी 2024 में सीएम बने चंपई सोरेन ने भी कैबिनेट में 12वां मंत्री नहीं बनाया था।
- सोमवार को रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, हफीजुल हसन, सत्यानंद भोक्ता और मिथिलेश ठाकुर का नाम झारखंड के ऐसे नेताओं में शुमार हो गया, जिन्होंने पांच साल से भी कम समय में तीसरी बार मंत्री पद की शपथ ली।

## पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के खिलाफ अविश्वास था इसलिए विश्वास मत लाया गया : सुदेश महतो



**रांची।** झारखांड विधानसभा के विशेष सत्र में सोमवार को आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि अविश्वास की बात ही कहां थी, जो विश्वास प्रस्ताव सदन में लाया गया है। विपक्ष ने तो ऐसी कोई मांग नहीं की थी। मुझे लगता है कि पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के खिलाफ अविश्वास था, इसलिए विश्वास मत लाया गया है। मेरा ऐसा मानना है कि अब सदन के विश्वास की कोई जरूरत नहीं है, जनता के विश्वास की जरूरत है। इसलिए जनता के पास जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के कार्यकाल, जो मात्र 5 महीने का रहा, उसमें झारखंड और झारखंडियत का कुछ अनुभव जरूर हुआ। क्योंकि लोग इनसे मिल सकते थे। राजतंत्र का बोध नहीं होता था।

## *झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र:* परिसर के बाहर धरने पर बैठे भाजपा के सभी विधायक



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया है। इस सत्र में हेमंत सोरेन विश्वास प्रस्ताव रखेंगे और विश्वास मत हासिल करेंगे। हेमंत सरकार के फ्लोर टेस्ट से पहले विपक्षी पार्टी बीजेपी के विधायक विधानसभा परिसर के बाहर धरने पर बैठे हैं। इस दौरान सभी विधायक आदिवासी विरोधी सरकार, सत्ता का भूखा हेमंत शर्म करो, पांच लाख नौकरी का क्या हुआ, राज्य में चौपट विधि व्यवस्था के लिए हेमंत सोरेन शर्म करो, पत्थर-कोयला-बालू और जमीन लुटवाने वाली सरकार हाय हाय के नारे लगा रहे हैं।

## हेमंत कैबिनेट में सभी वर्ग के लोगों को मिला बर्थ

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** हेमंत सोरेन कैबिनेट में 6-4-1का फॉर्मूला तो फिट हो ही गया। इसके साथ ही मंत्रीमंडल में जातीय समीकरण को भी पूरी तरह से फिट किया गया है। सभी वर्ग के लोगों को बर्थ मिला है। अगड़े जाति से लेकर दलित वोट बैंक को पूरी तरह से साधने की कोशिश की गई है। आदिवासी समाज को भी मंत्रीमंडल में तवज्जो मिली है। वहीं कुर्मी समाज के प्रतिनिधि के रूप में बेबी देवी को मंत्रीमंडल में जगह दी गई है।

इस मंत्रीमंडल के गठन कर हेमंत सरकार ने आरोपों और विवादों से भी बचने की कोशिश की है। हेमंत सोरेन ने भाई बसंत सोरेन को मंत्री नहीं बनाकर परिवारवाद के आरोपों को दर किनार करने की कोशिश की गई है। झामुमो ने मंत्रीपद बंटवारे में जातीय समीकरण का भी पूरा ध्यान रखा है। इसमें ब्राह्मण, कुर्मी, मुस्लिम, अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति को तवज्जो दी गई है। इसी वजह यह है कि चुनाव में आदिवासी, मुस्लिम, और कुर्मी निर्णायक भूमिका में रहते हैं। वहीं कांग्रेस ने भी सभी वर्गों का ध्यान रखा है। कांग्रेस ने आदिवासी समाज से डॉ. रामेश्वर उरांव, मुस्लिम समाज से इरफान अंसारी, अगड़ी जाति से दीपिका पांडेय सिंह और ओबीसी से बन्ना गुप्ता को मंत्री बनाया है।

### झामुमो का जातीय समीकरण

- मिथिलेश ठाकुर - ब्राह्मण
- बेबी देवी - कुर्मी
- हफीजुल हसन - मुस्लिम
- दीपक बिरुआ - एसटी
- बैद्यनाथ राम - एससी

# कैबिनेट का फैसला : झारखंड में बनेगा विस्थापन आयोग

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार जल्द ही विस्थापन आयोग का गठन करेगी। कैबिनेट की बैठक में इसका प्रस्ताव रखा गया। सभी विस्थापित लोगों का आर्थिक और सामाजिक सर्वेक्षण भी किया जाएगा। इसके तहत एक डाटा बेस तैयार किया जाएगा, ताकि खनन क्षेत्रों का एक दस्तावेज तैयार किया जा सके। मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण के बाद सोमवार की शाम प्रोजेक्ट भवन में हुई कैबिनेट की बैठक के बाद हेमंत सोरेन ने खुद पत्रकारों को यह जानकारी दी।

इसमें इस बात का पूरा ब्योरा होगा कि झारखंड के लोगों को खनन गतिविधियों की वजह से क्या खोना पड़ता है। क्या उन्हें मिलता है। इसका असर क्या होता है। जल्द ही इसका एक मसौदा तैयार किया जाएगा। खनन की वजह से लोगों को होने वाली परेशानियों को कैसे दूर किया जाए, उसके लिए सरकार नीति बनाएगी।

पत्रकारों ने जब झारखंड के मुख्यमंत्री से यह पूछा कि विस्थापन आयोग की मांग लंबे अरसे से हो रही थी, क्या इसको समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारा जाएगा। इस पर हेमंत सोरेन ने कहा कि जब हमने घोषणा की है, तो इसको धरातल पर उतारनने की जिम्मेदारी भी हमारी है। उन्होंने कहा कि यह पहले ही हो जाना चाहिए था, लेकिन आज हमने यह निर्णय लिया। आप आश्वस्त रहें, जितनी जल्दी हो सकेगा, हम इसको प्राथमिकता के आधार पर करेंगे। प्राथमिकता के आधार पर हमने इस विषय पर कैबिनेट की बैठक में सहमति जताई।

एक सप्ताह से जारी धरना दे रहे सहायक पुलिसकर्मियों के मुद्दे पर जब मुख्यमंत्री से पूछा गया कि उनको क्या संदेश देना चाहेंगे, तो हेमंत सोरेन ने कहा कि अब कोई भी हो, धरना-प्रदर्शन छोड़े। सरकार आपसे बात करने के लिए तैयार है। आपकी समस्याओं का समाधान करने के लिए भी तैयार है। यह तभी होगा, जब लोग मिल-बैठकर बात करेंगे। चर्चा करेंगे। इसके लिए धरना-प्रदर्शन करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारी सराकर के पास नाक, कान, आंख भी है। यह सरकार सुनती भी है, समझती भी है। समस्याओं का समाधान भी करती है।

हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार ने अब तक जितनी भी योजनाएं जनहित में शुरू की, उन सबकी समीक्षा करें। नई नीतियां बनाने से पहले पुरानी घोषणाओं पर विचार करें। समस्याओं के बारे में शिकायतें हमारे पास आती रहतीं हैं। सभी विभाग के मंत्री उन समस्याओं की पूरी जानकारी लें, जो समस्या है, उसका समाधान ढूंढ़ें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम कई बार चलाया। हमने कई बार कहा कि हमारी सरकार प्रोजेक्ट भवन से नहीं, गांवों से चलेगी। इसके लिए कार्ययोजना तैयार है। आने वाले दिनों में काम करने के तरीके कैसे बदलेंगे, इसके बारे में हम आपको समय-समय पर बताते रहेंगे।

## अपनी मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

# विधानसभा के समक्ष सहायक पुलिस कर्मी धरने पर बैठे

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** विधानसभा के समक्ष सहायक पुलिस कर्मी अपनी मांगों को लेकर को धरने पर बैठ गये हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया है। इस सत्र में हेमंत सोरेन विश्वास प्रस्ताव रखेंगे और विश्वास मत हासिल करेंगे। सत्र शुरू होने से पहले सहायक पुलिस कर्मी विधानसभा के परिसर में धरने पर बैठ गये हैं। पुलिस यूनिफॉर्म में होने के कारण धरने पर बैठे सहायक पुलिसकर्मियों को किसी ने परिसर में आने से नहीं रोका। धरने की सूचना मिलते ही ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल पहुंचे और सहायक पुलिसकर्मियों को धरनास्थल पर लौटने को कहा। ग्रामीण एसपी ने सहायक पुलिसकर्मियों को कहा कि धरनास्थल पर लौटे, नहीं तो एफआईआर होगा। साथ ही कहा कि आपकी नौकरी पर खतरा होगा। मौके काफी संख्या में पुलिस बल की जवान तैनात किए गए है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही सिटी एसपी राज कुमार मेहता और सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार भी मौके पर पहुंचे हैं और धरने पर बैठे सहायक पुलिसकर्मियों को समझाने की कोशिश कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि गत दो जुलाई से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मोरहाबादी मैदान में सहायक पुलिसकर्मी धरने पर बैठे हैं।

2300 सहायक पुलिसकर्मी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हैं। बारिश होने के बाद भी सभी धरना स्थल पर डटे हुए हैं। विभिन्न जिलों से आये सहायक पुलिसकर्मियों ने अपने रहने के लिए टेंट भी बना लिया है। धरना के चौथे और पांचवें दिन यानी दो दिनों तक सहायक पुलिसकर्मियों ने काला बिल्ला लगा कर विरोध भी किया था। अब अनिश्चितकालीन धरना पर बैठने से एक दिन पहले यानी एक जुलाई को सहायक पुलिसकर्मी सामूहिक अवकाश पर थे। इसी क्रम में चार जुलाई को सहायक पुलिसकर्मी राज भवन का घेराव करने जा रहे थे रास्ते में ही पुलिस ने उन्हें रोक दिया था। झारखंड सहायक पुलिस प्रदेश एसोसिएशन के सचिव विवेकानंद गुप्ता ने बताया कि 10 अगस्त को उनका अनुबंध समाप्त हो जायेगा। इसके बाद उनका अनुबंध रिनुवल होगा या नहीं, यह भी क्लियर नहीं है।




### 2300 सहायक पुलिसकर्मी, मानदेय मात्र दस हजार

उन्होंने कहा कि 2300 सहायक पुलिसकर्मी पिछले सात साल से मात्र 10 हजार रुपये के मानदेय पर नौकरी कर रहे हैं। इनमें से कई सहायक पुलिसकर्मियों की दूसरी जगह पर नौकरी करने की उम्र भी समाप्त हो गयी है। इससे सहायक पुलिसकर्मी आक्रोशित है। नक्सलियों के संबंध में सूचना देने के लिए सहायक पुलिसकर्मियों की बहाली की गयी थी, लेकिन उनसे पुलिस का सारा काम जैसे विधि-व्यवस्था, ट्रैफिक, थाना ड्यूटी, चुनाव ड्यूटी आदि में लगाया जाने लगा। सहायक पुलिसकर्मियों की बहाली राज्य के 12 जिला गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, दुमका एवं गिरिडीह में हुई थी। वर्तमान में हर जिला में सहायक पुलिसकर्मी कार्यरत हैं।

## विपक्ष मुद्दा विहीन, खिसियानी बिल्ली खंबा नोचे वाली कहावत हो रही चरितार्थ : बन्ना

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड सरकार के मंत्री बन्ना गुप्ता ने विपक्ष पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष मुद्दा विहीन हो गया है, उनके पास अब कोई मुद्दा नहीं बचा है। बन्ना गुप्ता ने कहा, वे लोग (विपक्ष) डरे और सहमे हुए थे। उन लोगों में कोई दम नहीं था, उनके पास कोई मुद्दा नहीं था। वे बिना किसी तैयारी के सदन में आए थे और खिसियानी बिल्ली खंबा नोचे वाली कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं। अपने ही सरकार के खिलाफ तीन बार विश्वास प्रस्ताव लाने पर उन्होंने कहा कि यह चुनी हुई सरकार है। इस सरकार को अपदस्थ करना, अपमानित करना और चोर दरवाजे से राष्ट्रपति शासन लगाने की साजिश रचना, इन सबको जनता ने बेनकाब कर दिया है। हम तीसरी बार विश्वासमत लेकर जनता की सेवा में रहेंगे। मंत्रिमंडल विस्तार और मंत्री पद को लेकर उन्होंने कहा कि पार्टी और पार्टी के कार्यकर्ताओं का जो निर्णय है, वह सबसे ऊपर है। पद देना पार्टी और संगठन का काम है।

## मंत्री हफीजुल हसन के शपथ ग्रहण का तरीका असंवैधानिक : भाजपा




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** हेमंत सोरेन के कैबिनेट में शामिल मंत्री हफीजुल हसन के शपथ ग्रहण के तरीके पर सोमवार को भाजपा ने सवाल उठाया है। इसे लेकर भाजपा राज्यपाल के पास पहुंची और हफीजुल को फिर से शपथ दिलाने की मांग की। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी और भाजपा के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने शपथ ग्रहण समारोह के बाद राजभवन पहुंचकर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णण से मिले और उन्हें ज्ञापन सौंपा। बाउरी और बिरंची ने कहा जिस तरह हफीजुल हसन ने शपथ ग्रहण से पहले धार्मिक पंक्ति से शुरूआत की वह गैर संवैधानिक थी। इसलिए उन्हें फिर से शपथ दिलाया जाए और जबतक उन्हें शपथ नहीं दिलाया जाता तबतक उन्हें मंत्री पद से मुक्त माना जाए। राज्यपाल ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के ज्ञापन पर न्याय संगत कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज | बॉक्स

### सीएम ने विस अध्यक्ष से की मुलाकात



**रांची।** झारखंड विधानसभा स्थित विधानसभा अध्यक्ष के कक्ष में सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो से मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने भेंट कर उनका अभिवादन किया। झारखण्ड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री से मुख्य सचिव एल. खियांग्ते, प्रधान सचिव वंदना दादेल एवं झारखंड विधानसभा के सचिव सैय्यद जावेद हैदर ने भेंट कर उनका अभिवादन एवं स्वागत किया।

### हेमंत के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट गई ईडी



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। ईडी ने हाईकोर्ट के जमानत के आदेश को गैरकानूनी बताते हुए सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की है। ईडी ने कहा है कि हाईकोर्ट की टिप्पणी पक्षपातपूर्ण है। हाईकोर्ट ने कहा था कि हेमंत सोरेन के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है। झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस आर मुखोपाध्याय ने 28 जून को हेमंत सोरेन को जमानत दी थी। कोर्ट ने उन्हें 50-50 हजार रुपये के दो निजी मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया था। बड़गाईं अंचल के 8.66 एकड़ जमीन के घोटाले में हेमंत सोरेन को जमानत पर रिहा करते हुए कोर्ट ने कहा था कि हेमंत सोरेन पर जो जमीन कब्जाने का आरोप लगाया है, उसके संबंध में ईडी अभी तक कोर्ट में एक भी दस्तावेज पेश नहीं कर पाई है।

### पूर्व मंत्री आलमगीर आलम विस सत्र में नहीं हुए शामिल, कोर्ट से ली याचिका वापस



**रांची।** टेंडर कमीशन मामले के आरोपित पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के विधानसभा सत्र में शामिल होने की अनुमति मामले में दायर याचिका पर पीएमएलए कोर्ट से सोमवार को सुनवाई हुई। अदालत ने मामले में ईडी से जवाब मांगा। सुनवाई के दौरान ईडी ने अपना पक्ष रखने के लिए कोर्ट से समय की मांग की। इसके बाद आलम के अधिवक्ता ने विधानसभा में अनुमति की दायर याचिका को वापस ले लिया। आलमगीर आलम विधानसभा के फ्लोर टेस्ट में भी शामिल नहीं हुए। इससे पहले शनिवार को आलमगीर ने विधानसभा सत्र में शामिल होने के लिए अदालत में याचिका दायर की थी। सोमवार को उन्होंने हाई कोर्ट में आवेदन दिया और जल्द सुनवाई की मांग की लेकिन अदालत ने सुनने से इन्कार करते हुए निचली अदालत भेज दिया। ईडी इस मामले में अपना जवाब दाखिल करेगी। उल्लेखनीय है कि विधानसभा का विशेष सत्र आठ जुलाई को आहूत है। विधानसभा के विशेष सत्र में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपना बहुमत साबित कर चुके है। फ्लोर टेस्ट में शामिल होने के लिए आलमगीर आलम ने ईडी कोर्ट से अनुमति मांगी थी। उनकी ओर से दाखिल याचिका में कई आदेश का हवाला दिया गया था।

### क्यों नहीं हो रही प्रोफेशनल लोगों की नियुक्ति : हाईकोर्ट




**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में राजेश कुमार सिंह के द्वारा विद्युत विभाग में इंडियन इलेक्ट्रिसिटी एक्ट के तहत उच्च पदों पर नियुक्ति के लिए दायर जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। अदालत ने बिजली बोर्ड और राज्य सरकार को नोटिस जारी कर मौखिक रूप से पूछा कि विज्ञापन जारी कर कुशल लोगों की नियुक्ति क्यों नहीं की जा रही? आईएएस अधिकारियों व अन्य अफसरों को पदभार देकर क्यों काम चलाया जा रहा है? अदालत अब इस मामले में 24 जुलाई को सुनवाई करेगा। राजेश कुमार ने अपनी जनहित याचिका में मांग की है कि बिजली बोर्ड में उच्च पदों पर प्रोफेशनल लोगों की नियुक्ति इंडियन इलेक्ट्रिसिटी एक्ट के तहत की जानी चाहिए। इस मामले में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच में सुनवाई हुई।

## पृष्ठ एक का शेष

**हेमंत सोरेन सरकार...**

दिया था। इसके बाद उनके मंत्रिमंडल में शामिल रहे चंपई सोरेन ने 2 फरवरी को सीएम की कुर्सी संभाली थी। 28 जून को हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद हेमंत सोरेन जेल से बाहर आए और उसके छठे दिन ही चंपई सोरेन ने सीएम पद से इस्तीफा दिया। अगले दिन यानि 4 जुलाई को हेमंत सोरेन ने सीएम पद की शपथ ली।

**वे भूल जाते हैं कि हम...**

लेंगे-लूट लेंगे झ्र पर वे भूल जाते हैं कि हम झारखंडी हैं- हमने कभी अंग्रेजों के समक्ष घुटने नहीं टेके तो ये आज के अंग्रेज तानाशाह के सामने हम कभी नहीं झुकेंगे। ना झारखंड झुका है, ना झारखंडी झुकेगा। मुख्यमंत्री ने दूसरे ट्वीट में लिखा है कि मुझे विधानसभा से दूर रखने के लिए भाजपा ने हर षड्यंत्र रचा। उन्हें लगा मुझे झूठा मुकदमा लगा कर जेल भेज कर मेरी आवाज दबा देंगे पर, वो भूल गए कि लोकतंत्र की आत्मा है जनता की आवाज, दबाने की कोशिश में हारेगा हर एक तानाशाह।

**झारखंड में हेमंत कैबिनेट में चंपाई...**

भोक्ता शामिल हैं। हेमंत सोरेन के छोटे भाई बसंत सोरेन और कांग्रेस कोटे के मंत्री बादल पत्रलेख को इस बार ड्राप किया गया है। इस बार तीन नए चेहरों को कैबिनेट में जगह दी गई है। इनमें कांग्रेस कोटे से डॉ. इरफान अंसारी एवं दीपिका पांडेय सिंह और झामुमो कोटे से वैद्यनाथ राम शामिल हैं। इरफान अंसारी को जेल में बंद पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के स्थान पर कैबिनेट में अल्पसंख्यक चेहरे के रूप में जगह दी गई है, जबकि दीपिका पांडेय सिंह को ड्रॉप किए गए मंत्री बादल की जगह रिप्लेस किया गया है। झामुमो कोटे से बसंत सोरेन (हेमंत सोरेन के छोटे भाई) को रिप्लेस कर वैद्यनाथ राम को जगह दी गई है। हेमंत सोरेन ने 4 जुलाई को सीएम के रूप में तीसरी बार शपथ ली थी।

**मॉस्को पहुंचे पीएम मोदी, भारत-रूस...**

शुरूआत हुई, इसके बावजूद भारत-रूस विशेष साझेदारी दुनिया के सामने आने वाली कई भू-राजनीतिक चुनौतियों के मद्देनजर मजबूत बनी हुई है। नई दिल्ली ने मॉस्को के साथ एक स्थिर संबंध बनाए रखा है, जबकि पीएम मोदी ने बार-बार जोर देकर कहा है कि मानव जीवन की कीमत पर कभी भी कोई समाधान नहीं निकाला जा सकता और शत्रुता और हिंसा का बढ़ना किसी के हित में नहीं है। रूस के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी के सम्मान में एक निजी रात्रिभोज का आयोजन किया है। इस दौरान दोनों नेता आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के कई मुद्दों पर चर्चा कर सकते हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

" Smiles & More"

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


ब्रीफ न्यूज

## डेट्रॉयट में एक पार्टी में गोलीबारी में दो लोगों की मौत, 19 हुए घायल



**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका के डेट्रॉइट में एक ब्लॉक पार्टी में गोलीबारी के बाद दो लोगों की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए। मिशिगन स्टेट पुलिस ने बताया कि सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। मिशिगन स्टेट पुलिस गहन जांच करने में डेट्रॉइट पुलिस विभाग की मदद कर रही है। पुलिस का कहना है कि घटना के संबंध में किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

## नेतन्याहू ने गाजा में युद्ध विराम समझौते के लिए रखी पांच शर्तें

**यरूशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि वह हमास के साथ युद्ध विराम समझौते पर तभी सहमत होंगे, जब इजरायली बंधकों की रिहाई के बाद गाजा में सैन्य अभियान फिर से शुरू करने की अनुमति मिलेगी। काहिरा में वार्ता की तैयारी कर रहे हैं। इस बीच, नेतन्याहू ने रविवार को नौ महीने से चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए अपनी पांच शर्तें रखीं। उन्होंने जोर देकर कहा कि समझौते को लागू करने में इजरायल को गाजा में अपना अभियान जारी रखने की अनुमति मिलनी चाहिए।

## कराची में आतंकवादी हमले में एक सीटीडी अधिकारी की हुई मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिणी बंदरगाह शहर कराची में हुए एक आतंकवादी हमले में आतंकवाद निरोधी विभाग (सीटीडी) के एक अधिकारी की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सीटीडी के उप महानिरीक्षक आसिफ एजाज शेख ने रविवार को प्रेस को बताया कि सीटीडी का एक वरिष्ठ अधिकारी कराची के करीमाबाद इलाके में अपने दोस्त से मिलने गया था, इस दौरान मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात आतंकवादियों ने उन पर गोलियां चला दी।

## मोदी के सम्मान में तिरंगे के रंग में रंगा मॉस्को का ओस्टैंकिनो टावर


**मॉस्को।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को रूस की राजधानी मॉस्को पहुंचे। जहां एयरपोर्ट पर पीएम मोदी का शानदार तरीके से स्वागत किया गया। इस दौरान उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पीएम मोदी का स्वागत करने के लिए रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव पहुंचे।

### पेपर सोशल मीडिया से वायरल हुआ है,तो फिर परीक्षा का आदेश देना होगा

# नीट यूजी 2024 पेपर लीक मामले में गोपनीयता भंग हुई है : एससी

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को नीट मामले की सुनवाई करते हुए केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) को पांच मई को हुई परीक्षा में गलत लाभार्थियों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा। कोर्ट ने यह भी कहा कि पेपर लीक के आरोपों से इनकार करना समस्या को और बढ़ाने वाला है। परीक्षा को पूरी तरह से दोबारा आयोजित करने के संबंध में विचार करने के लिए सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने एनटीए को पेपर लीक की प्रकृति, लीक होने वाले स्थानों और लीक होने व परीक्षा आयोजित होने के बीच के समय के बारे में सर्वोच्च न्यायालय को पूरी जानकारी देने को कहा। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। पीठ ने सीबीआई (केंद्रीय जांच ब्यूरो) से जांच की स्थिति और जांच के दौरान एकत्रित सामग्री के संबंध में एक स्टेटस रिपोर्ट पेश करने को कहा। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा, जांच के दौरान एकत्रित सामग्री को जांच अधिकारी को तब पेश करना चाहिए, जब लीक होने का आरोप लगाया गया था और जब लीक हुआ प्रश्नपत्र उपलब्ध कराया गया था। इसके अलावा, सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि यदि संभव हो, तो धांधली के लाभार्थियों की पहचान करने के लिए टेक्नोलॉजी और कानून का उपयोग किया जाए, ताकि 23 लाख छात्रों को दोबारा परीक्षा देने की आवश्यकता न पड़े। मामले की अगली सुनवाई 11 जुलाई को होगी। पिछले सप्ताह सर्वोच्च अदालत के समक्ष पेश प्रारंभिक हलफनामे में, केंद्र ने नीट-यूजी परीक्षा को रद्द करने का विरोध करते हुए कहा कि पूरी परीक्षा को रद्द करने से लाखों ईमानदार छात्रों को नुकसान होगा।



पेपर लीक के आरोपों से इनकार करना समस्या को और बढ़ाने वाला

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा पेश हलफनामे में कहा गया है, अखिल भारतीय परीक्षा में गोपनीयता के बड़े पैमाने पर उल्लंघन के किसी सबूत के अभाव में, पूरी परीक्षा और पहले से घोषित परिणामों को रद्द करना तर्कसंगत नहीं होगा।

## बंगाल को इस्लामी राज्य की ओर बढ़ा रही हैं ममता

एजेंसी

**कोलकाता ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और पार्टी की आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने सोमवार को एक बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अलिया विश्वविद्यालय के माध्यम से बंगाल को इस्लामी राज्य बनाने की दिशा में कदम बढ़ा रही हैं। मालवीय ने विश्वविद्यालय की ओर से जारी निर्देशिका की दो तस्वीरों को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा कि अलिया विश्वविद्यालय ने हाल ही में तकनीकी सहायक पद के लिए 'इस्लामी संस्कृति' की जानकारी रखने वालों का आवेदन मांगा है, जो कि भारतीय संविधान के विपरीत है।

मालवीय ने कहा है कि इस विश्वविद्यालय में अनुसूचित जाति/जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण के नियमों को भी ताक पर रख दिया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय और जामिया मिल्लिया इस्लामिया से अनुसूचित जाति/जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण हटा दिया था। बंगाल में भी वही हो रहा है। मालवीय ने कहा कि अब सभी 'अल्पसंख्यक' संस्थाओं से अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए संविधान से निर्धारित आरक्षण खत्म हो गई है।



- अलिया विश्वविद्यालय ने हाल ही में तकनीकी सहायक पद के लिए 'इस्लामी संस्कृति' की जानकारी रखने वालों का आवेदन मांगा है, जो कि भारतीय संविधान के विपरीत है।

## कठुआ में सेना के वाहन पर आतंकी हमला, दो जवान घायल

एजेंसी

**कठुआ।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले की पहाड़ी तहसील बिलावर के लोहाई मल्हार ब्लॉक में सोमवार को आतंकियों ने सेना के वाहन को निशाना बनाकर हमला किया है। जिसमें सेना के दो जवानों के घायल होने की सूचना है। सेना की जवाबी कार्रवाई के साथ मुठभेड़ शुरू हो गई है। सुरक्षाबलों की अतिरिक्त टीमें मौके पर पहुंची हैं। जानकारी के अनुसार कठुआ जिले के मछेड़ी इलाके में सोमवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी में सेना के दो जवान घायल हो गए।

अधिकारियों ने बताया कि मछेड़ी इलाके में सेना के एक दल पर आतंकियों ने गोलीबारी की, जिसके जवाब में गोलीबारी शुरू हो गई। गोलीबारी के दौरान सेना के दो जवान घायल हो गए, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों जवानों की हालत स्थिर बताई जा रही है। वहीं, सुरक्षाबलों की अतिरिक्त टीमें भी मौके पर पहुंची हैं और बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है।

## एससी की सुनवाई में बनियान पहने आ गया शख्स

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय में एक मामले में आन लाइन सुनवाई के दौरान कोर्ट 11 में एक व्यक्ति वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बनियान पहने ही सुनवाई में शामिल हो गया। मामले की सुनवाई कर रही जस्टिस नागरत्ना की जब उस पर निगाह पड़ी तो वह नाराज़ हो गईं। होना ही था। उन्होंने तुरंत पूछा कि आखिर यह कौन है, जो बनियान में दिखाई दे रहा है। इसके बाद जस्टिस दत्ता ने भी पूछा कि क्या वह कोई पार्टी है या फिर ऐसा ही है? जस्टिस नागरत्ना का गुस्सा यहीं नहीं रुका। उन्होंने तुरंत कहा कि उसे बाहर फेंको, हटाओ उसे। यह कैसे किया जा सकता है? उन्होंने कोर्ट मास्टर से कहा कि प्लीज इस शख्स को हटाओ। वैसे ऐसा नहीं है कि इस तरह का मामला पहली बार आया है, जब शीर्ष अदालत के जजों का गुस्सा फूटा हो।

इससे पहले भी कई बार ऐसे नमूने सामने आ चुके हैं, जिनकी वजह से अदालत का समय खराब हुआ। एक बार इस तरह का मामला सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने भी आया था। तब चंद्रचूड़ सीजेआई नहीं बने थे। साल 2020 में ही सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के दौरान जस्टिस चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने एक वकील बिना शर्ट पहने स्क्रीन पर दिखाई दिया था। इस पर जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने उसे टोकते हुए कहा था, 'मुझे किसी के साथ सख्ती बरतना पसंद नहीं है, लेकि सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई में बनियान पहने आ गया न आप स्क्रीन पर हैं। आपको सावधान रहना होगा।' वहीं, उसी साल जून महीने में एक वकील बिस्तर पर लेटे हुए टीशर्ट पहनकर सुप्रीम कोर्ट की वर्चुअल सुनवाई में पेश हो गया था। इस मामले में भी जज की नाराजगी देखी गई थी। तब जस्टिस एल नागेश्वर और जस्टिस हेमंत गुप्ता की बेंच ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा था कि यह कैसा व्यवहार है? वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सुनवाई होते हुए सात से आठ महीने हो चुके हैं, लेकिन फिर भी ऐसी चीजें हो रही हैं। गौरतलब है कि साल 2020 में कोरोना महामारी की वजह से अदालत का कामकाज भी प्रभावित हुआ था। तब लंबे समय तक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ही सुनवाई होती थी।


## एजुकेशन/करियर

**रजनीश ।** एक मरीन इंजीनियर एक प्रकार का मैकेनिकल इंजीनियर होता है, जो जहाजों, नावों, पनडुब्बियों और अन्य जलयानों को डिजाइन करता है। वे समुद्री यात्रा और अन्य समुद्री गतिविधियों से संबंधित अन्य संरचनाएं, मशीनें और तकनीकी उपकरण भी बनाते हैं। मरीन इंजीनियर फ्लूइड मैकेनिक्स, हाइड्रोलिक्स और अन्य कॉन्सेप्ट्स की अपनी जटिल समझ के जरिए इच्छित उद्देश्यों के आधार पर टिकाऊ जल जहाजों की डिजाइनिंग और निर्माण का कार्य करते हैं। वे एक जहाज को उसके डेस्टीनेशन तक सफलतापूर्वक गाइड करने और पानी में बाधाओं को दूर करने के लिए विद्युत, स्टीयरिंग, जलवायु नियंत्रण, रडार और इंजन सिस्टम को मिलाते हैं। मरीन इंजीनियर यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार हैं कि अन्य समुद्री और नौसैनिक प्रोफेशनल्स अपने कार्यों को सुरक्षित रुप से पूरा कर सकें, चाहे वे बड़े जहाजों या फिर डॉक पर काम करें। वे उन सभी कारकों का आकलन करते हैं जो जलीय पर्यावरण को प्रभावित करते हैं और पानी में और उसके आसपास संचालन के लिए समाधान विकसित करते हैं। मरीन इंजीनियर जो मशीनें बनाते हैं, वे यात्रा, समुद्र संरक्षण, संसाधन जुटाने और यहां तक कि सैन्य खुफिया अभियानों (military intelligence missions) में भी उपयोग में लाए जाते हैं।

# जानिए कैसे मरीन इंजीनियरिंग में बनाए करियर


### मरीन इंजीनियर के कार्य

- एक नए जहाज के फिजिकल एस्पेक्ट और इंटरनल लेआउट को चित्रित करना।
- ऑपरेशनल गोल्स को प्राप्त करने के लिए आवश्यक उपकरणों और सप्लीमेंट मशीनों के प्रकार का निर्धारण करना।
- जहाज के डिजाइन लीगल रेगुलेशन का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एनवायरमेंटल इंपैक्ट असेसमेंट की योजना बनाना।
- समुद्री यात्रा की अवधि के लिए पर्याप्त ऊर्जा या ईंधन के साथ जहाज की आपूर्ति करने की योजना बनाना।
- नियंत्रित वातावरण में वाटर पॉट कंपोनेंट्स की टेस्टिंग करना और एडजस्टमेंट करना।
- समुद्री उपकरणों के निर्माण के लिए उपयुक्त सामग्री और निर्माण तकनीकों का चयन करना।
- एमरजेंसी रिपेयर ट्रबलशूटिंग के लिए इंस्टालेशन इंस्ट्रक्शन और टेक्निकल मैनुअल लिखना।
- एक प्रारंभिक प्रोजेक्ट और किसी भी चल रहे रखरखाव की लागत का अनुमान लगाना।
- जहाज के सभी हिस्सों में स्टेबिलिटी और ड्यूरेबिलिटी सुनिश्चित करने के लिए ठेकेदारों को सुपरवाइज करना।
- जहाज की गति, उछाल और अन्य प्रमुख मेट्रिक्स पर डेटा एकत्र करना और उसकी एनालिसिस करना।
- निर्माण प्रक्रिया में प्रत्येक चरण को पूरा करने के लिए एक प्रोग्राम तैयार करना और समय सीमा को पूरा करने के लिए संचालन की निगरानी करना।



### मरीन इंजीनियर बनने के लिए आवश्यक कौशल

- **रचनात्मकताः** मरीन इंजीनियर स्पेसिफिक ऑपरेटिंग आवश्यकताओं को पूरा करने वाले कार्यात्मक जहाज डिजाइन और उपकरण विकसित करने के लिए रचनात्मकता का उपयोग करते हैं। अतः मरीन इंजीनियर बनने के इच्छुक छात्रों को क्रिएटिव अर्थात् रचनात्मक होने की आवश्यकता होती है।
- **प्रॉब्लम सॉल्विंगः** टेस्टिंग और ट्रबलशूटिंग एक मरीन इंजीनियर की नौकरी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसके लिए उन्हें उन्नत प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स की आवश्यकता होती है।
- **गणितीय क्षमताः** गणितीय समीकरणों को जल्दी से हल करने और एक डिजाइन के लिए सही अनुपात निर्धारित करने में सक्षम होने से मरीन इंजीनियरों को संरचनात्मक रूप से जहाजों को विकसित करने में मदद मिलती है।
- **संगठनः** एक प्रोजेक्ट के दौरान, मरीन इंजीनियरों को पूरी तरह से काम करने वाले जहाज के विकास में शामिल प्रत्येक घटक और पहलू को व्यवस्थित और समन्वयित करना होता है।
- **संचारः** मरीन इंजीनियर अन्य इंजीनियरों, डिजाइनरों, निर्माण पेशेवरों और ग्राहकों के साथ मिलकर काम करते हैं। इसके लिए उन्हें उत्कृष्ट कम्युनिकेटर होने की आवश्यकता है।



### मरीन इंजीनियर बनने के लिए शारीरिक योग्यता

**आयु**

- आवेदन करता की आयु न्यूनतम आयु 17 वर्ष होनी चाहिए और अधिकतम आयु 25 वर्ष होनी चाहिए।
- अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आयु सीमा में 5 साल की छूट प्राप्त है

**पुरुष**

- उम्मीदवार की लम्बाई 150 सेमी होनी चाहिए।
- आंखों में किसी प्रकार का रोग नहीं होना चाहिए और न ही कलर ब्लाइंडनेस होना चाहिए।
- उम्मीदवार की आंखों की दृष्टि 6/6 और 6/9 होनी चाहिए।

**महिला**

- उम्मीदवार की लम्बाई 150 सेमी होनी चाहिए।
- आंखों में किसी प्रकार का रोग नहीं होना चाहिए और न ही कलर ब्लाइंडनेस होना चाहिए।
- उम्मीदवार की आंखों की दृष्टि 6/6 और 6/9 होनी चाहिए।

### भारत के टॉप विश्वविद्यालय

- आंध्र यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, विशाखापत्तनम
- एनआईटी सुरथकल – नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कर्नाटक
- इंस्टीट्यूशंस ऑफ इंजीनियर्स इंडिया, कोलकाता
- सीवी रमन ग्लोबल यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर
- वेल्स विश्वविद्यालय – वेल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस टेक्नोलॉजी एंड एडवांस्ड स्टडीज
- श्रीनिवास इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैंगलोर
- मरीन इंजीनियरिंग और रिसर्च इंस्टिट्यूट, कोलकाता
- शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापुरी
- इंडियन मैरीटाइम यूनिवर्सिटी, चेन्नई
- पार्क कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, कोयंबटूर
- समुंद्रा इंस्टिट्यूट ऑफ मैरीटाइम स्टडीज, पुणे
- जीकेएम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, चेन्नई